नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14

अंक : 12

सोमवार, 22 से 28 अप्रैल 2024

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

चुनाव आयोग ने लगाई आप के सांग पर रोक : आप 03

मतदाता मोदी को क्यों नहीं मानते दोषी? 08

# NCR समाचार

गैरी कर्स्टन सफेद बॉल के और गिलेस्पी पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त 10

जानलेवा बैक्टीरिया एमआरएसए 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

इटली के मिलान में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं सुहाना खान 12

## कर्नाटक में अंतर्कलह से जूझ रही है कांग्रेस: मोदी

एनसीआर समाचार

**दावणगेरे (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है।

श्री मोदी ने कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच आंतरिक कलह के बारे में लोगों को आगाह करते हुए कहा कि जल्द ही यह झगड़ा सार्वजनिक हो जाएगा और प्रत्येक समूह संभावित चुनावी हार के लिए दूसरे को दोषी ठहराएगा।

उन्होंने कहा, "अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के विभिन्न गुटों में चल रही आंतरिक लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट हार के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते नजर आएंगे।"

उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में पार्टी के महत्वपूर्ण लाभ हासिल करने की संभावना कम है। उन्होंने दावणगेरे में देखे गए भारी जन समर्थन का हवाला देते हुए संकेत दिया कि कर्नाटक के मतदाता कांग्रेस को उसकी कथित कमियों के लिए जिम्मेदार ठहराएंगे।

उन्होंने कहा, "इस बार उनकी (कांग्रेस की) दिल्ली में खाता खोलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे में यह भारी जनसमर्थन दिखाता है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सजा देगी।"

श्री मोदी ने पांच वर्षों में अपने सहयोगियों के बीच प्रधानमंत्री पद को घुमाने के इंडिया समूह के प्रस्ताव की व्यवहार्यता और लाभों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय शासन पर ऐसी योजना के संभावित प्रभावों के बारे में चिंता जताई और सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में दीर्घकालिक रूप से देश के हितों की सेवा करेगा।

उन्होंने कहा, "मैंने सुना है कि इंडिया समूह एक नया फॉमूर्ला लेकर आया है। पांच साल में सभी सहयोगियों के किसी एक नेता को एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। यानी एक साल में एक प्रधानमंत्री, दूसरे साल में दूसरा प्रधानमंत्री, तीसरे साल में तीसरा प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। ऐसे में क्या देश को फायदा होगा, क्या आपको या आपके बच्चों को फायदा होगा?

इस दौरान उन्होंने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दृष्टिकोण और राज्य में कांग्रेस प्रशासन के दृष्टिकोण की तुलना की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के उदेश्य के साथ निरंतर प्रयासों के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और कांग्रेस पर कथित निराशाजनक कार्य संस्कृति के साथ कर्नाटक की प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया।

श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय की हालिया फटकार का हवाला देते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के बारे में निराधार अफवाहें फैलाने की कांग्रेस पार्टी की कथित कोशिशों की भी निंदा की। उन्होंने इन कार्रवाइयों को राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए हानिकारक बताया और भारत की चुनावी प्रक्रियाओं की अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया।



### मोदी ने नेहा हत्याकांड के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

**बेलगावी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के बेलगावी में एमसीए की छात्रा नेहा हिरेमत की हत्या के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और राज्य में सत्तारूढ़ इस पार्टी की कानून -व्यवस्था बनाए रखने में विफलता के लिए कड़ी आलोचना की।

श्री मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेलगावी, चिक्कोडी और हुबली की घटनाओं का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के कल्याण पर तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए कॉलेज परिसर में हुए क्रूर हत्याकांड जैसे मामलों से भी कड़ाई से नहीं निपटने पर पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की।

श्री मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार आने से पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गयी है। यहां बेलगावी में एक आदिवासी बहन के साथ और चिक्कोडी में एक जैन साधु के साथ जो हुआ, वह शर्मनाक है।"

श्री मोदी ने यहां एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'हुबली के एक कॉलेज परिसर में हमारी बेटी नेहा के साथ जो हुआ, उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। उसका परिवार कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का दबाव हावी रहा। उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी करने और चुनावी उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के साथ जुड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट की घटना के बाद उचित कार्रवाई करने में कांग्रेस की कथित विफलता का हवाला देते हुए सुरक्षा मुद्दों से निपटने में गंभीरता की कमी की ओर संकेत दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर केवल चुनावी लाभ के लिए पीएफआई जैसे राष्ट्र-विरोधी संगठन का बचाव करने का आरोप लगाया, विशेष रूप से केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में जहां से श्री राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब बेंगलुरु के एक कैफे में बम विस्फोट हुआ, तो कांग्रेस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने वोट के लिए पीएफआई का इस्तेमाल किया, जो आतंकवाद को आश्रय देने वाला एक राष्ट्र विरोधी संगठन है और जिस पर मोदी सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

## दिल्ली में आप के साथ गठबंधन से नाराज लवली का इस्तीफा

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश के प्रभारी महासचिव पर मनमानी करने तथा दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ चुनावी गठबंधन के विरोध में अपने पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि श्री लवली का इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल गया है लेकिन त्यागपत्र को अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उसमें लिखे बिंदुओं पर गौर किया जा रहा है।

श्री लवली ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को भेजा है और उनका आभार जताया है कि उन्होंने गत वर्ष अगस्त में उन्हें फिर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नेतृत्व सौंपा था। पत्र में उन्होंने लिखा कि पिछले 7-8 महीने के दौरान उन्होंने दिल्ली के सभी सात लोकसभा संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया और नाराज कार्यकताओं तथा पार्टी छोड़ चुके कई कांग्रेसी नेताओं को फिर पार्टी में शामिल कर कांग्रेस को दिल्ली में मजबूत करने का काम किया लेकिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मनमानी से दिल्ली को लेकर फैसले लिए जिसके विरोध में वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा है कि दिल्ली कांग्रेस उस आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस के विरुद्ध झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर गठित हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन किया है। पार्टी नेतृत्व की इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता खुश नहीं है इसलिए उन्होंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है।

श्री लवली ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पार्टी के कार्यकताओं की नाराजगी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर बैठक हो रही थी तो प्रदेश कार्यालय के बाहर दिल्ली के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने गठबंधन को लेकर पार्टी नेतृत्व के फैसले को स्वीकार किया है। उन्होंने दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रभारी महासचिव की मनमानी ज्यादा ही बढ़ गई है इसलिए वह पद छोड़ रहे हैं। श्री लवली के मुताबिक उन पर श्री बाबरिया के खिलाफ रहने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर करने का भारी दबाव है। श्री लवली ने लिखा, यह पत्र में बहुत भारी मन से लिख रहा हूं। मैं पार्टी में खुद को एकदम लाचार महसूस कर रहा हूँ इसलिए अब दिल्ली के अध्यक्ष पद पर बना नहीं रह सकता। दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सर्वसम्मत सभी फैसलों पर भी दिल्ली के प्रभारी रोक लगा देते हैं। जब से मुझे दिल्ली का पार्टी चीफ बनाया गया है तब से मुझे किसी को भी सीनियर पद पर नियुक्त करने की अनुमति नहीं है। श्री लवली यही नहीं रुके और उन्होंने पत्र में आगे लिखा, मैंने एक अनुभवी नेता को मीडिया प्रभारी नियुक्ति का अनुरोध किया लेकिन प्रभारी ने इसे भी खारिज कर दिया। हालात यह हैं कि दिल्ली प्रभारी ने अब तक ब्लॉक प्रभारी नियुक्त करने की अनुमति भी नहीं दी है जिसकी वजह से अब तक दिल्ली के 150 ब्लॉक में प्रभारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे तीन पेज की पत्र में श्री लवली ने कई फैसलों पर अप्पत्ति जताते हुए कहा है कि इन सब परिस्थितियों के बीच वह पद पर बने नहीं रह सकते हैं।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश मोदी डर फैला रहे हैं: कांग्रेस

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 'सफाया' होने के बाद 'हताशा' में 'डर फैलाने' का काम कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कर्नाटक में मोदी की रैली से पहले उनसे कुछ सवाल किए। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश प्रधानमंत्री आज कर्नाटक में कई रैलियां कर रहे हैं। कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका उन्हें झूठ बोलने और डर फैलाने के बजाय जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'जन प्रतिनिधियों के रूप में भाजपा सांसदों का प्रदर्शन इतना खराब क्यों रहा है? केंद्र ने सात महीने की देरी के बाद सूखा राहत निधि की 20 प्रतिशत से भी कम राशि क्यों जारी की? केंद्र 'अपर भद्रा' और महादयी परियोजनाओं को क्यों रोक रहा है?



रमेश ने संसदीय अनुसंधान सेवा (पीआरएस) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कर्नाटक से भाजपा सांसदों ने अपनी जिम्मेदारियों की घोर उपेक्षा की है और उन्होंने अपने मतदाताओं की सेवा करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा, 'संसद में राष्ट्रीय औसत उपस्थिति 79 प्रतिशत रही लेकिन कर्नाटक के 28 सांसदों की औसत उपस्थिति इससे भी कम 71 प्रतिशत रही। समीक्षा से पता चला कि इनमें से 26 सांसदों ने मनरेगा निधि , सूखा और बाढ़ राहत सहायता और केंद्र द्वारा पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के लिए चावल के अतिरिक्त आवंटन से इनकार करने जैसे कर्नाटक के मुद्दों को कभी नहीं उठाया।

रमेश ने कहा कि सभी बहसों के प्रतिलेखों का विश्लेषण करने पर पीआरएस ने पाया कि बहुत कम सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए नीतियां या कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, तीन सांसदों ने पांच साल में एक भी सवाल नहीं पूछा और पांच सांसदों ने एक भी बहस में हिस्सा नहीं लिया, जबकि अधिकतर सांसदों की राज्य की उपेक्षा करने के लिए आलोचना की गई, सात सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में केवल आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के असंवैधानिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया।

## राहुल गांधी ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल

एनसीआर समाचार

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। श्री गांधी ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने श्री पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओडिशा में सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री पटनायक दोनों कुछ चुनिंदा लोगों के लिए क्रमशः केंद्र और ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। जहां श्री मोदी दिल्ली से करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं पटनायक सरकार ओडिशा के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।



श्री गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजद) आपस में साझेदारी कर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ओडिशा के लोगों को 'पान' (इसे पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक के रूप में समझाते हुए) दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा सरकार ने खनन घोटाला और भूमि कब्जा योजना जैसे विभिन्न घोटालों के माध्यम से करोड़ों रुपये लूटे हैं। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लूटे गए पैसे को लोगों को वापस करने का वादा किया। श्री गांधी ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के वेतन को दोगुना करने के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और सरकारी कार्यालयों में एक लाख शिक्षित युवाओं को नौकरी देने के लिए 'पहली नौकरी पक्की' योजना शुरू करने का वादा किया। उन्होंने मनरेगा के तहत श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाकर 400 रुपये करने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने का भी वादी किया। उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का भी वादा किया।

## तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता: अमित शाह

एनसीआर समाचार

**मैनपुरी/उत्तर प्रदेश।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा।

यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी। मोदी सरकार में सड़कों,हवाई अड्ढ़ों, मेडीकल कालेजों के निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है,पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी,अब गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं।



श्री शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर सिद्ध कर दिया है कि सपा पार्टी परिवारवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी खुद को यादवों का हमदर्द बताती है, लेकिन चुनाव के समय कोई और यादव नहीं मिलता, तब कुनवा नजर आता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है परिवार वादी पार्टी को खत्म कर कमल खिलाने का।

अखिलेश यादव खुद कन्नौज से लड़ रहे हैं और मैनपुरी से उनकी पत्नी, फिरोजाबाद, आजमगढ़ व बदायूँ से उनके चाचा, ताऊ के लड़के चुनाव लड़ रहे हैं।मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। पहले और दूसरे चरण में बीजेपी के पक्ष में लहर चली और 100 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी विजयी हो रहे हैं। विरोधियों का तीसरे चरण में भी खाता नहीं खुलेगा।

अखिलेश और डिम्पल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब उनको राममंदिर के उद्घाटन समारोह का आमंत्रण दिया गया तो वह किसके डर से नहीं गए। वोट बैंक खिसकने के डर से वह राममंदिर नहीं गए। भाजपा ने अयोध्या में ही राममंदिर बनवाया। धारा 370 समाप्त की। राहुल बाबा अखिलेश के खास दोस्त हैं। उन्होंने कहा 370 हटी तो खून की नदियां बहेंगी। एक कंकड़ भी नहीं चला।

उन्होंने अपने भाषण में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उत्तरप्रदेश में दो शहजादे मोदी जी के खिलाफ अनर्गल प्रचार कर रहे हैं,जबकि कांग्रेस शासित प्रदेशों में ओबीसी का कोटा काटकर अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया गया। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि वह किसी को ओबीसी और एस. सी का कोटा नहीं काटने देंगे।बीजेपी हमेशा आरक्षण की समर्थक रही है।

राहुल बाबा के इस झूठ को जनता समझ गयी है और वह उनके बहकावे में नहीं आयेगी।

श्री शाह ने जनता से पूछा कि वह राममंदिर बनाने वालों का समर्थन करेगी या निहत्थे रामभक्तों पर गोली चलवाने वालो का। इस सवाल पर भीड़ ने जय श्री राम के नारों से अमित शाह को अपनी मंशा बता दी।


मैनपुरी को समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है और बीजेपी का प्रत्याशी कभी भी इस सीट पर विजयी नहीं हुआ,ऐसे में मैनपुरी के किशनी में भाजपा के चाणक्य अमित शाह की पहली बार हुई रैली से जातीय समीकरण साधने की कोशिश हुई है। बाबू कल्याण सिंह के नाम के सहारे अमित शाह ने लोध वोटों को बीजेपी के पक्ष में लामबंद किया।मैनपुरी में अमित शाह की रैली से चुनावी तापमान बढ़ गया है और बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने की अपील से लोगों में जोश भर गया और मैनपुरी का चुनाव बहुत रोमांचक होता जा रहा है।

मैनपुरी में रविवार की हुई अमित शाह की रैली में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित कई पार्टी नेता मौजूद रहे। प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री व भोगाँव से बीजेपी विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने भी चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

## अब भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है : राजनाथ

एनसीआर समाचार

**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद भाजपा ने अपना हर वायदे को पूरा किया है।



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आये दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। आज कहीं पर भी आतंकवादियों को आतंकी हरकत करने की हिम्मत नहीं करते। जिस शक्ति से भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है।

एनसीआर समचार,
साप्ताहिक समाचार पत्र में
विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
### आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# धार्मिक तुष्टिकरण की ओर बढ़ रही है कांग्रेस: मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए आमजन से मांगा समर्थन

- 4 जून के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का विकास पहले से ज्यादा तेज गति से होगा

एनसीआर समाचार




**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुरैना के पुलिस परेड मैदान में आयोजित भाजपा की सभा में विरासत टैक्स व धार्मिक तुष्टिकरण के मुद्दे पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। करीब पौन घंटे के अपने भाषण में मोदी कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी हमलावर हुए। इस दौरान उन्होंने मंच से आमजन से देश हित में भाजपा का समर्थन करने की अपील की। जनसभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री और गुना प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुरैना प्रत्याशी शिव मंगल सिंह तोमर, भिंड प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय और ग्वालियर प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह मंच पर उपस्थित रहे।

कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुरैना ने हमेशा उन्ही लोगों का साथ दिया है, जिनके लिए राष्ट्र प्रथम है। मध्यप्रदेश की जनता जानती है कि समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो फिर उस समस्या से दूर रहने में ही भलाई होती है और जनता ये भी जानती है कि कांग्रेस ऐसी ही बहुत बड़ी समस्या है जो कि विकास विरोधी है। चम्बल के लोग कांग्रेस के कुशासन का वह दौर नहीं भूल सकते हैं, जब कांग्रेस ने चम्बल की पहचान खराब कानून व्यवस्था वाले क्षेत्र के तौर पर बना दी थी। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने कांग्रेस द्वारा बनाए गए गड्ढों को भरने के बाद मध्यप्रदेश को नई पहचान दिलाई है।

उन्होने कहा, भाजपा सरकार में चम्बल, काली सिंध, पार्वती लिंक परियोजना से सिंचाई की समस्या दूर होगी। पानी की समस्या को खत्म करने के लिए मुन्दरी बांध जैसे प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। करीब 2.5 हजार करोड़ रुपए की लागत से बना ग्वालियर-श्योपुर रेलवे ट्रैक जैसे आधुनिक आधारभूत संरचना के कार्यों से इस क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। यहां लेदर पार्क भी विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की देखरेख में ग्वालियर भी मजबूत हो रहा है।

मोदी ने कहा, भाजपा सरकार में हुए विकास को भिंड, मुरैना, ग्वालियर के लोग और ज्यादा अनुभव कर रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस का वह काला दौर देखा है। 4 जून के बाद मध्यप्रदेश के तेजतर्रार मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का विकास पहले से ज्यादा तेज गति से होगा। देश के सैन्य शक्तियों को कमजोर करने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है लेकिन कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है। कांग्रेस की नीति है कि जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, मेहनत करे, समर्पण करे उसे सबसे पीछे रखा जाता है। इसलिए कांग्रेस ने कई वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही वन रैंक वन पेंशन को लागू किया गया और सीमा पर खड़े जवान को सम्मान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासन में वीर जवानों के हाथ बंधे हुए थे लेकिन भाजपा ने सैनिकों को ईंट का जवाब पत्थर से देने की अनुमति और दुश्मनों को मुहतोड़ जवाब दिया जाता है। देश में लाखों स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं की मदद कर रहे हैं।

धर्म के आधार पर देश को बांटने के लिए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन किया था। मां भारती के हाथों की जंजीरें काटने की जगह कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी थी। कांग्रेस ने देश के टुकड़े कर दिए थे। कांग्रेस को लगता है कि यही उसके फायदे का रास्ता है और आज एक बार फिर कांग्रेस सत्ता की कुर्सी के लिए छटपटा रही है। कांग्रेस कुर्सी पाने के लिए भांति-भांति के खेल रच रही है। कांग्रेस देश के करोड़ों नागरिकों की आंखों में धूल झोंक कर सत्ता हथियाने के लिए जनता के भविष्य को बर्बाद करने पर तुली हुई है। कांग्रेस फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रही है। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में समुदाय विशेष को ओबीसी घोषित कर दिया और कांग्रेस ने ओबीसी समुदायों के हक को छीन कर एक वर्ग विशेष को दे दिया।

धार्मिक आधार पर आरक्षण देने की राजनीतिक साजिश करने के लिए कांग्रेस कि आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अंबेडकर ने धर्म आधारित आरक्षण को सिरे से नकार दिया था, लेकिन कांग्रेस ने कर्नाटक में धोखे से एक वर्ग विशेष को आरक्षण दे दिया। वोट बैंक और तुष्टीकरण में डूबी कांग्रेस कर्नाटक के इसी मॉडल को पूरे देश में लागू करना चाहती है। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक छीनने का षड्यंत्र लंबे समय से रच रही है। कांग्रेस ने 19 दिसंबर 2011 को अपनी केन्द्र सरकार के दौरान सदन में ओबीसी समुदाय के 27 प्रतिशत आरक्षण का एक हिस्सा काटकर धार्मिक आधार पर एक धर्म विशेष को देने का एक प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 22 दिसंबर 2011 को इसका आदेश भी दे दिया, लेकिन बाद में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सरकार के इस आदेश को रद्द कर दिया।

उन्होंने कहा कि इसके बाद कांग्रेस उच्चतम न्यायालय गई, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली।बाद में कांग्रेस ने 2014 के अपने घोषणापत्र में धार्मिक आरक्षण के लिए कानून बनाने का वादा किया। लेकिन 2014 में दलित, ओबीसी और आदिवासी समाज ने एकजुटता से इसका विरोध किया और कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। कांग्रेस अपने अधूरे काम को पूरा करने के लिए फिर से नई चाल चल रही है। कांग्रेस सत्ता में आने पर मध्यप्रदेश के कुशवाह, यादव, गुर्जर, गड़रिया और धाकड़ प्रजापति समाज के आरक्षण को छीन कर अपने चहेते वोटबैंक को देने का मन बना कर बैठी है। लेकिन जनता कांग्रेस को अपने मंसूबों में सफल नहीं होने देगी और कांग्रेस को पूरी तरह साफ कर देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बिना किसी भेदभाव के 80 करोड़ जरूरतमंदों को निशुल्क राशन मुहैया कराया, 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए और 11 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचाया। हर वर्ग को सभी सुविधाएं समान रूप से मिलनी चाहिए, लेकिन अगर कांग्रेस सरकार होती तो ये सभी सुविधाएं दलितों, वंचितों, गरीबों और आदिवासियों को देने की बजाय धर्म के आधार पर देती। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि शाही परिवार के शहजादे देश की संपत्ति और महिलाओं के गहने-जेवरों का सर्वे कर जब्त करने और उसे अपने वोट बैंक में बांटने की सार्वजनिक रूप से घोषणा कर रहे हैं। ये तो पहले ही कहा गया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग का प्रतिबिंब है। इसके अलावा कांग्रेस मृत्यु के बाद बची संपत्ति पर विरासत कर लगाकर उसे छीनने की भी योजना बना रही है। विरासत कर से जुड़े तथ्य देश की आंखे खोलने वाले हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के स्वर्गवास के बाद उनकी विरासत का एक हिस्सा उनके बच्चों के मिलने से पहले सरकार ने छीन लिया था क्योंकि कांग्रेस ने पहले भी ऐसा कानून बनाया था। लेकिन अपनी संपत्ति को बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर कानून को खत्म कर दिया था और इंदिरा गांधी की पूरी संपत्ति बिना टैक्स दिए अपने नाम कर ली। जब खुद पर आई तो कानून हटा दिया और अब पुनः सत्ता पाने के लिए कांग्रेस वही कानून ज्यादा सख्ती से वापस लाने की बात कर रही है।

इस अवसर पर सभा को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यहां के नौजवान सरहदों पर देश की रक्षा के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत माता की रक्षा करते हुए बलिदान तक दे देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के पास जाकर दीवाली मनाकर उनका सम्मान बढ़ाते हैं और उन्हें संबल देते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि देश में आतंकवाद को समाप्त करने का काम और पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने का काम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, राकेश शुक्ला, ऐंदल सिंह कंसाना, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, श्रीमती माया सिंह, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता आदि मौजूद थे। पहली बार लगा इतना बड़ा डोमः मुरैना में पहली बार किसी जनसभा में इतना बड़ा डोम लगाया गया। यहां एक बड़ा एवं चार छोटे डोम लगाए गए थे। इसके अलावा टेंट भी लगाया गया था। डोम व टेंट में 28 हजार कुर्सियां रखीं गईं थीं।

## नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं : शाह

एनसीआर समाचार




**राजकोट।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे।

अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं।

### सरदार पटेल का स्मारक बनाया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी। जबकि पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिए गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरूआत कर दी है। पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से घूमा है।

उन्होंने पोरबंदर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया का जिक्र कर कहा कि कोरोनाकाल में मांडिवया ने घबराए बगैर एकदम शांत मन से वैक्सीन का काम पूरा किया। कांग्रेस सरकार में देश में 7 एम्स था, आज हर साल एक लाख डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। यह मोदी सरकार की देन है। जन औषधि केन्द्र मनसुख मांडविया ने शुरू कराया। सौराष्ट्र में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि सौराष्ट्र को कांग्रेस सरकार ने जल संकट की ओर धकेल दिया था। मोदी सरकार ने नर्मदा के जरिए पीने का पानी कच्छ तक पहुंचाया।

### समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम का

अयोध्या की चर्चा कर शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार राममंदिर का मुद्दा 70 वर्षों तक भटकाती रही। आखिरकार मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ ही राममंदिर का निर्माण करवा कर समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम कर दिया है। गरीबों को अनाज, शौचालय, खुद का घर, उज्ज्वला गैस, नल से जल और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता का काम नरेन्द्र मोदी ने किया।

## मोदी 'सुपरमैन' नहीं, 'महंगाई मैन' बन गये हैं : प्रियंका

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें 'सुपरमैन' की तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि 'महंगाई मैन' है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा, "जब मोदी जी चुनाव प्रचार के लिए आते थे, तो ऐसा दिखाया जाता था कि मानो यह सुपरमैन हों लेकिन अब ये 'महंगाई मैन' बन गए हैं।"


उन्होंने कहा "भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी जी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। आप इस महान देश की जनता हैं। आपने खून-पसीने से इस देश की धरती को सींचा है।" श्रीमती वाड्रा ने कहा "स्वतंत्रता आंदोलन में जनता आगे आकर देश के लिए लड़ी लेकिन आज देश में जनता के सामने कई सारी परिस्थितियां हैं। आपके जीवन के कई संघर्ष और परिस्थितियां हैं।महंगाई, बेरोजगारी के दौर में लोग आप सुबह से शाम तक कई मुश्किलों का सामना करते हैं।"

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश मोदी डर फैला रहे हैं: कांग्रेस

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 'सफाया' होने के बाद 'हताशा' में 'डर फैलाने' का काम कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कर्नाटक में मोदी की रैली से पहले उनसे कुछ सवाल किए। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'दूसरे चरण में सफाए के बाद हताश प्रधानमंत्री आज कर्नाटक में कई रैलियां कर रहे हैं। कुछ ऐसे सवाल हैं जिनका उन्हें झूठ बोलने और डर फैलाने के बजाय जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जन प्रतिनिधियों के रूप में भाजपा सांसदों का प्रदर्शन इतना खराब क्यों रहा है? केंद्र ने सात महीने की देरी के बाद सूखा राहत निधि की 20 प्रतिशत से भी कम राशि क्यों जारी की? केंद्र 'अपर भद्रा' और महादयी परियोजनाओं को क्यों रोक रहा है? रमेश ने संसदीय अनुसंधान सेवा (पीआरएस) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कर्नाटक से भाजपा सांसदों ने अपनी जिम्मेदारियों की घोर उपेक्षा की है और उन्होंने अपने मतदाताओं की सेवा करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा, 'संसद में राष्ट्रीय औसत उपस्थिति 79 प्रतिशत रही लेकिन कर्नाटक के 28 सांसदों की औसत उपस्थिति इससे भी कम 71 प्रतिशत रही। समीक्षा से पता चला कि इनमें से 26 सांसदों ने मनरेगा निधि , सूखा और बाढ़ राहत सहायता और केंद्र द्वारा पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के लिए चावल के अतिरिक्त आवंटन से इनकार करने जैसे कर्नाटक के मुद्दों को कभी नहीं उठाया।



रमेश ने कहा कि सभी बहसों के प्रतिलेखों का विश्लेषण करने पर पीआरएस ने पाया कि बहुत कम सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए नीतियां या कार्यक्रम शुरू करने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, तीन सांसदों ने पांच साल में एक भी सवाल नहीं पूछा और पांच सांसदों ने एक भी बहस में हिस्सा नहीं लिया, जबकि अधिकतर सांसदों की राज्य की उपेक्षा करने के लिए आलोचना की गई, सात सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में केवल आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के असंवैधानिक एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किया। रमेश ने कहा, सबसे निंदनीय निष्कर्ष संभवतः यह रहा कि 28 में से 14 सांसद अपने इलाकों में सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल थे। क्या प्रधानमंत्री मोदी इन निष्प्रभावी सांसदों को कर्नाटक की जनता पर थोपने के लिए माफी मांगेंगे? या क्या उनकी मंशा हमेशा से ही ऐसे भाजपा सांसदों को चुनने की थी जो काम नहीं करें ताकि कर्नाटक की आवाज को नजरअंदाज किया जा सके?

उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार को आपदा राहत नियमों के तहत केंद्र से 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की राहत राशि मांगे हुए सात महीने से अधिक समय हो गया है।

रमेश ने कहा कि कर्नाटक गंभीर सूखे की स्थिति से जूझ रहा है, 236 तालुक में से 223 सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं और 196 तालुक को गंभीर रूप से प्रभावित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने सूखा राहत के लिए 18,171 करोड़ रुपये की धनराशि जारी किए जाने की मांग को लेकर मोदी सरकार से सितंबर 2023 की शुरूआत में संपर्क किया था।

रमेश ने कहा, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के नियम के अनुसार, केंद्र को अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) की रिपोर्ट प्राप्त होने के एक महीने के भीतर धन जारी करने पर अंतिम निर्णय लेना होगा। कर्नाटक के मामले में यह अवधि दिसंबर 2023 में समाप्त हो गई। वित्त मंत्री ने पिछले महीने बहाना बनाया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से उनके हाथ बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में दबाव बनाए जाने के बाद केंद्र ने आखिरकार धनराशि मंजूर कर दी, लेकिन यह केवल 3,498 करोड़ रुपये है। यह उस राशि का 20 प्रतिशत से कम है, जिसका अनुरोध किया गया था। रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री कर्नाटक के लोगों के प्रति इतने उदासीन क्यों हैं? उन्होंने केंद्र सरकार पर 'अपर भद्रा' और महादयी परियोजनाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने इन मामलों पर अपनी चुप्पी तोड़ने के लिए कहा।

## पाकिस्तान : गेहूं खरीद नीति को लेकर विपक्ष ने पंजाब विधानसभा का बहिष्कार किया, विरोध की योजना बनाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान स्थित डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने गेहूं उत्पादकों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए शुक्रवार को सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। उन्होंने मौजूदा सरकार की खराब गेहूं खरीद नीति के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन शुरू करने की योजना की भी घोषणा की। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, गेहूं खरीद का मुद्दा सदन में लगातार तीसरे दिन उठाया गया, जिसमें कोषागार और विपक्षी दोनों सदस्यों ने स्थानीय किसानों से अनाज खरीदने के बारे में सरकार के आश्वासन पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि अस्पष्ट आधिकारिक खरीद लक्ष्य



और खरीद अभियान शुरू करने में असामान्य देरी से स्थानीय अनाज बाजार प्रभावित हो रहा है, जिससे उत्पादकों को नुकसान हो रहा है।

पंजाब के खाद्य मंत्री बिलाल यासीन ने कहा कि वर्तमान में अनाज में नमी का स्तर 18 प्रतिशत तक अधिक है, जिसने उनके विभाग को उपज खरीदने से रोक दिया है क्योंकि इसे सुखाने और वजन कम करने के बाद सरकार को नुकसान हो सकता है। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष मलिक मुहम्मद अहमद खान ने कहा कि सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) 3,900 प्रति 40 किलोग्राम तय किया है। हालाँकि, इसे खुले बाजार में 3,200 पीकेआर पर बेचा जा रहा था क्योंकि उत्पादक अनिश्चित थे कि विभाग उनसे उनकी उपज खरीदेगा या नहीं, जैसा कि पहले होता था।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, मलिक मुहम्मद अहमद खान ने कहा कि कृषक समुदाय के अरबों रुपये बिचौलियों के पास पड़े थे और गन्ना उत्पादक मिलों से अपने बकाया की वसूली को लेकर चिंतित थे। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के मुख्य सचेतक राणा शहबाज ने कहा कि उनकी पार्टी ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया है और सरकार की नीति से प्रभावित होने वाले उत्पादकों के समर्थन में सोमवार को विरोध अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सभी किसान समूहों को विरोध प्रदर्शन में शामिल करने के लिए उनके संपर्क में है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की महासंघ पर कब्जा करने की इच्छा देश को अराजकता की ओर ले जाने का एक प्रयास है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने खेद व्यक्त किया कि पाकिस्तान को अस्थिर रखने के एक व्यक्ति के प्रयासों के कारण 2014 के बाद से सरकारें अपदस्थ हो गई हैं। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के स्पष्ट संदर्भ में , शहबाज ने कहा, "देश में आपदा के लिए केवल एक व्यक्ति जिम्मेदार है, और वह वर्तमान में जेल में है।




# चुनाव आयोग ने लगाई आप के सांग पर रोक : आप

## जेल का जबाव, वोट से देंगे को लेकर तैयार किया गया है गाना

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** आप ने चुनाव आयोग पर प्रचार के लिए बनाए गए सांग पर रोक लगाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने ह्यजेल का जबाव वोट से देंगेह्न गाना तैयार किया था। रविवार को मंत्री आतिशी ने कहा कि विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया जा रहा है। इससे पहले केंद्र सरकार ने आप नेताओं पर गलत मुकदमे किए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। ऐसा केवल उन्हें प्रचार करने से रोकने के लिए किया गया है। भाजपा के कहने पर ही चुनाव आयोग विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोक रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आप के सांग पर रोक लगा दी है। ये भारत के इतिहास में पहली बार होगा



जब किसी पार्टी के कैंपेन सांग पर आयोग ने रोक लगा दी होगी। आयोग भाजपा की तरफ ध्यान नहीं देता। भाजपा ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है। पार्टी के सांग मंय कही पर भी भाजपा का नाम नहीं है, लेकिन चुनाव आयोग का कहना है कि इसमें सरकार के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल है। जिस तरह से ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, उस तरह से कांग्रेस के बैंक खातों को सीज किया गया और अब आप के प्रचार को रोका जा रहा है। यह साफ करता है कि भाजपा गठबंधन से परेशान है। संशोधन के लिए वापस भेजा गाना : आयोग आप के आरोप को चुनाव आयोग ने सिरे से खारिज कर दिया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि आप के सांग पर रोक नहीं लगाई गई है। पार्टी को बताया गया है कि सांग में कुछ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है जिसमें बदलाव की जरूरत है। इसी संशोधन के लिए गाने को वापस भेजा गया है। अगर आप को इस पर आपत्ति है तो वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में अपील कर सकती है।

इस तरह होती है जांच डिजिटल चुनाव प्रचार के लिए वीडियो, रील, भाषण, सांग आदि प्रसारित करने के लिए पहले चुनाव आयोग के मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से प्रमाणित कराना होता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को आवेदन देना होता है। आवेदन के 48 घंटे के भीतर इसकी स्वीकृति दी जाती है। चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक दलों की ओर से तैयार डिजिटल सामग्री में किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ टिप्पणी, न्यायालय के खिलाफ टिप्पणी, धर्म, जाति या किसी महिला की भावना को आहत आदि से संबंधित प्रमुख तथ्यों की जांच की जाती है।

## 'वॉकथॉन-वॉक फॉर केजरीवाल' कार्यक्रम: सीएम गिरफ्तारी के खिलाफ आप नेताओं का प्रदर्शन

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का विरोध प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। 'आप' कार्यकताओं ने आज सीएम केजरीवाल के समर्थन में दिल्ली के 'सीआर पार्क' में 'वॉकथॉन वॉक फॉर केजरीवाल' कार्यक्रम का आयोजन किया। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी, सौमनाथ भारती और सहीराम पहलवान सहित कई बड़े नेताओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विपक्ष सत्ता में आ रहा वॉकथॉन में हिस्सा लेने के दौरान 'आप' नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जिस तरह से जेल में भेजा गया है, उसके खिलाफ हमने 'जेल का जवाब वोट से' अभियान शुरू किया। इसके तहत हमारी पार्टी की युवा शाखा ने दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली के हमारे लोकसभा उम्मीदवारों के लिए एक वॉकथॉन का आयोजन किया है।

आगे कहा कि हमने यहां भाजपा की वॉशिंग मशीन भी लगाई है, जिसके अंदर जो भी भ्रष्टाचारी नेता जाएगा वह साफ होकर निकलेगा। उन्होंने कहा कि




भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी काफी घबराए हुए हैं, जिस तरह से उन्होंने अपनी चुनावी रैलियों में अपना रुख बदल लिया है यह स्पष्ट करता है कि वह भी मानते हैं कि विपक्ष सत्ता में आ रहा है। आतिशी का बीजेपी पर हमला वहीं, आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है। इसी वजह पार्टी ने एक वॉकथॉन का आयोजन किया। दिल्ली के लोग यहां पर अरविंद केजरीवाल के समर्थन में जुटे हैं। उन्होंने आगे बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी ने यह सोचा था कि वो अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल देंगे, तो आम आदमी पार्टी प्रचार नहीं कर पाएगी। लेकिन, दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल के लिए प्रचार कर रहे हैं।

## संदीप दीक्षित ने अरविंदर सिंह लवली का दर्द बयां किया

### वीरेंद्र सचदेवा बोले- जमीनी नेता कांग्रेस से परेशान

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के पिछले 30 साल के सिपाही अरविंदर सिंह लवली ने आज 28 अप्रैल को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे की वजह उन्होंने में एक के बाद एक कई पार्टी की कई कमियां बताई हैं। लवली के इस्तीफे पर अब कांग्रेस के समेत विपक्षी दलों के नेताओं के बयान सामने आए हैं। कांग्रेस के नेता लवली के इस्तीफे को चौंकाने वाला बताया है, तो वहीं पर बीजेपी का कहना है कि पार्टी के जमीनी स्तर के नेता तंग आ चुके हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के नेताओं का भी बयान सामने आया है। वहीं, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने लवली के इस्तीफे पर सुर में सुर मिलाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस का कार्यकर्ता होकर उनमें (अरविंदर सिंह



लवली) एक व्यक्तिगत पीड़ा है। दिल्ली में हम अपनी पुरानी साख को लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस का अध्यक्ष बनना कांटों का ताज है। इसके बावजूद पिछले 6-8 महीने में उन्होंने मेहनत करके पार्टी खड़ी की। सबको ये लगा था कि धीरे-धीरे कांग्रेस जागृत हो रही है। लेकिन पार्टी सीट बंटवारे पर किसी का ख्याल ही नहीं रखा। गठबंधन में जब हमें 2 या 3 सीटें मिलती है तो ऐसा लगता है कि अगर हम कांग्रेस के सभी लोगों की सहमति के साथ लोगों को सीट दें तो आगे गाड़ी बेहतर चलेगी। अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद कांग्रेस नेता सुभाष चोपड़ा ने लवली से मुलाकात की। इसके बाद चोपड़ा में कहा कि मैंने कारण जानना चाहा कि उन्होंने (अरविंदर सिंह लवली) क्यों इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी को कारण बता चुके हैं। ये हम सभी के लिए चौकाने वाला है, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल अपने पद से इस्तीफा दिया है पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है। ये पार्टी का आंतरिक मामला है। वे पार्टी में हैं और पार्टी के साथ हैं। लवली के इस्तीफा देने पर दिल्ली बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के इंडिया गंठबंधन के तथाकथित प्रमुख दल कांग्रेस में ही आपसी सहमति नहीं है। जिस दल कांग्रेस में न लोकतंत्र है और न ही सेवा की सोच, उसमें मूल्यों को महत्व देने वाले व्यक्ति रह ही नहीं सकते।

## पुलिस अधिकारी के बयान पर दोष सिद्धि संभव : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने चेन-स्नैचिंग मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक गवाह की अनुपस्थिति में पुलिस अधिकारियों की एकमात्र गवाही पर दोषसिद्धि दर्ज की जा सकती है। न्यामूर्ति रजनीश भटनागर की सिंगल बेंच ने कहा कि यह सामान्य ज्ञान की बात है कि सार्वजनिक क्षेत्र के व्यक्ति अक्सर जांच कार्यवाही में भाग लेने में अनिच्छा प्रदर्शित करते हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक गवाहों को शामिल करने में जांच अधिकारी की विफलता को एक प्रक्रियात्मक चूक माना जा सकता है, लेकिन यह आरोपमुक्त किए जाने का एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की एकल पीठ ने कहा, जहां तक सार्वजनिक गवाहों के शामिल न होने का सवाल है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आईओ सार्वजनिक गवाहों में शामिल नहीं हुआ है, लेकिन यह अपने आप में अभियोजन के पूरे मामले को गलत साबित नहीं करता है। आधिकारिक गवाहों की गवाही को केवल इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है कि आईओ सार्वजनिक गवाहों को शामिल करने में विफल रहा। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 186, 353, 411, 34 और आर्म्स एक्ट की धारा 27, 54 और 59 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों को आईपीसी की धारा 379 के तहत दोषी ठहराया और उन्हें तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने आरोपी को सजा की शेष अवधि काटने के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

## धौला कुआं के पास तेज रफ्तार जगुआर कार ने कैब को मारी टक्कर, छह घायल, तीन की हालत गंभीर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में आज यानी रविवार सुबह बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। धौला कुआं के पास एक तेज रफ्तार जगुआर कार ने कैब में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में छह लोग घायल हो गए हैं। वहीं, तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घायलों की मदद की, वहीं पुलिस को भी हादसे की सूचना दे दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि कार को लड़की चला रही थी, उसके साथ एक लड़का भी मौजूद था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि कार की रफ्तार बेहद तेज थी। धौला कुआं के पास अचानक से कार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कैब में सीधे टक्कर मार दी। इस घटना में छह लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि हादसे में घायल तीन लोगों की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के इलाकों के सीसीटीवी खंगालेगी ताकि हादसे की वजह पता चल सके। बहरहाल, मामले की जांच जारी है। इसके अलावा द्वारका में भी हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां एक ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो चालक समेत दो लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार होने में कामयाब हो गया है। पुलिस ने घायलों को पास के वैंकटेश्वर हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

## एटीएम में कार्ड रीडर लगाकर ठगी करने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस ने एटीएम में कार्ड रीडर लगाकर ठगी करने वाले तीन बदमाशों को 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विशाल नेगी, अमित मेहरा और विजय कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से पिस्तौल, तीन कारतूस, क्रेटा कार, एटीएम मशीन तोड़ने वाला उपकरण और तीन मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम 7 बजे हौज खास के गौतम नगर में एक एटीएम मशीन को तोड़ने की कोशिश के दौरान पकड़े जाने पर फायरिंग करने की सूचना मिली। मौके पर मिले लोगों ने बताया कि दो बदमाश एटीएम तोड़ रहे थे उन्हें लोगों ने रंगहाथ पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों बदमाशों ने लोगों पर फायरिंग कर दी और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर उमेश यादव की टीम को भी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिससे पुलिस को तीन संदिग्ध लोगों की फोटो मिले। फुटेज में एक फर्जी नम्बर की कार भी दिखाई दी।

## अब दिल्ली की जनता कर रही आम आदमी पार्टी का प्रचार: आतिशी

-आम आदमी पार्टी ने किया वॉकथॉन
-यूथ विंग ने जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत किया वॉकथॉन का आयोजन

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत रविवार सुबह वॉकथॉन की। देशबंधु कॉलेज के पास आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के सांसद और विधायकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की फोटो और जेल का जवाब वोट से का संदेश लिखी हुई टीशर्ट पहनकर शामिल हुए। आम आदमी पार्टी ने इस वॉकथॉन में वॉशिंग मशीन लगाकर भाजपा में अन्य दलों के नेताओं की ज्वाइनिंग पर भी कटाक्ष किया। आप की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के बाद विरोधी सोच रहे थे कि आम आदमी पार्टी प्रचार नहीं कर पाएगी, लेकिन अब दिल्ली की जनता एकजुट हो गई और आप का प्रचार कर रही है। वॉकथान के दौरान लगाई गई वॉशिंग मशीन को लेकर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा




की वॉशिंग मशीन है और इसमें भ्रष्टाचारियों के सारे पाप धुल जाते हैं। उन्होंने इसके जरिए भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे महाराष्ट्र के कई नेताओं की भाजपा में ज्वाइनिंग पर कटाक्ष कर जनता के सामने इसे मुद्दा बनाया। उन्होंने लोगों के सामने प्रतीक स्वरूप नामचीन चार लोगों को वॉशिंग मशीन में डाला और कुछ देर बाद वे सभी एक दल की टीशर्ट पहनकर बाहर आ गए। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जिन लोगों को भाजपा ने पहले भ्रष्टाचारी बताया था, पार्टी में शामिल किए के बाद उन्हें मुख्यमंत्री जैसे अहम पद या लोकसभा के टिकट दे दिए गए। इनमें से कई नेता मुकदमों में भी बरी हो गए हैं।विपक्षी दल के साथ-साथ उन्होंने तिहाड़ जेल प्रशासन को निशाना बनाते हुए कहा कि शुगर के मरीज अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन रोककर जेल प्रशासन ने उनकी जान लेने की कोशिश की। उन्हें परिवार और सांसदों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह टूटने वाले नहीं हैं।

इस दौरान राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती व सहीराम पहलवान भी मौजूद रहे।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अब भाजपा घबराई हुई है। उनके चुनाव प्रचार में यह घबराहट रोज झलक रही है। जब उनका प्रचार शुरू हुआ था, तब पार्टी के बड़े नेता कहते थे कि वह 2048 तक का रोड मैप तैयार कर रहे हैं। वे बता रहे थे कि 400 पार जाने बाद किस तरह से देश को आगे ले जाएंगे।

## सरेराह बच्चों के सामने पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या

### बच्चों से नहीं मिलने देने से नाराज था शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत नगर इलाके में शनिवार रात को घरेलू विवाद में एक शख्स ने बच्चों के सामने सरेराह अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी इस बात से नाराज था कि पत्नी उसे बच्चों से मिलने नहीं दे रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही खून से लथपथ चाकू और कपड़ा बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय अफसाना की शादी छह साल पहले जहांगीरपुरी निवासी मोहम्मद जावेद से हुई थी। दंपति को तीन साल का बेटा और एक साल की बेटी है। परिजनों ने बताया कि दो साल से अफसाना का पति से विवाद चल रहा था। अक्सर जावेद उसे पीटता था। जावेद की हरकत से तंग आकर इस वर्ष जनवरी में वह बुनकर कालोनी स्थित अपने मायके में रहने लगी।

बताया जा रहा है कि दोनों में विवाद इतना बढ़ गया था कि अफसाना ने पति से मिलना बंद कर दिया और यहां तक कि बच्चों को भी मिलने नहीं देती थी। विवाद को लेकर अफसाना बीमार भी रहने लगी थी। दोनों के बीच विवाद सुलझाने के लिए 21 अप्रैल को कुछ रिश्तेदार जमा हुए थे। उस दौरान अफसाना के परिजनों ने कहा कि बेटी की तबियत ठीक हो जाने के बाद वे ससुराल भेज देंगे, लेकिन जावेद अपने साथ ले जाने पर अड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जावेद ने हत्या की योजना चार दिन पहले बना ली थी। वह तीन दिन से लगातार रात आठ से नौ के बीच में बुनकर कालोनी के आसपास घूमता था।

उसकी योजना अफसाना की हत्या कर भागने की थी। इस बीच अफसाना अपने दोनों बच्चों और बहन मुस्कान के साथ बाजार से सामान खरीदने के लिए निकली। जावेद ने पहले पत्नी को रोका और साथ चलने के लिए कहा। जब उसने मना किया तो ताबड़तोड़ चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसकी गोद में एक साल की बच्ची भी थी।

## एक नजर

### लवली के घर पहुंचे समर्थक व विरोधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली के त्यागपत्र देते ही प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का उनके घर तांता लगना शुरू हो गया। अधिकतर नेता लवली के समर्थन में पहुंचे, जबकि पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान ने विरोध जताया। लवली के निवास पर सबसे पहले लोकसभा चुनाव के लिए गठित की गई चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा पहुंचे। इसके बाद पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, कई पूर्व मंत्री व विधायक और अन्य नेता जुट गए। सुभाष चोपड़ा ने कहा कि वह लवली के त्यागपत्र से आश्चर्यचकित हैं।

इतने बड़े पद से इस्तीफा देना सामान्य बात नहीं है। वहीं, संदीप दीक्षित ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता होने के नाते लवली का व्यक्तिगत दर्द है। हम दिल्ली में अपनी पुरानी प्रतिष्ठा वापस लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हमें तीन सीटें ही दी गईं। ओखला के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान समर्थकों के साथ लवली के घर आए। इस दौरान उन्होंने लवली के कदम के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि लवली ने भाजपा के इशारे पर त्यागपत्र दिया है। उन्होंने सुभाष चोपड़ा पर लवली का त्यागपत्र दिलवाने की साजिश रचने का आरोप भी लगाया।

### धार्मिक स्थलों पर लोगों को निशाना बनाने वाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने धर्मिक स्थलों पर लोगों को निशाना बनाने वाली एक महिला को खानपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर चोरी और शराब तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 23 अप्रैल को वसंत गांव स्थित मंदिर में एक महिला भगवान के दर्शन के लिए गई थी। वहां महिला के गले से करीब 3.50 लाख रुपए की सोने की चेन किसी ने चोरी कर ली। महिला की शिकायत पर वसंतकुंज थाने में केस दर्ज किया गया। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम को सूचना मिली थी कि सोने की चेन बेचने के लिए आरोपी मदनगीर आने वाली है। पुलिस ने उसे खानपुर लाल बत्ती के पास से गिरफ्तार कर लिया। महिला के पास से चोरी की चेन बरामद की गई।

### नशा करने के लिए चोरी करने वाले दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गांधी नगर थाना पुलिस ने 27 अप्रैल को नशा करने के लिए चोरी करने वाले दो नाबालिग दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का सोने का लॉकेट भी बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 26 अप्रैल को गांधी नगर के धर्मपुरा में एक झुग्गी से सोने की ज्वैलरी चोरी होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। प्राथमिक जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से दो संदिग्धों के फोटो बरामद किए। फोटो से दोनों आरोपियों की पहचान करने के बाद पुलिस ने दोनों को उनके घर से दबोच लिया और उसके पास से चोरी किया गया एक लॉकेट भी बरामद कर लिया।

### मेरठ से दिल्ली आकर करते थे वाहन चोरी, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेरठ से वाहन चोरी करने के लिए दिल्ली आने वाले दो बदमाशों को दक्षिण दिल्ली जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मसूद अली और शादाब के पास से चोरी की कार, दो पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम वाहन चोरी के मामले की जांच कर रही थी। टीम में तैनात एएसआई मनोज को सूचना मिली कि मेरठ से दिल्ली आकर वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश साकेत पहुंचने वाले हैं। टीम ने 23 अप्रैल को साकेत स्थित डीपीएस स्कूल के पास ट्रैप लगाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से दो पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कार भी 20 अप्रैल को विवेक विहार इलाके से चोरी की निकली।

### मायके में रह रही पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के नॉर्थ वेस्ट जिले के भारत नगर पुलिस थाना इलाके में शनिवार शाम एक सिरफिरे पति ने पत्नी पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने महिला को बचाने का प्रयास किया और फिर भी पति महिला की छाती और गर्दन पर चाकू से हमला करता रहा। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत पास के ही अस्पताल मे भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या की धारा समेत अन्य धारा में मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से खून से सना चाकू भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार की शाम करीब सात बजे भारत नगर थाना पुलिस को एक महिला को चाकू मारने की जानकारी मिली। पुलिस को घटनास्थल पर पहुंचकर पता चला कि घायल महिला को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय अफसाना बुनकर कॉलोनी में अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। जिसके पति जावेद ने ही अफसाना के गर्दन व छाती पर चाकू से कई वार किए हैं।

### कनाडा में जॉब दिलाने के नाम पर ठगी: गैंग की लीडर को पंजाब से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह का दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गैंग की सरगना एक महिला है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। ये गिरोह 150 से ज्यादा लोगों के साथ ठगी कर चुका है। इस गैंग के लोगों ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत नेपाल के लोगों के साथ भी ठगी की है। इसके लिए इन्होंने एक फर्जी वेबसाइट भी बनाई थी, जिसके जरिए ये लोगों को फंसाते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह कई लोगों से अब तक 5 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। वहीं, आर्थिक अपराध शाखा में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत पूरे देश से 23 पीड़ितों ने शिकायत दर्ज करवाई थी। साथ ही, नेपाल के भी 29 पीड़ित लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ितों ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लाखों की ठगी की है।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मार्च महीने में मामले की जांच शुरू की थी। इस जांच में पुलिस को पता लगा कि गैंग लीडर आरोपी महिला दीपिका और उसके साथियों ने जगह-जगह पर ऑफिस खोला हुआ था। यह आरोपी पहले लोगों से छह हजार रुपये लेते थे। इसके बाद उनका विश्वास पक्का करने के बाद वे उन्हें कनाडा में नौकरियां दिलाने का सपना दिखाकर पांच लाख रुपये ठग लेते थे। पैसे लेने के बाद आरोपी ऑफिस बंद कर वहां से भाग जाते थे। इसके लिए उन्होंने फर्जी वेबसाइट भी बनाई थी। साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप पर भी प्रचार करते थे। ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला ने कई कंपनियों में बतौर टेली-कॉलर का काम किया हुआ है। इसके बाद महिला ने अपना गिरोह बनाकर साथियों के जॉब का झांसा देकर फर्जीवाड़ा करना शुरू कर दिया।

# राम और कृष्ण जैसी ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय : योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बदायूं में जनसभा को किया संबोधित
- सपा बार-बार बदल रही प्रत्याशी, चाचा भी मैदान छोड़कर कर गये पलायन : योगी
- कांग्रेस के मेनिफेस्टो में भारत के खिलाफ हिडेन एजेंडा : योगी आदित्यनाथ

एनसीआर समाचार



**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया।

सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया। सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी श्रृंखला जनता के लिए उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरूआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है।

इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है। उन्होंने कहा कि सपा,बसपा, कांग्रेस की सरकार के कुशासन को देखा होगा। मैं पूछना चाहता हूं क्या इन्होंने फ्री में राशन कभी दिया,लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 180 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं। गरीबों को पांच लाख रुपये का फ्री इलाज की सुविधा दे रहे हैं।

चुनाव के बाद देश के हर 70 साल के बुजुर्ग को इस दायरे में लेकर आ जाएंगे। पहले सरकार की ओर गरीबों के लिए आने वाली सहायता में कांग्रेस, सपा व बसपा दलाल सेंध लगाते थे। आज लाभार्थियों के खाते में सीधा पैसा जाता है। जिससे भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या पहले की सरकारों में रसोई गैस कनेक्शन फ्री नहीं मिले,लेकिन मोदी सरकार ने 10 करोड़ लोगों को गैस कनेक्शन मिल चुके है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष और बदायूं सीट से प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सांसद संघमित्रा मौर्य, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक, विधायक महेश गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, विमल कृष्ण अग्रवाल, अजीत यादव, कुशाग्र सागर, डीके भारद्वाज, जितेन्द्र यादव, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा: अमित शाह

एनसीआर समाचार



**एटा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाई। जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना है, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।

## मायावती ने कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

### कहा-भाजपा ने गरीब और कमजोर लोगों को अच्छे दिन दिखाने की हवा-हवाई गारंटी दी

एनसीआर समाचार



**मुरैना।** उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रविवार को मुरैना पहुंचीं। मेला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह ही बीजेपी ने भी केंद्र की तमाम सरकारी जांच एजेंसी का राजनीतिकरण कर दिया है। पूर्व कांग्रेस सरकार की तरह ही भाजपा सरकार में जातिवादी, सांप्रदायिक, पूंजीवादी सोच और नीतियां हैं।

धर्म की आड़ में, हिंदुत्व की आड़ में ज्यादती चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। खासकर मुस्लिम समाज के लोगों का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है। भाजपा अपने चहेतों को मालामाल बनाने में लगी है मायावती ने कहा कि बीजेपी ने अब तक गरीबों, कमजोर तबकों, मध्यम वर्ग और मेहनतकश लोगों को अच्छे दिन दिखाने की हवा-हवाई गारंटी दी। भाजपा अपने चहेते बड़े पूंजीपतियों और धन्ना सेठों को मालामाल बनाने, हर स्तर पर छूट देने और बचाने में लगी रही। इनके आर्थिक सहयोग से यह पार्टी संगठन चलाती है और चुनाव लड़ाती है। पूर्व सीएम ने कहा विरोधी पार्टी की सरकारों ने एससी/एसटी को प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण दिए जाने की व्यवस्था नहीं की। ज्यादातर सरकारी काम प्राइवेट सेक्टर में इनके पूंजीपति-धन्ना सेठों को दिए जा रहे हैं।

भाजपा और कांग्रेस ने एक ओर बसपा को कमजोर किया बसपा सुप्रीमो ने कहा कि यूपी में चार बार बीएसपी के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी, तब कांग्रेस, बीजेपी और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बसपा को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला।

इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। मायावती ने कहा कि ग्वालियर में भी एक-दो ऐसे स्वार्थी-बिकाऊ लोग हैं, जिन्होंने कांग्रेस और बीजेपी का मकसद पूरा किया।

## समाजवादियों को किसी हिन्दू के प्रति संवेदना नही

### माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने का पूरा समयः योगी

एनसीआर समाचार




**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी में समाजवादियों का हिन्दू विरोधी चेहरा जनता भूल नहीं सकती है। समाजवादियों के पास किसी हिन्दू के प्रति संवेदना व्यक्त करने का समय नहीं है, लेकिन वही समाजवादी माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। सीएम योगी ने सपा-बसपा को जातियों का सौदागर और कांग्रेस को हिन्दू समाज की संपत्तियों को अपने चहेते वोट बैंक में बांटने और धर्म के आधार पर आरक्षण का षडयंत्र रचने वाला करार दिया है। सीएम योगी रविवार को आंवला लोकसभा के सुभाष मैदान में आयोजित विशाल चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहे थे।

आंवला सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार धर्मेन्द्र कश्यप की तीसरी बार जय-विजय का नारा बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन पर जोरदार तरीके से हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी-कांग्रेस के नेता जातियों का खुलेआम सौदा करते हैं और जाति नाम पर गुमराह कर अपना पेट भरते रहे हैं। अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर निर्माण को भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए सीएम योगी ने आंवला के मनौना धाम, पांचाल नगरी और पंचेश्वरनाथ की भूमि को नमन करते हुए कहा कि ये वही भूमि है, जहां यक्ष ने पांडवों से जरूरी प्रश्न पूछे थे। आज के हालात देखते हुए, उन्होंने जनता के सामने कुछ अहम प्रश्न रखे और विस्तार से उनके मायने भी समझाए।

समाजवादियों को हिन्दू के प्रति संवेदना नहीं, माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने का पूरा समयः योगी मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूजी कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पूरा जीवन यूपी के के विकास में दे दिया। उनकी मौत पर समाजवादियों की जुबान से संवेदना के दो शब्द तक नहीं निकले, उनके घर जाकर शोक जताना तो दूर की बात है। जबकि मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए वह खुद सैफई और लखनऊ में उनके यहां गए थे। राम मंदिर के निर्माण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने के लिए जनता को प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करते हुए फिर भाजपा सरकार बनवाने के लिए वोट करना होगा। आंवला रैली में मुख्यमंत्री योगी ने कहा-सपा जातियों की सौदागर, कांग्रेस रच रही जाति के आधार पर आरक्षण का षडयंत्र भाजपा सरकार में विकास एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हुए बुनियादी काम गिनाते हुए मुख्यमंत्री बोले कि समाजवादी पार्टी में जब टिकट का नंबर आता है तो उन्हें सिर्फ अपना परिवार दिखता है। कई-कई टिकट अपने परिवार वालों को बांट दिए जाते हैं। जनता यह दिन कैसे भूल सकती है, जब पिछली सरकार में यूपी के अंदर बेटियों का घर से निकलना मुश्किल होता था। हर तरफ गुंडाराज का माहौल था। व्यापारियों से खुलेआम रंगदारी वसूली जाती थी। माफिया गरीबों की जमीनों पर कब्जे करते थे। सत्ता में बैठे लोग माफिया और दंगाईयों को गले में फूलों के हार डालते दिखाई देते थे। समाजवादियों को हिन्दू के प्रति संवेदना नहीं, माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने का पूरा समयः योगी सीएम योगी ने कहा कि 2017 के बाद यूपी में माफिया-अपराधियों की कैसी शामत आई है, जनता इस सच्चाई को भलीभांति जानती है।

आज किसी की हिम्मत नहीं है जो व्यापारियों से रंगदारी वसूले या महिलाओं की ओर आंख उठाकर भी देखे। माफिया-गुंडे गले में पट्टा डालकर पुलिस से जान की भीख मांग रहे हैं। यह भाजपा सरकार के सुशासन का ही परिणाम है कि यूपी में आज विकास एवं शांति का माहौल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। आंवला से भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप के समर्थन में जनमानस से वोट की अपील करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी लोग अपने वोट का अमूल्य योगदान देकर पीएम मोदी की ताकत बढ़ाने का काम करें।

## कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने... अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने...



**कासगंज (उप्र), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह मोदी की गारंटी है.

शाह यहां एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. सभा में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया. शाह ने कहा, दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का. भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 70-70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा. यूपी वालों आप लोगों ने पीएम मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और पीएम मोदी ने पांच अगस्त 2020 को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया. उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने पर भी समारोह में न जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा निमंत्रण राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को भी दिया गया मगर कोई वहां नहीं गया.

शाह ने कहा कि यह आपको तय करना है कि कारसेवकों पर गोली चलवाने वाली समाजवादी पार्टी को वोट देना है या राम मंदिर बनाने के लिए अपनी सरकार कुर्बान करने वाली भाजपा और नरेन्द्र मोदी को वोट देना है. उन्होंने राहुल गांधी पर पिछड़ा वर्ग के नाम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया. भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस का समर्थन कर रही है वह पिछड़ा वर्ग की विरोधी है.

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत

**हरदोई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में रविवार सुबह कटरा बिल्हौर हाईवे पर किसी जानवर के सामने आ जाने से एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई जबकि 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले की कोतवाली सवायजपुर क्षेत्र में वृंदावन तिराहा के निकट आज सुबह एक कार अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई हादसे में कार सवार रहीस खान (65) पुत्र अली खान व शाकिब (45) पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम मानीमऊ थाना सांडी की मृत्यु हो गई। इसके अलावा शरीफ खान (35) पुत्र रईस खान, मैशर खान (43) पत्नी साकिब, नूही (32) पत्नी शरीफ, हकीम (08) पुत्र शाकिब, रमना (09) पुत्री शाकिब, शिजा (01) पुत्री शरीफ सर्व निवासी ग्राम मानीमऊ थाना सांडी जनपद हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय हरदोई रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सभी पाली कस्बे में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गए थे और सुबह वहीं से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

### फर्रुखाबाद सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए प्रचार को उतरे सलमान खुर्शीद

**फर्रुखाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के चुनाव प्रचार के लिए,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद धर्मपत्नी लुईस खुर्शीद के साथ रविवार को अपने कायमगंज पैतृक निवास डॉ जाकिर हुसैन महल में पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। यह जानकारी आज खुर्शीद और उनकी पत्नी के राजनीतिक प्रतिनिधि डॉक्टर फरीद चुगताई ने दी। उन्होंने बताया कि खुर्शीद आज अहमगंज क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता के यहां आयोजित होने वाले एक विवाह समारोह में भाग लेने पहुंचेंगे। इसके बाद 29 अप्रैल वह डॉ.शाक्य के समर्थन में जनसंपर्क चुनाव प्रचार करेंगे।

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में वरिष्ठ नेता खुर्शीद द्वारा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में आते ही सपा, कांग्रेस,आम आदमी पार्टी जन अधिकार पार्टी एवं उनके बड़ी संख्या वाले समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। फर्रुखाबाद लोकसभा चुनाव में 17 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने को लिए आवेदन किया था। प्रपत्रों की जांच के बाद कुल 9 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। सोमवार को नाम वापसी होगी। वहीं शाम के समय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। फर्रुखाबाद में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान है। चौथे चरण में प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों और ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

### कौशांबी में किसान की गोली मारकर हत्या

**कौशांबी, एजेंसी।** कौशांबी जिले में रंजिश के चलते किसान की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुगापुर गांव निवासी रामानुज (32) शनिवार देर रात जब खेत से घर लौट रहे थे तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उनके सिर और सीने में गोली मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की।

एसपी ने बताया कि रामानुज की गांव के ही कुछ लोगों से रंजिश थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मामले में परिजनों की शिकायत पर गांव के ही छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### पीलीभीत में तेंदुए ने घर में घुसकर चाचा-भतीजे को घायल किया

**पीलीभीत, एजेंसी।** पीलीभीत नगर कोतवाली इलाके में एक तेंदुए ने घर में घुसकर एक व्यक्ति और उसके भतीजे पर हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नगर कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेंदुए के हमले की घटना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी पीलीभीत गांव की है। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह राम अवतार अपने भतीजे बादशाह के साथ घर के अंदर चारपाई पर बैठकर बात कर रहे थे, तभी पास के खेत से अचानक निकला तेंदुआ घर में घुस गया और राम अवतार पर हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, चाचा पर हमलावर हुए तेंदुए को जब बादशाह ने भगाने का प्रयास किया तो जंगली पशु ने उसपर भी हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि आसपास मौजूद ग्रामीणों ने चाचा-भतीजे को तेंदुए के चंगुल से बचाया और दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर गए। पुलिस के अनुसार, इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीलीभीत टनकपुर राजमार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और रास्ता खुलवाया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप निदेशक मनीष सिंह ने पत्रकारों को बताया कि हमले की जानकारी मिली और मौके पर टीम को भेजा जा रहा है। उनके मुताबिक, तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जा रहा है।

### गंगा में 08 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को गंगा में स्नान करते एक 08 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकरा याकूतगंज का निवासी 08 वर्षीय बालक राज पुत्र बाबूराम जाटव आज दोपहर अपने तीन दोस्तों के साथ करीब पौन किलोमीटर दूर कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेमरैयाई समीपवर्ती गंगा में स्नान करने के लिए पहुंचा। इसके बाद गंगा स्नान करते समय राज का अचानक पैर फिसला और वह गहरे जल में डूब गया और यह देखकर उसके दोस्तों में चीख पुकार मच गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से राज का शव बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### जौनपुर में बस की चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति घायल

**जौनपुर, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पंचहटीया के पास रविवार को बालिका को बचाने में बाइक सवार महिला नीचे गिर गई जिसे प्राइवेट बस में कुचल दिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई जबकि बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जिले में सिकरारा थाना क्षेत्र के डमरुआ ग्राम निवासी जानकी प्रसाद (50) अपनी पत्नी हीरावती देवी उम्र (46) को लेकर बाइक द्वारा केराकत शादी में जा रहे थे । जैसे ही वे लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पचहटिया के पास आये सामने एक बालिका आ गई उसी को बचाने में महिला हीरावती देवी बाइक से नीचे गिर गई। उसके गिरते ही पीछे से आ रही प्राइवेट बस का चक्का महिला के ऊपर चढ़ गया जिससे घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई।

इस दुर्घटना में महिला के पति को मामूली चोट आई है। सूचना पर पहुंचे परिजन जिला अस्पताल कोहराम मच गया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# उत्तराखंड: हरिद्वार में चला भारत जोड़ो सनातन जोड़ो अभियान

Harish Upadhyay




**उत्तराखंड:** हरिद्वार श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व मंत्री विधायक रविदास आचार्य सुरेश राठौड़ ने आज प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में महापीठ के नए कार्यक्रम भारत जोड़ो सनातन जोड अभियान का श्री गणेश किया।

देश भर में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा मैं उसके सहयोगी दलों के प्रत्याशियों को पूर्ण समर्थन देने का देश भर के दलित समाज रविदास समाज से आह्वान किया है इससे पूर्व रविदास महापीठ के मुख्यालय में सुरेश राठौड़ और संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने देश भर से एकत्रित रविदास समाज की कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी की बैठक में राज्यों से आए प्रतिनिधियों की राय जान सके उसके पश्चात रविदास समाज नए सरस्वती से भाजपा को समर्थन देने का निर्णय लिया।

रविदास आचार्य सुरेश राठौड़ ने आगे कहा की श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ जो की देशभर में लाखों करोड़ रविदास समाज से जुड़ा एक सामाजिक संगठन है तथा लगभग 10 12 वर्षों से सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं एवं विचारों को देश भर में पहुंचने का कार्य कर रहा है उन्होंने अपने विचारों में स्पष्ट कहा है कि भारत जोड़ो सनातन जोड़ो अभियान के तहत देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार का गठन होना अति आवश्यक है।

रविदास आचार्य सुरेश राठौड़ ने कहा कि समाज को याद करना चाहिए की बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान के माध्यम से वोट का अधिकार दिया है आपका एक-एक वोट बहुमूल्य है पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की सरकार एक वोट से ही गिर गई थी तथा एक बट से ही लोकप्रिय नेता सरदार पटेल पार्षद का चुनाव हार गए थे।

इसलिए हम सब की वोट का बहुत महत्व है और हमें सभी को भारतीय जनता पार्टी को अपना कीमती वोट देकर राष्ट्रीय निर्माण में अपना अहम योगदान देना होगा हमारे महापित संगठन ने भी देश भर में सनातनी परंपरा का निर्वाह करते हुए सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास की नीति पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली भाजपा एवं सहयोगी दलों की सरकार को श्री गुरु रविदास महापित का पूर्ण समर्थन जारी रहेगा।

तथा महापीठ के संगठन मंत्री सूरज भान कटारिया ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रविदास आचार्य सुरेश राठौड़ देशभर में गुरु रविदास कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं तथा उत्तराखंड उत्तर प्रदेश ही नहीं हरियाणा पंजाब महाराष्ट्र मध्य प्रदेश राजस्थान गुजरात छत्तीसगढ़ तथा दिल्ली आदि राज्यों में भी रविदास आचार्य ने श्री रविदास जी की कथाएं के माध्यम से इसी तथा मुस्लिम मिशनरी के चमगाद से छुड़ाने के लिए दलित समाज को रविदास समाज में एक नई सनातनी सोच को खड़ा करने करने में अहम भूमिका निभाई है।

इस समय देश भर में भारतीय जनता पार्टी सबसे शक्तिशाली पार्टी है तथा विधानसभा एवं लोकसभा में भी महापीठ ने भाजपा को समर्थन देकर अपना जाति में निभाया था तथा पूर्व परंपरा को आगे निर्मित बढ़ाते हुए समाज की गुरु रविदास महा पीठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया है की श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ भारतीय जनता पार्टी का खुला समर्थन करेगी तथा उसके सहयोगी दोनों का भी पूर्ण समर्थन रहेगा।

# उत्तर प्रदेश: लोकसभा चुनाव 2024 मेसपा प्रत्याशी का विरोध बसपा प्रत्याशी को मिला समर्थन

Mohd Shahanawaz

उत्तर प्रदेशः लोकसभा चुनाव 2024 मे हर प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहा है ओर जनता के बीच पहुंचकर वोट मांगने मे लगे हैं लेकिन चुनाव एक बड़ी बिरादरी के वोट बैंक पर बसपा प्रत्याशी ने ऐसा हमला किया की सपा प्रत्याशी के लिए मुसीबत भरा साबित हो सकता है।



संभल आठ लोक सभा क्षेत्र के सिरसी कस्बा स्थित पोटा बराई गांव में खान साहब बिरादरी का एक आवश्यक सम्मेलन का आयोजन किया गया। अनेकों गांव से चलकर काफी लोग सामिल हुए जिसमें सर्व सम्मटी से सभी ने एक राय होकर बसपा प्रत्याशी सोलत अली को चुनाव लड़ाए जाने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें यहां ऐसे भी चेहरे देखने को मिले जो सपा प्रत्याशी जियाउर्रेहमान बर्क के बेहद नजदीकी माने जाते थे। सपा प्रत्याशी जियाउर्रेहमान बर्क के लिए यह एक बड़े खतरे की घंटी साबित होता हुआ नजर आ रहा है जब खान साहब बिरादरी के लोगों ने एकजुट होकर सम्मेलन में बसपा प्रत्याशी का ऐलान क्या है आगे क्या रणनीति होती है।

यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन फिलहाल सपा प्रत्याशी के लिए यह खबर अच्छी नहीं है।इस बार का लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प है सभी प्रत्याशी अपनी अपनी जीत कि दावेदारी ठोक रहे हैं और वोटरों को लुभाने में कोई घोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रात दिन एक कर रहे है।

सदारत चौधरी अफसर अली व संचालन नेता फिरासत अली ने किया। इस मौके पर दूल्हा नंबरदार, वसीम खा पूर्व चेयरमेन, चौधरी अथर प्रधान, मोहम्मद फिरोज खा, डॉक्टर रऊफ, हाजी सदाकत, मोहम्मद नबी नंबरदार जिला पंचायत, मोहम्मद हनीफ प्रधान, अब्दुल रऊफ, डॉक्टर बिटटन खा आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश: ब्राह्मण, बनिया और राजपूतों के बाद अब मुसलमानों की बारी



Ravi Modanwal

उत्तर प्रदेशः भाजपा सांसद विनोद सोनकर के बिगड़े बोल गड्डियों को कैमरे पर दिये मां बहन की गाली आखिर किस विरादरी के दम ओर फुदक रहे सांसद। लगातार बीते कई महीनों से बारी बारी जातिओ को टारगेट कर रहे सांसद विनोद सोनकर, देश की सबसे अनुशाषित पार्टी के सांसद पार्टी की इज्जत तार तार करने पर आमादा।

तीसरी बार प्रत्याशी बनाये जाने के बाद से घमंडिया गये है सांसद विनोद, क्या इन्ही खूबियों को देखते हुए भाजपा ने तीसरी बार दिया है मौका। कैसे पार करेंगे भाजपा की नैया जब खेवैया ही कर रहा दादागीरी, भूमाफियाओ से इनका रिश्ता खुद कर रहे उजागर की अब।जमीन मे करंट आ गया है।

भरवारी के मेहता ट्रस्ट के कब्जे पर लगे आरोपों के बाद आज साबित हो गया की भूमाफियाओ को देते है संरक्षण। ऐसे हाल रहे तो कौशाम्बी मे भाजपा की डूबा देंगे लुटिया।

# राजस्थान: मतदाताओं ने दिखाया उत्साह नव मतदाताओं को मिले सम्मान

Gajendra Singh

राजस्थानः कपासन ग्राम पंचायत सुरपुर में 69.84% मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्रातः सात बजे से ही मतदान शुरू हुआ। गर्मी को देखते हुए मतदान का रुझान फीका लगने का अंदेसा था लेकिन दिन भर चलती रही मतदान की प्रक्रिया।



ग्राम तरनावों का खेड़ा बूथ पर विधानसभा यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जाट, सिंहपुर मंडल उपाध्यक्ष मदन लाल जाट, प्रवक्ता रोशन लाल रेगर, अनिल कुमार सुथार, राज कुमार जाट ने अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए मतदान प्रतिशत को अधिकाधिक करवाया।

वहीं भाजपा के बूथ अध्यक्ष कन्हैया दास वैष्णव ने अपनी टीम के साथ कार्य करते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ावा दिया। वही सुरपुर बूथ पर जबरदस्त मुकाबले की टीम रही। भाजपा एवम कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं को अपनी और आकर्षित करते हुए नजर आए।

भाजपा के यूथ एवम पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिनेश चंद्र जाट, मंडल अध्यक्ष छोगा लाल गाडरी, दिनेश चंद्र सोनी एवम टीम ने उत्साहित अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। वहीं कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला महामंत्री एवम पूर्व सरपंच माधव लाल जाट, पूर्व सरपंच सीमा जाट, यूथ कांग्रेस लेहरू लाल जटिया, बुद्धि प्रकाश गाडरी, अनिल सोनी, रोहित गिरी गोस्वामी,मंडल कमलेश खटीक , मंडल उपाध्यक्ष बद्री लाल जाट आर एल पी संयोजक धन राज जाट, जगदीश चंद्र जाट एवम टीम सहित सुरपुरी बूथ गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते एक ही मंच पर नजर आए भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने बताया कि चुनाव के बाद तो हमेशा एक रहना है । ग्राम पंचायत के चार बूथों पर 4085मेसे 2853सहित 156विकलांग एवम वरिष्ठ मतदाताओं में से 125मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्राम तरनावो का खेड़ा बूथ सर्वाधिक नव मतदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता यूथ कांग्रेस विधान सभा उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जाट, मंडल उपाध्यक्ष मदन लाल जाट, प्रवक्ता रोशन लाल रेगर कांग्रेस उपर्णा पहना कर स्वागत किया।

## एक नजर

### हरियाणा: पानीपत से सफीदों रोड पर गांव खुखराना के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

Khusi Ram



हरियाणाः पानीपत से सफीदों रोड पर गांव खुखराना के पास भीषण सड़क हादसा हुआ जब एक ट्रक नंबर लफ्6933472 जो कि कनक से लदा हुआ मडलौडा की तरफ से पानीपत जा रहा था। एक ट्रैक्टर ट्रॉली पानीपत से मडलौडा की तरफ जा रहा था।

पृत्यक्ष द्दशियो के अनुसार कुछ पशु अचानक से सड़क पर आ गए जिसकी वजह से ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली दौनौ का संतुलन बिगड गया। और दोनो की एक दूसरे के साथ जबरदस्त भिडन्त हो गई।

जिसमे टैक्टर के? टुकडे कई हिसो मे बट गए गनीमत ये रहि? कि किसी की जान का नुक्सान नहीं हुआ जेसा की मोके पर पहुंचे थाना ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया पानीपत के हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने बयाया ट्रक मडलौडा मंडी का बताया गया है।

### एक बार फिर जला मणिपुर, नहीं थम रही मणिपुर में हिंसा



Jamil Ahmed

मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा ने अपना नया रूप लिया है, और जारी हिंसा अभी थमती भी नहीं दिख रही है। लोकसभा चुनाव के एक दिन बाद ही यहां कुकी उग्रवादियों ने नारानसेना इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवानों पर हमलाकर दिया। इस हमले में दो जवानों की मौत हो गई है। मणिपुर पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा की कुकी उग्रवादियों ने आधी रात 12.30 बजे सीआरपीएफ के कैंप पर हमला किया। और यह 2.15 बजे तक जारी रहा। हमले में मारे गए जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं।

### राजस्थान: बांदीकुई गौ रक्षको ने एक गौ माता की रक्षा कर उसे बचाया



Pradeep Sharma

राजस्थानः बांदीकुई गौ रक्षको ने एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की जो गौ माता बांदीकुई में डेढ़ महीने से बहुत परेशान थी, जिसका शरीर बाहर निकला हुआ था।जिसकी सूचना इंद्र दत्त की बुंदेल एडवोकेट ने दी थी जिसका पहला ज्ञापन भी दिया गया था।

सुरेश पुजारी राजस्थान प्रदेश सचिव बृजवासी गौ रक्षा दल ने राजस्थान में सभी ग्रुपों में प्रयास किया लेकिन असफल रहा।बांदीकुई नगर पालिका की टीम आशुतोष व्यास स्वास्थ्य निरीक्षक एवं दिनेश कुमार शर्मा एस आई अपनी टीम लेकर के पहुंचे। जिन्होंने 04 घंटे की मस्कत के बाद गौ माता को शाम 5:30 बजे आखिरकार सफलता हासिल की मैं सुरेश पुजारी व उनकी टीम को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने एक गौ माता का जीवन बचाया और उसका प्राथमिक उपचार करवाया। अंधेरा हो जाने के कारण गाय को पकड़ करके बांधी गई कल दूसरे दिन सुबह भौरंगी गौशाला राजगढ़ में भिजवाया गया।जिसमें जमादार सतीश चंद्र,विजेंद्र कुमार,विजय सिंह, प्रीतम सिंह एवं वाहन चालक रतन सिंह राजपूत का बड़ा योगदान रहा मैं उन्हें पुनः धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने एक गौ माता को बचाया।

### मेयर चुनाव स्थगित होने पर एमसीडी में हंगामा

Jamil Ahmed

दिल्ली मेयर का चुनाव एलजी विनय सक्सेना द्वारा ने स्थगित कर दिया। और फिर एमसीडी सदन की बैठक बुलाई गई। बैठक शुरू होते ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के पार्षदों ने जमकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया।

हंगामा मचाना शुरू कर दिया। आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन और भाजपा दोनों ही एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आप पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी दलित को मेयर नहीं बनने देना चाहती।

# हरियाना: जेईई मेन की परीक्षा में नारनौल के बच्चों ने अपना परचम लहराया

सतीश




हरियानाः जेईई मेन की परीक्षा परिणाम में नारनौल के होनहारों ने इस बार भी अपना परचम लहराया है। स्थानीय महेंद्रगढ़ रोड़ स्थित आकाश एजुकेशनल संस्थान के एक छात्र ने 99.86 फीसदी सहित पांच विद्यार्थियों ने 99 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं।

इसके अलावा 18 स्टुडेंट्स ने 95 से अधिक तथा 28 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर अपने अभिभावकों, क्षेत्र तथा संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान परिसर में शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर परमेश्वर झा ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्व तथा इस बार की भांति भविष्य में भी इससे और बेहतर परिणाम लाने के लिए वे प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में जान्हवी मित्तल ने 99.86 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार अमन कुमार ने 99.83, हिमांशु तंवर ने 99.31 और ध्रुवांशु ने 99.10 परसेंटाइल व फिजिक्स में 100 फीसदी हासिल किए हैं। इसके अलावा मोहम्मद शामी ने 98.98, हरकेश ने 98.96, विकास ने 98.90, आयूष पूनिया ने 98.88, अंकुश ने 98.80, मोहित कुमार ने 98.63 तथा हर्ष ने 98.59 परसेंटाइल हासिल किया है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार व संस्थान के सहयोग को दिया है।

उन्होंने बताया कि मेडिकल, आईआईटी, जेईई एवं एडवांस कोर्सों के लिए कड़ी मेहनत तथा वरिष्ठ एवं प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में संस्थान ने अभी तक बेहतरीन उपलब्धियां अपने नाम की है। उनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उम्मीददों को पूरा कर छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए तैयार करना है।

## उत्तर प्रदेश: मतदाता जागरूकता अभियान रैली कार्यक्रम हुए आयोजित



Radha Krishna

उत्तर प्रदेशः मतदाता जागरूकता अभियान रैली नगर पंचायत सरीला मे शुक्रवार को मोटर साईकिल में सवार हमीरपुर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला अधिकारी राहुल पांडेय हमीरपुर को निदेर्शानुसार जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आयोजित हुए।

मुख्य विकासखंड अधिकारी सरीला दिव्या त्रिपाठी ने प्रशासन की अपेक्षा की है कि आप 20 मई को अधिक से अधिक वोट करने की सहयोग करें। तहसीलदार रविन्द्र कुमार पाल व नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा एवं ग्राम समस्त राजस्व कर्मचारी सरीला व पंचायत सचिव आनंद कुमार व अन्य कर्मचारी ग्राम पंचायत सहायक दीपक राजपूत प्राथमिक विद्यालय प्रधानाचार्य समाज जूनियर हाई स्कूल प्रधानाचार्य समस्त स्टाफ उच्च प्राथमिक विद्यालय के साथ प्रधानाचार्य अध्यापक जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य अध्यापक समस्त ग्राम वासियों को मतदाता शपथ तहसीलदार रविन्द्र कुमार पाल ने दिलाई गई जागरूकता रैली निकाल कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

## छत्तीसगढ़: सेजेस पटेवा महासमुंद के स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने किया मतदान में सहयोग



Dakatar Kumar sen

छत्तीसगढ़ः पटेवा अंचल के मतदान केन्द्रों में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पटेवा के स्काउट गाइड्स ने पटेवा, बोडरा , जोगीडीपा, सिनोधा, भावा, तोरला, सलिहाभाठा मतदान केंद्रों में उत्साह के साथ आसक्त मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग प्रदान करना जारी रखा है।


सेजेस पटेवा के प्राचार्य एस सी प्रधान द्वारा प्रातः से मतदान केंद्रों पर उपस्थित स्काउट गाइड्स के पास व अतिरिक्त स्काउट गाइड्स के माध्यम से तथा स्वयं पहूंच कर पर्याप्त नाश्ता उपलब्ध कराया तथा सम्बंधित सरपंचो से? चर्चा कर इन बच्चों को भोजन भी उपलब्ध कराया।

कुछ 13 स्काउट गाइड्स मतदान महापर्व में अपना योगदान जारी रखें हैं।

# हरियाना: सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल आयोजित

सतीश

**हरियानाः** नारनौल लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए आज सभागार में सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रथम रिहर्सल कराई गई। इस दौरान जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद की देखरेख में पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपीएटी की हैंड ऑन ट्रेनिंग कराई तथा उन्हें चुनावी प्रक्रिया के बारे में प्रोजेक्टर के जरिए बारीकी से बताया गया।



इस मौके पर डीएमसी ने कहा कि चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्र पर होने वाली गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। अपने मतदान केंद्र पर स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करना आपका प्राथमिक कर्तव्य तथा जिम्मेदारी है। चुनावों में निष्पक्षता तथा शिष्टाचार बनाए रखना जरूरी है। सभी राजनीतिक दलों तथा स्वतंत्र उम्मीदवारों सहित चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर रवाना होने से पहले सारा सामान अच्छी तरह से चेक कर लें। इस दौरान कई प्रकार के फार्म उपलब्ध करवाए जाते हैं जिनके बारे में पहले से ही जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने मतदान के दिन होने वाली सभी कागजी कार्रवाई के बारे में भी बताया। उन्होंने पोलिंग एजेंट के बैठने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 26 के प्रावधानों तथा धारा-28 ए के प्रावधानों के तहत पीठासीन अधिकारी के रूप में चुनाव कराने के लिए नामित हैं। पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी का कार्य भारत के चुनाव आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माना जाता है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ निष्पक्ष शांतिपूर्ण चुनाव करवाने को प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के दिशा निर्देश अनुसार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा रहेगी। इस मौके पर नगराधीश मनजीत कुमार, डीआईओ हरीश शर्मा तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।


# राजस्थानः जिला कोटपूतली पशु चिकित्सा पद्यति से पशु पक्षियो का बचाया गया जीवन

PRAMOD KUMAR BANSAL

राजस्थानः जिला कोटपूतली बहरोड में पशु पक्षियो का जीवन बचाने मे दिन रात जुटे रहते है गोविन्द भारद्वाज कहते है कि पर भगवान ने मनुष्य को पृथ्वी पर बेजुबान जीवो के कष्ट दूर करने के लिए भेजा है। एक पशु चिकित्सक दायित्व होता है कि वह हर संभव प्रयास कर पशु चिकित्सा पद्यति से पशु पक्षियो का जीवन बचाये ।

आज पशु विश्व पशु चिकित्सा दिवस के मौके इस कथन सत्य करने वाले राजस्थान के जयपुर जिले की पावटा तहसील के ग्राम भांकरी निवासी एलएसए गोविन्द भारद्वाज है जो कि दिन हो रात बेजुबान घायल पशु पक्षियो की रक्षा करने मे जुटे रहते है। एवं साथ विलुप्त होते वन्य जीवो को बचाने मे भी जुटे रहते है।

इस कार्य मे पूरा मार्ग दर्शन बडे भाई प्रसिद्ध ज्योतिषी पं डॉ गौरीशंकर शर्मा का है। भारद्वाज की



नियुक्ति पशुपालन विभाग मे 8 अक्टूबर 2013 से पशुधन सहायक के रूप मे हुई थी । भारद्वाज ने अब तक सेवा काल मे 25468 गाय 2426नील गाय 2001 मोर 171 बन्दर 80लंगूर दो जरख तीन बाज दो बिज्जू एक उल्लू दो गीदड सात सौ से अधिक छोटे परिन्दो का उपचार किया इसके अलावा 241 वन्य जीवो के ऐसे बच्चो का निप्पल एवं बोतल से दूध पिलाकर पालन पोषण किया है। जिनकी मॉ मर गयी या जंगल मे छोड़कर चली गई ।

छः हजार लावरिश गायो के प्लास्टर उन्हे चलने योग्य बनाया इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आये दिन सड़क हादसे मे घायल होकर गायो के पैर टूट जाते है तो भारद्वाज उनके प्लास्टर उनको चलने योग्य बनाते है। इन्होंने छ हजार गायो के प्लास्टर कर उनको चलने योग्य बनाया है।

25लावारिश पशु पक्षियो को कुंए से सकुशल निकालकर उनकी जान बचा भारद्वाज ने नारायणपुर बानसूर पावटा शाहपुरा विराटनगर क्षेत्र क्षेत्र अब डॉ गौरीशंकर शर्मा मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा के साथ मिलकर कुंए मे गिरकर घायल हुए 25पशु पक्षियो को सकुशल निकाल उपचार उनकी जान बचाई ।

भारद्वाज दिन हो रात हमेशा पावटा शाहपुरा विराटनगर कोटपूतली बानसूर नारायणपुर एवं थानागाजी क्षेत्र मे बेजुबान जीवो का उपचार करने जाते है। एवं उपचार मे आने वाली दवा एवं अन्य खर्चे स्वयं वहन करते है। इसके अलावा कोरोना काल मे जहाँ लोग अपना एवं अपनो का जीवन बचाने लगे हुए थे।

उस समय भारद्वाज डॉ.गौरीशंकर शर्मा मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा बेजुबान घायल पशु पक्षियो का जीवन बचाने मे जुटे हुए थे । कारोना काल मे हजारो पशु पक्षियो की जान बचाई । इन्होने गत वर्ष गायो मे फैली लम्पी स्कीन बीमारी के दौरान 1500 से अधिक गायो की जान बचाई।

खास बात है यह कि इनके बैग मे हमेशा निप्पल सहित दो बोतल रहती है। बेजुबान पशुओ के बच्चे बोतल दिखते ही वे दौडे चले आते है। जब ये बच्चे बडे हो जाते है तब इन्हें जंगल मे छोड दिया जाता है। इनका बेजुबान पशुओ के प्रति प्रेम हम सबको प्रेरणा देता है। इसके अलावा मोहित शर्मा एवं दिव्या शर्मा हर वर्ष गर्मी की छुट्टियों मे पावटा एवं शाहपुरा क्षेत्र मे पक्षियो के लिए दाने एवं पानी के लिए परिण्डे बांधते है एवं वर्षा ऋतु मे वृक्षारोपण करते है।


जो पशु बीमार या घायल अवस्था मे चारा पानी नही खा पाता है उस भारद्वाज स्वयं अपनी हाथ से खाना खिलाते है, भारद्वाज ने बताया कि पशु चिकित्सक और घायल पशु मॉ बेटा का सम्बंध होता है। जब भारद्वाज घायल पशु को अपने हाथो से खाना खिलाता है तो उसे मॉ की सेवा की अनुभूति मिलती है। इनकी सेवा हम सब को प्रेरणा देती है।

## भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को लगा कोर्ट से झटका

Jamil Ahmed

दिल्ली राउज एवन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों की औरसे दायर की यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग करने वाली और एक कोच का कॉल डिटेल रिकॉर्ड पेश करने की मांग करने वाली बीजेपी सांसद और पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण सिंह ने दावा किया था कि वो घटना वाले दिन भारत में नहीं थे।

बृजभूषण सिंह ने आरोपों पर आगे की दलीलें पेश करने और आगे की जांच के लिए समय की मांग करते हुए कोर्ट में याचिका दायर किया था। बृजभूषण सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे 7 सितंबर, 2022 को डब्ल्यूएफआई



कार्यालय गए थे, जहां उसके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की गई थी।

पिछले साल पुलिस दायर किया था चार्जशीट बृजभूषण सिंह वकील ने दावा किया कि सीडीआर को पुलिस ने रिकॉर्ड पर नहीं रखा है। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 15 जून 2023 को धारा 354 महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल, 354 ए यौन उत्पीड़न, 354 डी पीछा करना के तहत चार्जशीट दायर किया था।

## उत्तर प्रदेशः सड़क हादसे पर पुरुष महिला की मौत, घर में छाया मातम

**आकील अली**

उत्तर प्रदेशः किरतपुर में अलग-अलग सड़क हादसो में पुरुष व महिला की मौत हो गई तथा आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सकों के यहाँ भर्ती कराया गया। सम्पर्क सूत्र द्वारा बताया गया की शुक्रवार की दोपहर समला 48 वर्ष पत्नी सुशील सैनी निवासी ग्राम भनेड़ा नजीबाबाद से दवाई लेकर वापस अपने घर आ रही थी।

जैसे ही वह भनेड़ा बस स्टैंड पर बस से उतर कर पैदल घर जा रही थी तो नहर नहर की पुलिया पर पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गई। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने तुरंत इलाज के लिए किरतपुर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया जहा चिकित्सकों ने समला को मृत घोषित कर दिया।

महिला के मृत होने की सुचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वही दूसरी ओर ग्राम मोचीपुरा से एक स्कूटी सवार व्यक्ति हबीब अहमद 60 वर्ष पुत्र



मोहम्मद उमर निवासी ग्राम तुलसी गढ़ी नजीबाबाद की ओर से नेशनल हाईवे पर आया तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसको पीछे से टक्कर मार दी।

जिससे हबीब व उसका साथी अमीर हसन व उसके साथ 6 वर्षीय बच्चा सुफियान गंभीर रूप से घायल हो गए। मोके पर इकट्ठा हुए राहगीरो ने तुरंत उपचार के लिए नजीबाबाद के एक निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान हबीब को मृत घोषित कर दिया तथा अमीर हसन एवं छः वर्षीय सुफियान का नजीबाबाद मे निजी चिकित्सक के यहाँ इलाज चल रहा है।

इसके आलावा एक बाइक पर सवार व्यक्ति अशद पुत्र मिरुद्दीन निवासी हादीपुर अपनी तीन पुत्रीयो को स्कूल से घर वापस ले जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर पंहुचा तो सामने से आ रहे एक बाइक पर सवार तीन युवको ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अशद व उसकी तीन पुत्री फाइजा, सिदरा व अर्शी गंभीर रूप से घायल हो गई। मोके पर इकट्ठा हुए राहगिरो ने तीनो युवको को पकड़ लिया व घायलों को नगर के निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया। जहा चिकित्सकों ने तीनो बच्चीयो को प्राथमिक उपचार दिया तथा अशद की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## न्यूयॉर्क की अदालत ने हार्वे विंस्टीन की यौन उत्पीड़न की सजा को क्यों पलट दिया?

Jamil Ahmed

: फिल्म सम्राट के खिलाफ न्यूयॉर्क यौन उत्पीड़न की सजा को पलटने के बाद हार्वे विंस्टीन को अदालत से कुछ राहत मिली, जो 2017 में शुरू हुए #टीळङ्क्ष आंदोलन के केंद्र में था। इस घटनाक्रम की दुनिया भर में आलोचना हुई है, कई लोगों ने इसे 'सिस्टम के साथ विश्वासघात' बताया है। अपील अदालत द्वारा मामले को पलट दिए जाने के बावजूद, वीनस्टीन के जेल से बाहर आने की संभावना नहीं है। इसके अलावा, मैनहट्टन में अभियोजकों ने मामले की अपील करने के अपने प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं।

हार्वे विंस्टीन के खिलाफ न्यूयॉर्क यौन उत्पीड़न का मामला क्यों पलट दिया गया?

इस मामले को न्यूयॉर्क की अपील अदालत ने तब पलट दिया



जब उसने देखा कि बलात्कार मामले में ट्रायल जज ने "गंभीर" अनुचित फैसलों के साथ वेनस्टेन के साथ पक्षपात किया। सुनवाई के दौरान उद्धृत उदाहरणों में से एक महिलाओं को वेनस्टेन के आरोपों के बारे में गवाही देने का निर्णय था। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, आरोप नहीं लगाया गया था। अदालत ने 4:3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि न्यायाधीश जेम्स बर्क द्वारा "घृणित कथित बुरे कृत्यों और घृणित व्यवहार" के बारे में इन अन्य महिलाओं से गवाही की अनुमति देना "न्यायिक विवेक का दुरुपयोग" था। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के अनुसार।

एपी ने जज के हवाले से कहा, बिना किसी सवाल के, यह भयावह, शर्मनाक, घृणित आचरण है जो जूरी के सामने प्रतिवादी के चरित्र को कम कर सकता है। न्यायाधीश जेम्स बर्क ने भी अभियोजक को अपने पिछले इतिहास के बारे में गवाही देने के लिए वेनस्टीन का सामना करने की अनुमति देकर मुकदमे को प्रभावित किया, वेनस्टीन के वकील ने तर्क दिया।

क्या विंस्टीन रिहा हो जायेंगे?

वीनस्टीन की रिहाई की संभावना कम है क्योंकि 72 वर्षीय विंस्टीन को 2022 में लॉस एंजिल्स में एक और बलात्कार का दोषी ठहराया गया है और 16 साल की सजा सुनाई गई है। वीनस्टीन न्यूयॉर्क में, हाल ही में अल्बानी से लगभग 100 मील (160 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में मोहॉक सुधार सुविधा में सेवा दे रहे हैं।

उसे अपनी सजा काटने के लिए कैलिफोर्निया ले जाया जा सकता है, हालाँकि यदि अभियोजक किसी मुकदमे को आगे बढ़ाने का विकल्प चुनते हैं तो उसे नए मुकदमे की प्रतीक्षा करते हुए न्यूयॉर्क में रखा जा सकता है। यौन उत्पीड़न के मामलों से संबंधित कई मुकदमों के बीच, वीनस्टीन ने कहा है कि वह निर्दोष है। वर्तमान में, उन पर आपराधिक यौन कृत्यों के विभिन्न आरोप हैं, जिनमें 2006 में एक टीवी और फिल्म निर्माण सहायक पर जबरन मुख मैथुन और बलात्कार शामिल है।

## राजस्थानः बारां गांव में नहीं पड़ा एक भी वोट



Ghanshyam

राजस्थानः देवपुरिया गांव में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। यहां के बूथों पर एक भी वोट नहीं डाला गया। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीण के साथ समझाइश की, लेकिन वे अड़े रहे।

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी तब तक एक भी वोट नहीं डाला जाएगा। आजादी के 75 वर्ष बाद भी गांव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं होने से खफा मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव से पहले ही मतदान बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। गांव में है 400 मतदाता, मतदान केंद्र रह गए सूने गांव आबादी 700 से 800 के बीच है। 400 मतदाता है। मतदान नहीं होने से मतदान केंद्र सूने रहे। शाम तक भी एक भी वोट नहीं डाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क नहीं बनाई जाएगी तब तक मतदान का बहिष्कार जारी रहेगा। प्रशासन पहुंचा, कोशिश नाकाम मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार त्रिलोक चंद्र शर्मा, थानाधिकारी हरलाल मीणा, पटवारी पुष्पा चौधरी, पूजा मिश्रा ने ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया लेकिन सारी कोशिशें बेकार गई।

## उतर प्रदेशः जनपद मीरजापुर थाना ड्रमडगज क्षेत्र में एक हफ्ते के अंदर हुआ दो मर्डर

Suraj Maurya

उत्तर प्रदेशः जनपद मीरजापुर हलिया थाना ड्रमडगज क्षेत्र के नौगवा गांव में आई बारात में हुआ वर वधु दोनों पक्षों मे वाद विवाद हो गया था। उक्त विवाद के बाद से वधू पक्ष का एक युवक अजय कहार पुत्र प्रहलोदी कहार निवासी नौगवा गुरुवान थाना ड्रमडगज मिजार्पुर उम्र करीब 21 वर्ष गायब हो गया था।

परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया था लेकिन पुलिस ने टालमटोल कर दिया जिससे आज परिजनों को इतना बड़ा घटना झेलना पड़ रहा है परिजन 2 दिन से युवक की तलाश कर रहे थे लेकिन



परिजन का कहीं पता नहीं लगा शुक्रवार को नौगवा खलिहान में अजय कहार का शव भूसा में मिला शव की सूचना मिलते ही परिजन रोते विलखते शव के पास पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि जिस दिन बाद विवाद हुआ था।

अगर उसी दिन प्रशासन चाह लेता तो आज इतना बड़ा घटना का शिकार नहीं होना पड़ता लेकिन कहीं ना कहीं प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण इतना बड़ा हादसा हुआ जबकि बारात के दिन ही इतना ज्यादा विवाद हुआ था लेकिन प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया और ना तो पीड़ित का सुनवाई हुआ जबकि पीढ़ीत ने बारात पक्ष को पहले से ही कह रहा था कि वही लोग हमारे बेटे को गायब किए हैं।

परिजनों ने रोते विलखते शव को रखकर उच्च अधिकारी का इंतजार करते रहे जब मौके पर उच्च अधिकारी पहुंचे तब परिजनों ने शव को दिया घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर अभिनंदन सिह ने बताया कि ग्राम नौगवा खलिहान में अजय उपरोक्त का शव होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर अभिनंदन सहित फील्ड यूनिट डाक स्काड व थाना ड्रमडगज पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। थाना ड्रमडगज पुलिस द्वारा घटना से संबंधित आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है तथा शव को कब्जे में लेकर नियमानुसान अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है मौके पर कानून व्यवस्था संबंधित कोई समस्या नहीं है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेशः समाजसेवियों के सहयोग से दो गरीब कन्याओं के हुए हाथ पीले




Ajay Singgh Tomar

मध्य प्रदेशः पोरसा में बेहद गरीब परिवार की दो कन्याओं की शादी में सैनिक युवा शक्ति संगठन व समाज सेवियों ने भरपूर सहयोग करके बच्चियों की शादी करवाई। आज ग्राम खेरिया की बाल्मिक समाज की दो गरीब कन्याओं के न तो मां और न ही पिता है न भाई है गरीब दो बालिकाओं की शादी की जिम्मेदारी समाज सेवी आशीष सिंह तोमर निवासी नंद का पुरा ने ली।

और सैनिक युवा शक्ति संगठन व समाजसेवियों ने पलंग अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, फरार्टा पंखा,मिक्सी, एलइडी, कुर्सी सेट, खाद्य सामग्री आदि सामान देकर समाजसेवियों ने गरीब बालिकाओं की शादी संपन्न कराई शादी में सहयोग करने वाले समाजसेवियों मे आशीष सिंह तोमर निवासी नंद का पुरा , राघवेंद्र सिंह तोमर , रामबीर सिंह तोमर , सोनू सिंह तोमर, विष्णु सिंह तोमर , योगेश शर्मा ,शांतेश सिंह तोमर, संदीप तोमर, वीर सिंह भदौरिया, अप्पे सिकरवार, गोविंद तोमर, मंगल तोमर, अजय तोमर ,टिंकू तोमर, शेलू तोमर, रंजीत फौजी,केतन दुबे, कुलदीप तोमर, राजीव तोमर, सोनू तोमर, हाथी बाबा, सत्यपाल तोमर, सोनू शर्मा,भोले सेठ, मुनेद्र तोमर, बबलू भदौरिया,आदि ने सहयोग करके सभी सामान एकत्रित करके बालिकाओं के परिवार वालों को दिया।

### मध्य प्रदेशः बसपा के प्रत्याशी ने साइकिल से नामांकन जमा किया, शहर में निकाली साइकिल रैली



Fulchand Malviya

मध्य प्रदेशः देवास शाजापुर लोकसभा संसद के क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ साइकिल पर जाकर अपना नामांकन फार्म जमा किया बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम ने साइकिल से शुरूआत कर पार्टी की स्थापना की थी।

इस विचारधारा पर चलकर पार्टी प्रत्याशी और कार्यकताओं ने पूरे शहर में साइकिल रैली निकालकर नामांकन जमा किया बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह चौखुटिया ने बताया कि मुझे पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है पार्टी के संस्थापक काशीराम जी ने साइकिल से शुरूआत की थी उसी विचारधारा पर मैं साइकिल से नामांकन फार्म जमा करने का निर्णय लिया।

### मध्य प्रदेशः मतदाता जागरूकता के लिए नगर पालिका कर्मचारियों ने निकाली बाइक रैली




Ajay Singgh Tomar

मध्य प्रदेशः पोरसा नगर पालिका परिषद पोरसा के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सत प्रतिशत मतदान करने के लिए बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक।

जिलाधीश मुरैना ,व जिला सीईओ मुरैना तथा एसडीएम अरविंद माहौर के निर्देशन में आज नगर पालिका परिषद पोरसा के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए डीजल पंप के सामने से एक बाइक रैली निकाली गई जिसमें आधा सैकड़ा मोटरसाइकिल बाइक शामिल थी।

सभी बाइकों पर पटटिकाएं लगी हुई थी बाइक रेली के साथ तहसीलदार नवीन भारद्वाज, सीएमओ अवधेश सिंह सेंगर, सब इंजीनियर संजय वर्मा, देवेंद्र राजोरिया, माधवेन्द्र सिंह तोमर, इसान कुरेर्शी,दिनेश कुमार , आदि सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक कर्मचारी गण शामिल हुए बाइक रैली डीजल पंप पोरसा से लेकर अंबा रोड ,भिंड रोड, अटेर रोड ,बायपास रोड, सब्जी मंडी रोड ,सदर बाजार, इमली चौक, होते हुए पुराना थाना परिसर पर संपन्न हुई।

### उत्तर प्रदेशः मतदाता जागरूकता तथा स्कूल चलो अभियान का स्कूली बच्चों द्वारा निकली गई रैली




Anandd Kumar

उत्तर प्रदेशः सोनभद्र जिले के विकासखंड दुद्धी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुटवेड वा विंधोम गंज में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र मौर्य के कुशल निर्देशन में स्कूल चलो अभियान तथा मतदाता जागरूकता रैली कंपोजिट विद्यालय के बच्चों द्वारा शनिवार को निकाली गई।

रैली विद्यालय परिसर से लेकर गली चौराहे मोहल्ले में जाकर हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है। जन-जन का नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। इत्यादि नारे स्कूल के बच्चों ने लगाकर जनसमुदाय को प्रेरित किया।

स्कूल के प्रधानाध्यापक राजकमल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि स्कूल में बच्चों का नामांकन करा कर नियमित स्कूल भेजा जाए। मतदाता जागरूकता रैली के तहत अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की अपील की गई।

इस अवसर पर श्वेता जायसवाल पद्मावती देवी ,संगीता ,अंजू रानी चंचल कुमारी ,,शालिनी कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिका समेत गांव के कई प्रबुद्ध जनों ने रैली में हिस्सा लिया।

# महाराष्ट्र: बीजेएम कार्मेल अकादमी द्वारा यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण शारदा मादेश्वार का सत्कार

Sumita Ajay Sharma

महाराष्ट्रः कुछ दिनोपूर्व यूपीएससी परीक्षा के परिणाम आए जिनमें चंद्रपुर की शारदा मादेश्वार 282 रैंक लेकर उत्तीर्ण हुई है। चंद्रपुर की बेटी द्वारा केंद्र लोकसेवा आयोग की परीक्षा पास होने के उपलक्ष्य में शारदा का चंद्रपुर शहर में सत्कार किया जा रहा है।

ऐसे ही चंद्रपुर तुकूम स्थित बीजेमएम कार्मेल अकादमी जिसमें शारदा ने स्कूली तथा जूनियर कॉलेज 12 वीं तक की शिक्षा ली में शारदा मादेश्वार का सत्कार किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल फादर जैसन जेकॉब ने पुष्पगुच्छ देकर शारदा का सत्कार किया इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र छात्राएं तथा सम्पूर्ण स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित थे।




शारदा मादेश्वर ने स्कूली छात्रों का मारदर्शन करते हुए कहा हमें स्कूली शिक्षा के समय से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य को प्राप्त करते समय चाहे जितने उतार चढ़ाव आए उसे सकारात्मक पूर्वक स्वीकार करना चाहिए ।

लक्ष्य प्राप्ति के बाद लोग स्वयं आपकी पहचान स्वीकार करेंगे उन्हें बताने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी आप स्वयं की एक अपनी पहचान होगी साथ ही शारदा ने बताया कि की वह आजकल के बच्चों की तरह सोशल मीडिया में उलझी नही रही बल्कि सोशल मीडिया से दूरी बनाकर उसने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित किया तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर कामयाब होकर दिखाया। शारदा ने कहा की इस उपलब्धि में उसके मातापिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

शारदा ने कहा की उसकी इस सफलता के पीछे उसके मातापिता तथा बीजेएम कार्मेल के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।इस अवसर पर शिक्षकों ने भी शारदा के संबंध में अपने विचार रखे । अंत में सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने शारदा को आगे की सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी ।

# वीवीपैट मामले में ईवीएम, सिंबल यूनिट पर सुप्रीम कोर्ट के 2 बड़े निर्देश

Jamil Ahmed

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में - जब देश 2024 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान कर रहा है - सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन या ईवीएम को एक बड़ा विश्वास मत दिया है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने वीवीपैट या वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल का उपयोग करके ईवीएम पर डाले गए वोटों के 100 प्रतिशत सत्यापन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, "हमने सभी प्रोटोकॉल और तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की है (और) हम सभी दलीलों को खारिज करते हैं। किसी प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा हो सकता है।



वीवीपैट, ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

मशीन में प्रतीकों की लोडिंग पूरी करने के बाद, एसएलयू, या प्रतीक लोडिंग यूनिट को सील कर दिया जाना चाहिए और कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए संग्रहीत किया जाना चाहिए।

विशेष रूप से, अदालत ने कहा, "ईवीएम में चुनाव चिन्ह लोड करने की प्रक्रिया 1 जून मतदान के अंतिम चरण को या उसके बाद पूरी होने पर, एसएलयू को सील और सुरक्षित किया जाना चाहिए।

एसएलयू भंडारण कंटेनरों को सील किया जाना चाहिए और सील पर उम्मीदवारों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

# राजस्थान: शहर में पारंपरिक रूप से गवर माता की हुई पूजा



Rajendra Harsh

राजस्थानः शहर में पारंपरिक रूप से गवर माता की पूजन करने वाली तिजनियों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिटी की गलियों में लोटीयो का मेला पारंपरिक रूप से ढोल थाली के साथ वह बैंड बाजो के साथ निकला गया। इस मेले में तिजनियों द्वारा कई प्रकार के स्वांग रचे गए जो काफी मनमोहन रहे।


इस लोटियो के पर मेले में बच्चों में भी लोटियो में छोटी बालिकाओं में मेले का स्वागत कर सिटी की गलियों में लोटियो ऊंचा कर निकली। शहर की हर गलियों में गवर पूजने वाली तीजनियो द्वारा सिटी में लोटियों का कार्यक्रम किया। जो की काफी देखने लायक रहा इस मेले में बाहर से आने वाले पर्यटको ने भी इस परंपरा को समझा वह मेले का भरपूर आनंद लिया।

# छत्तीसगढ़: प्राचार्य समीर चन्द्र प्रधान की शैक्षिक उपलब्धि प्रतिष्ठित पत्रिका "FAMES INDIA" में प्रकाशित

Dakatar Kumar sen

छत्तीसगढ़ः सेजेस पटेवा के प्राचार्य और चर्चित शिक्षाविद् समीर चन्द्र प्रधान के शैक्षिक जीवन वृत को गुड़गांव से प्रकाशित प्रतिष्ठित पत्रिका "फेम्स इंडिया" ने पत्रिका के पृष्ठ क्रमांक 28 में विस्तार से प्रकाशित किया है।

इस पत्रिका में देश विदेश के चर्चित शिक्षा, स्वास्थ्य,व्यापार , समाज सेवा,कला, संस्कृति एवं अन्य विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों से सम्बन्धित रचनाधर्मी हस्तियों के जीवन वृत्तांत एवं उपलब्धियों की चर्चा की जाती है ताकि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जा सके।



गुड़गांव स्थित काइट्स क्राफ्ट प्रोडक्शन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित प्रिमियम एडिशन में कुल 43 प्रसिद्ध नामचीन हस्तियों की पृथक-पृथक पृष्ठों में चर्चा की गई है जिसमें डॉ समीर चन्द्र प्रधान के 34 वर्षीय शैक्षिक जीवन यात्रा को 19वें क्रमांक में पृष्ठ क्रमांक 28 में विस्तार से प्रकाशित करते हुए विशेष रूप से एक ऐसे शिक्षाविद् के रूप में निरुपित किया गया है।

जो भगवान श्रीकृष्ण के गीता में कहे गए बिना फल की चिंता करते हुए कार्य करने वाले अदम्य कर्मयोगी ही कर सकते हैं। पत्रिका ने श्री प्रधान के अखंडित मध्यप्रदेश, एवं छत्तीसगढ़ में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में कन्या एवं कमजोर सामाजिक वर्ग के शैक्षिक उत्थान के लिए शैक्षिक संस्थानों के परिसर के भीतर छात्र छात्राओं तथा शैक्षिक संस्थानों के परिसर के बाहर लोगों क शैक्षिक उत्थान के लिए कठिन परिस्थितियों में किये गए और किये जा रहे कार्यों की विस्तृत चर्चा की है।

श्री प्रधान के शैक्षिक जीवन वृत के देश के प्रतिष्ठित पत्रिका में स्थान दिये जाने पर शिक्षा क्षेत्र के अधिकारीयों, स्टाफ एवं संकुल के शिक्षकों, एवं पटेला एवं पिथोरा के प्रबुद्ध लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कुछ ही महीनों पूर्व समीर चन्द्र प्रधान को पत्रिका ने "दी बेस्ट प्रिंसिपल आफ द ईयर 2024"सम्मान प्रदान किया था।अनेक राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर चुके समीर चन्द्र प्रधान वर्तमान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय पटेवा में प्राचार्य के रुप में पदस्थ? एवं कार्यरत हैं।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश: मुरादाबाद अमरोहा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



Mohd Rashid

उत्तर प्रदेशः मुरादाबाद अमरोहा जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जनपद में 1486 भूत हैं और 743 भूतों पर वेव कास्टिंग की व्यवस्था कराई जा रही है युवा भूत महिला भूत दिव्यांग बूथ भी बनाए गए हैं। इनमें केवल युवा महिलाएं और दिव्यांग जहां 10 से अधिक दिव्यांग है वहां व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई जनपद में 8 आदर्श वोट बनाए गए हैं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है दिव्यांग और बुजुर्ग व्यक्तियों को ज्यादा देर तक खड़ा ना होने देने के लिए मतदान केंद्र में कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई है।

डीएम ने कहा कि शुक्रवार को अधिक से अधिक बढ़ चढ़कर मतदान करें पहले मतदान प्लीज जापान की तर्ज पर घर से निकलकर अपने माता का प्रयोग अवश्य करने जाएं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान निर्मित होकर अपने मत का प्रयोग करें किसी के डराने धमकाने में नहीं आना बताया कि सोशल मीडिया टीम कार्यालय में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं ब्राह्मण और आपत्तिजना खबर के खिलाफ गैंगस्टर और रासुका की कार्यवाही की जा सकती है।


### मध्य प्रदेश: 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में अपनी पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में उतरी मायावती

Fulchand Malviya



मध्य प्रदेशः बहुजन समाज पार्टी बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व सांसद मायावती देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में देशभर में की जाने वाली जनसभाओं के क्रम में कल दिनांक 28 अप्रैल सन 2024 रविवार को मध्य प्रदेश के मुरैना जिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बहन मायावती जी की यह चुनावी जनसभा मुरैना जिला के मेला मैदान में आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि देश में बहुजन हिताय बहुजन सुखाय व बहुजन सुखाय के व्यापक हित कल्याण के मद्देनजर ही डीएसपी इस लोक सभा आम चुनाव में किसी भी पार्टी अथवा गठबंधन आदि से कोई तालमेल या समझौता किए बिना ही पूरे देश में अपनी पार्टी के लोगों के हिट तन मन धन के बल पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले ही संसदीय आम चुनाव लड़ रही है।

### ओडिशा: हाडपदा में भगवान श्रीग्रामेश्वर महादेव के तीन दिवसीय मेला महोत्सव हुआ शुरू



LÔxminarayan Pathi

ओडिशाः खोर्धा जिला अंतर्गत नरणगड ग्रामपंचायत की हाडपदा में भगवान श्रीग्रामेश्वर महादेव के तीन दिवसीय मेला महोत्सव 26 अप्रैल को शुरू हुआ। हाडपदा, कुरुमपडा और धवलपुर तीनों गांव की इस मशहूर मेला 28 अप्रैल शनिवार रात की आखिर तक चलता रहेगा।

इससे पहले चैत्र मास शुक्ल पक्ष दशमी तिथी 9 अप्रैल को श्रीग्रामेश्वर देव का विमान मेला मैदान पर विराजमान हुए । साथ ही भगवत वासुदेव के दो विमान भी मेला मैदान पर विराजे ।रिवाज के अनुसार तीन दिवसीय यात्रा की समापन होने तक श्रीग्रामेश्वर महादेव और भगवत वासुदेव मेला मैदान पर रुके रहे। अपेरा पार्टि आने में विलंब हेतु इस वार ऐसा हुआ।

अपेरा सूर्यमंदिर के द्वारा पेश किया गया नाटक व नृत्य-संगीत देखने को लोगों की भीड उमडी ।अंदाजतन पचास हजार से ज्यादा लोगों के आवागमन वहांपर हुआ। पुरा मैदान पर दुकानें सजी हुई है। गोलगप्पे,चाट,वेलुन और आइसक्रीम से लेकर कंगन कंगी तक हर तरह की दुकानें लगी है।

# एक साल से लापता थाई मॉडल का शव बहरीन के मुर्दाघर में मिला

Jamil Ahmed

एक साल पहले लापता हुई थाईलैंड की मॉडल का शव बहरीन के एक मुर्दाघर में मिला है। 31 साल की काइकन केनाकम ने काम खत्म होने के बाद अपने देश के बाहर अवसरों की तलाश की। आउटलेट ने आगे कहा कि उसे बहरीन में एक रेस्तरां में नौकरी मिली और वह तीन साल पहले उत्तरी थाईलैंड में अपने परिवार का समर्थन करने के लिए वहां चली गई।

वह नियमित रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट करती थी और अपने परिवार को बताती थी कि वह अपने बहरीन प्रेमी से मिली है और उसके साथ रहने लगी है। हालाँकि, अप्रैल 2023 में उसने अचानक पोस्ट करना बंद कर दिया, जिससे उसका परिवार चिंतित हो गया। उनसे फोन पर संपर्क नहीं हो सका ।

कैकन के परिवार ने इस साल जनवरी में थाई दूतावास से मदद मांगी लेकिन वे उसे नहीं ढूंढ सके। 18 अप्रैल को थाई दूतावास ने परिवार को बताया कि एक अज्ञात दक्षिण पूर्व एशियाई महिला का शव सलमानिया मेडिकल कॉम्प्लेक्स के मुर्दाघर में रखा गया है। चाइना टाइम्स ने कहा कि उसके पैर पर बने टैटू से उसके परिवार को काइकन कैनाकम को पहचानने में मदद मिली।



मृत्यु का कारण शराब विषाक्तता के कारण तीव्र कार्डियोपल्मोनरी विफलता थी। डेली स्टार के मुताबिक, कैकन का परिवार अब उसके शव को वापस लाने के लिए मदद मांग रहा है और मानता है कि उसकी मौत संदिग्ध थी। काइकन की बहन सुथिदा नगर्नथवॉर्न ने 19 अप्रैल को एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा मेरी बहन ने लगभग दो या तीन साल पहले बहरीन में काम करना शुरू किया और उसे वहां एक अरब प्रेमी मिला। हालांकि, पिछले साल अप्रैल से हम उनसे संपर्क नहीं कर पाए हैं। हमारे परिवार ने बहरीन में थाई दूतावास से संपर्क किया और इस महीने 18 अप्रैल को पता चला कि उनका निधन हो गया है।

# संभल में भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी निकले घर-घर समर्थन मांगने




Mohd Shahanawaz

उत्तर प्रदेशः भारतीय जनता पार्टी के संभल से लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता निकले घर-घर समर्थन मांगने। आज मोहल्ला बिसौली गेट, महाजन मोहल्ला, साहूकारा मोहल्ला, कबीर गली आदि क्षेत्रों में टीम बनाकर प्रत्याशी के परिजन साथ भाजपा की पटका टोपी के साथ घर घर वोट मांगे।

सात मई को कमल का बटन दवा कर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की अपील की इस दौरान नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,राजकुमार ठाकरे,अर्चित अग्रवाल,भारत अग्रवाल,मोहन लाल मौर्य, नरेंद्र शर्मा, डॉ टीएस पाल, अभिनव शर्मा,राखी सिरोही, रेनु कुमारी, संगीता सक्सेना, रक्षा रानी, शीला सागर मुकेश जाटव, मोर मुकुट वार्ष्णेय,राधा कश्यप, रतन वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, प्रेमपाल सिंह,सचिन्द्र यादव,मोहित दिवाकर, हरेन्द्र कोहली,यश मदान, अनुभव श्रीवास्तव, तुषार अग्रवाल,सुशील कुमार,प्रह्लाद लोधी, नीलम अरोरा,प्रजीत लालू आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश: चंदौसी में मुंह सेरे मामा ने संपत्ति के लालच में दिया घटना को अंजाम



Mohd Rashid

उत्तर प्रदेशः मुरादाबाद चंदौसी नगर की दुर्गा धाम कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह कक्षा 9 में पढ़ने वाले नाबालिक मुंह सेरे मामा ने नाना की संपत्ति हड़पने के लिए 6 वर्षीय भांजे की ब्लेड से गला रेत कर और ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी।

बच्चों के चीखने पर पहुंचे लोगों ने आरोपी मामा को मौके पर पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से शासन जीता है। बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र गाड़ी रसौली गांव निवासी महिला का सब वर्ष से 6 वर्ष से पति से तलाक को लेकर मुकदमा चल रहा है।

तभी से वह 6 वर्ष के बेटे कुंज के साथ चंदौसी की दुर्गा धाम कॉलोनी में अपने नाना नानी के पास रहती है 17 अप्रैल को बदायूं के इस्लामनगर निवासी उसकी मौसी और 16 वर्षीय मुशायरा भाई उसके घर आए थे शुक्रवार की सुबह वह अपने 6 वर्ष के बेटे को मौसी मौसी के पास छोड़कर नौकरी की तलाश में दिल्ली गई थी। सुबह करीब 7ः00 बजे उसका मुंह तेरा भाई उसके बेटे को घर से बाहर ले गया और एक निर्माण दिन मकान में रखें सेफ्टी टैंक में फेंक दिया बाद में टैंक में उतर कर ब्लेड से भांजे का गला राते दिया वह चीखने लगा तो आप में ईद से उसका सिर्फ कुचल दिया जिससे बालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# उत्तर प्रदेश: 10 किलो के लगभग गांजे की खेप बरामद कर 2 अभियुक्तों कोई किया गिरफ्तार



Suraj Maurya

उतर प्रदेशः जनपद फतेहपुर में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर इसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी अनुसार आपको बतादें मुखबिर की सटीक सूचना पर नौबस्ता पास मौजूद मधुकरी आश्रम के पास 2 तस्करों द्वारा गांजे की खेप को तस्करी करने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी ने टीम गठित की।

इस दौरान सूरज कनौजिया,दरोगा आनंद वर्मा,हेड कांस्टेबल संदीप कुमार,संदीप कुमार गौतम ने दबिश देकर 10 किलो 3 सौ ग्राम की गांजे की खेप बरामद 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


इस दौरान आपको बतादें गिरफ्तार अभियुक्तों में इरफान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी इजूरा थाना सुल्तानपुर घोष को गिरफ्तार किया गया है। जिसके ऊपर दर्जनों मामले दर्ज होना बताया गया है। इसी प्रकार शेर मोहम्मद पुत्र बब्बू अली निवासी अरखा थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली को भी गिरफ्तार किया गया है।

# राजस्थान: वाल्मीकि यूवा एक्ता संगठन के कार्यकर्ता गण पहुंचे समाज की बेटी की शादी में

Rajendra kumar

राजस्थानः ग्राम फेड़ावती में अलवर जिले के समाज की बेटी की शादी में पहुंचे और बेटी को उपहार के रूप में कन्या दान कर आशीर्वाद देते हुए बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

राजस्थान वाल्मीकि यूवा एक्ता संगठन के कार्यकर्ता गण द्वारा बेटी कि शादी के शुभ अवसर पर संगठन की ओर से बच्ची को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भेंट की। और परिवार के बुजुर्ग जगदीश महंत ने संगठन के सभी कार्यकताओं का अभिनन्दन कर आभार प्रकट किया। संगठन के अध्यक्ष महेश तमोली ग्राम बहादुरपुर, उपाध्यक्ष दीपक गोयर भीकाहेडी, प्रदेश महासचिव मुकेश गोयर, गोविंदगढ़, प्रदेश सचिव, राजेन्द्र करोतिया मुबारिकपुर, मण्डावर तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार, कठूमर तहसील अध्यक्ष राजवीर बड़ौदा मेव तहसील अध्यक्ष पप्पू चोमड़ तुसारी से ऊदल,सुरेश, दयाराम गोटडा , सडोली से राजेश ,तिजारा अनिल, मुकेश, मनोज, कार्यकारणी के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# आंतरिक लोकतंत्र के बागी

आम चुनाव, 2024 के संदर्भ में बागी उम्मीदवारों की भी चर्चा की जानी चाहिए। बागी उम्मीदवार किसी भी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के अभाव के संकेत होते हैं। राजनीतिक दल अपने ही नेताओं, प्रत्याशियों की राजनीतिक बगावत के कारण दोफाड़ तक हो जाते हैं। जनाधार विभाजित हो जाते हैं। काडर और समर्थक भी बंट जाते हैं, लेकिन कई बार यह बगावत अपरिहार्य लगती है। चुनाव लड ? और सांसद, विधायक बनने की महत्वाकांक्षा औसत राजनीतिक कार्यकर्ता के भीतर होती है, नतीजतन लोकसभा चुनाव में भी 300 से अधिक बागी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह आंकड़ा कम-ज्यादा भी हो सकता है, क्योंकि बागियों की अधिकृत सूचना चुनाव आयोग जारी नहीं करता। पार्टियों में बागी चेहरे तभी सामने आते हैं, जब पार्टियों की चुनाव समिति किसी और को उम्मीदवार घोषित करती है और कई बार स्थापित नेताओं और जनप्रतिनिधियों के भी टिकट काट दिए जाते हैं। भाजपा ने एक-तिहाई सांसदों को इस बार अधिकृत उम्मीदवार घोषित नहीं किया है, लेकिन पार्टी कर्नाटक की शिमोगा सीट को लेकर चिंतित है। कर्नाटक के प्रख्यात नेता येदियुरप्पा के पुत्र एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र के सामने, शिमोगा सीट पर, के. एस. ईश्वरप्पा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

कभी ईश्वरप्पा राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री होते थे। वह आरएसएस के बहुत पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। भाजपा ने उन्हें बदल कर विजयेन्द्र को अवसर देने का फैसला किया, लेकिन ईश्वरप्पा अचानक बागी हो गए। फिलहाल भाजपा नेतृत्व ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। मौजू सवाल यह है कि ऐसे बागी उम्मीदवार के कारण भाजपा को चुनावी नुकसान हुआ, तो क्या होगा? एक-एक सांसद बेहद कीमती होते हैं, तभी 370 या 400 की संख्या तक पहुंचना संभव होगा। राजस्थान की बाड़मेर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रवीन्द्र भाटी की खूब चर्चा है। उन्होंने निर्दलीय ही विधानसभा चुनाव, 2023 जीता था, तो वह भाजपा के करीब आए थे, लेकिन चुनाव समिति ने कैलाश चौधरी को टिकट दे दिया। अब रवीन्द्र भाटी निर्दलीय ही व्यापक जन-समूह को आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय मुद्दों से जनमत तैयार कर रहे हैं। उन्हें चुनावी चंदा भी खूब मिल रहा है। राजस्थान की चुरू सीट पर भी भाजपा में बागी पैदा हुआ है। वहां से भाजपा के राहुल कस्वां सांसद चुने गए थे। पार्टी ने इस बार पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी देवेन्द्र झाझरिया को अधिकृत उम्मीदवार बनाया, तो राहुल बागी होकर कांग्रेस में चले गए और कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव नतीजे की भविष्यवाणी हम नहीं करते, लेकिन भाजपा को कुछ नुकसान जरूर हो सकता है। राजस्थान में ही कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने ही गठबंधन नेता के खिलाफ अभियान क्यों चला रहे हैं।

# मतदाता मोदी को क्यों नहीं मानते दोषी?

> आम चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से ठीक पहले संभवतः एकमात्र ऐसा जनमत सर्वेक्षण सामने आया, जिसमें ध्यान सिर्फ वोट प्रतिशत और सीटों का अनुमान लगाने पर केंद्रित नहीं रखा गया है। सीएसडीएस-लोकनीति के इस सैंपल सर्वे में यह जानने की कोशिश भी की गई है कि इस वक्त आम जन अपनी जिंदगी को लेकर क्या महसूस कर रहे हैं।

-सत्येन्द्र रंजन-

सर्वे ने भारत में बहुसंख्यक जनता की तेजी से बिगड़ रही आर्थिक स्थिति और देश में बढ़ रहे वर्ग विभाजन का संकेत दिया है। क्या यह आज की एक बड़ी विंडबना नहीं है कि जमीनी स्थिति ऐसी होने के बावजूद देश में आज वर्ग आधारित राजनीति करने वाली ताकतों का वजूद इक्का-दुक्का कहीं नजर आता है। ङ्खउलटे नरेंद्र मोदी का नेतृत्व चुनावों में एक महत्त्वपूर्ण पहलू बना हुआ है। प्रधानमंत्री पद के लिए वे आज भी लगभग आधे मतदाताओं की पहली पसंद बने हुए हैं।



आम चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से ठीक पहले संभवतः एकमात्र ऐसा जनमत सर्वेक्षण सामने आया, जिसमें ध्यान सिर्फ वोट प्रतिशत और सीटों का अनुमान लगाने पर केंद्रित नहीं रखा गया है। सीएसडीएस-लोकनीति के इस सैंपल सर्वे में यह जानने की कोशिश भी की गई है कि इस वक्त आम जन अपनी जिंदगी को लेकर क्या महसूस कर रहे हैं। यानी विभिन्न वर्गों की राजनीतिक पसंद और उनकी जिंदगी की रोजमर्रा की जद्दोजहद को साथ-साथ समझने का प्रयास किया गया है।

इस सर्वे से इस बात को समझने के कुछ सूत्र मिले हैं कि आज के भारत में लोगों की आर्थिक परिस्थितियों से उनका वोट कितना प्रभावित होता है- यानी इसका कि आम मतदाताओं की वर्तमान आर्थिक हालत का मौजूदा आम चुनाव पर कितना और कैसा असर पड़ सकता है? सर्वे के दौरान रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े आम मसलों पर भी लोगों की राय जानने की कोशिश की गई, इसलिए सर्वे रिपोर्ट से यह संकेत मिला है कि सकल अर्थव्यवस्था को लेकर जो कहानियां आज राजनीति और मेनस्ट्रीम मीडिया के दायरे में हावी हैं, उनका आम जन पर वास्तव में क्या असर हुआ है। इस पहलू का सीधा संबंध भारत के भविष्य से है। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी 2024 का आम चुनाव 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना दिखाते हुए लड़ रही है। ऐसे समय में यह जानना जरूरी हो जाता है कि इस बड़बोलेपन का जमीनी स्थितियों और आम जन की रोजमर्रा की जिंदगी से क्या संबंध है?

इसके पहले कि हम इस सर्वे से उभरने वाली तस्वीर पर आएं, यह स्पष्ट कर लेना उचित होगा कि कोई भी सर्वेक्षण अपने-आप में संपूर्ण नहीं होता। यह संभव है कि सर्वेक्षण की सैंपलिंग दोषमुक्त ना हो। फिर सर्वेक्षण में शामिल किए गए लोगों के अनेक उत्तर इस बात से तय होते हैं कि उनके सामने सवाल को किस रूप में रखा जाता है। सवाल तय करने में सर्वेक्षणकताओं के अपने पूर्वाग्रह काम कर रहे हो सकते हैं। लेकिन ये बातें तमाम जनमत या अन्य सर्वेक्षणों पर लागू होती हैं। इसलिए जब किसी सर्वे रिपोर्ट को आधार बना कर बात की जाती है, तो ऐसी संभावित कमियों को मान कर चला जाता है। चूंकि जनमत सर्वेक्षणों के अलावा आम जन मानस को जानने का कोई और बेहतर तरीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए उन संभावित कमियों के बावजूद सर्वेक्षण निष्कर्षों का महत्त्व बना रहता है।

तो अब सीएसडीएस-लोकनीति सर्वे की तरफ लौटते हैं। इस सर्वे पर आधारित विस्तृत रिपोर्टें अंग्रेजी अखबार द हिंदू में छपीं। उनसे सामने आई पहली तस्वीर का सार यह है कि बढ़ती आर्थिक मुसीबतों से देश का आम जन परेशान है। इन आंकड़ों पर ध्यान दीजिएः

-62 प्रतिशत लोगों ने कहा कि (मोदी राज के गुजरे पांच वर्षों में) नौकरी मिलना अधिक कठिन हो गया है।

-71 प्रतिशत लोगों ने कहा कि महंगाई बढ़ी है।

-55 प्रतिशत लोगों ने कहा कि गुजरे पांच वर्षों में भ्रष्टाचार बढ़ा है। (इसी संस्था के सर्वे में 2019 के आम चुनाव से पहले ऐसा मानने वाले लोगों की संख्या 40 फीसदी थी)

-सर्वे में एक सवाल यह पूछा गया कि आपकी जो आमदनी है, उससे आप क्या-क्या कर पाते हैं। इसके जवाब में 12 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में भी दिक्कत आती है। 23 फीसदी लोगों ने कहा कि कुछ दिक्कतों के साथ वे अपनी जरूरतें पूरी कर पाते हैं। यानी कुल 35 प्रतिशत लोग ऐसे थे, जो अपनी मौजूदा आमदनी से अपनी जरूरतें आसानी से पूरी नहीं कर पाते। उनके अलावा 36 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अपनी जरूरतें तो पूरी कर लेते हैं, लेकिन कोई बचत नहीं कर पाते। यानी कुल 71 प्रतिशत लोग कोई बचत नहीं कर पाते। सिर्फ 22 फीसदी लोगों ने कहा कि वे जरूरतें पूरी करने के बाद बचत भी कर पाते हैं। बाकी सात फीसदी लोगों ने कोई जवाब नहीं दिया।

रोजगार, महंगाई और भ्रष्टाचार तीनों का सीधा संबंध आम जन की रोजमर्रा की जिंदगी से है। सर्वे निष्कर्षों के बारे में सीएसडीएस-लोकनीति के विश्लेषकों सुहास पलशीकर, संजय कुमार और संदीप शास्त्री ने लिखा-

दो खास बिंदु उभरकर सामने आए हैं। एक- मतादाता उन आर्थिक मुसीबतों से अवगत हैं, जिनका उन्हें सामना करना पड़ रहा है। देश की सकल अर्थव्यवस्था से जुड़े संकेतों का इस्तेमाल कर यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि अर्थव्यवस्था का हाल बेहतर है। लेकिन अपने अनुभव के आधार पर मतदाता अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर चिंतित हैं। प्री-पोल सर्वे से जो दूसरा पहलू साफ तौर पर उभरकर सामने आया, वह वर्ग विभाजन है। आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत संपन्न लोगों की तुलना में गरीब और निम्न मध्य वर्ग के लोग खड़ी हो रही आर्थिक मुसीबतों से अधिक बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अलग-अलग स्तरों पर मौजूद आर्थिक बेचैनी का अगर जायजा लिया जाए, तो यह पहलू स्पष्ट हो जाता है। संपन्न तबकों की तुलना में अपेक्षाकृत गरीब समूहों के लोग अधिक चिंतित नजर आते हैं।

तो कुल मिलाकर इस सर्वे ने भारत में बहुसंख्यक जनता की तेजी से बिगड़ रही आर्थिक स्थिति और देश में बढ़ रहे वर्ग विभाजन का संकेत दिया है। क्या यह आज की एक बड़ी विंडबना नहीं है कि जमीनी स्थिति ऐसी होने के बावजूद देश में आज वर्ग आधारित राजनीति करने वाली ताकतों का वजूद इक्का-दुक्का कहीं नजर आता है। पहचान आधारित प्रतिनिधित्व की राजनीति इस कदर हावी हुई है कि इस सवाल को सही संदर्भ में देखते हुए अपनी आर्थिक स्थिति से परेशान जन समूहों को गोलबंद करने की किसी मुहिम का कोई ठोस संकेत तक उपलब्ध नहीं है।

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

-डॉ. निशा शर्मा-

भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66 प्र??तिशित युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे जारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है।

समाज में आज युवा-वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तेर्राष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आजादी पायी थी। जरा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा-शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस उचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं।

विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यतः कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारात्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है।

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है।

# कांग्रेस नेताओं के बयानों के निहितार्थ

-सुरेश हिंदुस्तानी-

वर्तमान में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस की ओर से एक बार फिर से वैसी ही गलती दोहराई गई है, जो पिछले दो लोकसभा चुनाव के दौरान की गई। हो सकता है कि इसे कांग्रेस अपनी गलती नहीं माने, लेकिन ऐसी गलतियों को भाजपा ने सत्ता के शिखर पर पहुँचने के एक ऐसा सुगम रास्ता बनाया, जो उसकी जीत को आसान कर गया। हालांकि इस बार के चुनाव के लिए कांग्रेस ने भरपूर प्रयास किया है। राहुल गांधी द्वारा निकाली गई दो यात्राओं के माध्यम से सीधे जनता से जुड़ने का साहसिक प्रयास किया, इससे निश्चित ही कांग्रेस के कार्यकताओं के मन में उत्साह का संचार हुआ, लेकिन कांग्रेस नेताओं के मनमाने बयान इस उत्साह पर पानी फेरते दिखाई दिए। ऐसे बयानों के चलते ही कांग्रेस को अपने कदम पीछे खींचने पड़े। आज कांग्रेस के समक्ष कठिन सवाल यह भी है कि वह देश के मानस को समझ नहीं पा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वातावरण में हिंदुत्व का उभार राजनीति का केंद्र बिंदु बना हुआ है और विपक्षी दल कभी हिंदुत्व पर तो कभी भगवान राम के बारे में ऐसा वक्तव्य दे देते हैं, जो उनको पीछे की ले जाते हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनाव और अब 2024 के चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से जिस प्रकार से बयानबाजी की गई या की जा रही है, उसे भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जीत सुनिश्चिति का मार्ग बनाने में देर नहीं की। हम जानते हैं कि 2014 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से नरेन्द्र मोदी को चाय वाले के रूप में प्रचारित किया। भाजपा ने इसे ही अपना चुनावी मुद्दा बना लिया। इसके बाद जो दृश्य दिखा, उसमें देश का हर चाय वाला यानी देश का गरीब मतदाता स्वाभाविक रूप से मोदी के साथ जुड़ता चला गया। यहां तक कि कई स्थानों पर मोदी के नाम से चाय बेचने का अभियान जैसा चलता दिखाई दिया। इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी को चौकीदार बताकर ह्लचौकीदार चोर हैह्व कहकर विवादित बयान दिया, जिसके बाद एक बहुत बड़ा वर्ग यह कहने में गौरव का अनुभव करने लगा कि ह्लमैं भी चौकीदारह्व हूँ। हालांकि इस मामले में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी झूठे साबित हुए और इस बारे में कोई प्रमाण प्रस्तुत न कर सके। उन्हें न्यायालय में लिखित में माफी मांगनी पड़ी। इसके बाद कांग्रेस के प्रति देश में अविश्वास का भाव बनता गया और उसे लोकसभा के चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा। इस सबके बाद भी कांग्रेस ने कोई सबक नहीं लिया और इस बार भी कांग्रेस की ओर से ऐसी बातें बोली जा रहीं हैं, जिसे कांग्रेस की राजनीतिक कार्यप्रणाली भी माना जा सकता है।

इस चुनाव में कांग्रेस ने जनसंख्या के आधार पर जाति को संपत्ति वितरित करने का नारा दिया है, इस नारे को भी भाजपा ने लपक लिया और कांग्रेस के लिए कैच आउट की अपील कर दी। इसमें तीसरे अम्पायर की भूमिका निभाने वाली जनता का निर्णय जानने के कुछ दिन की प्रतीक्षा करनी होगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने यह खुले रूप में कहा है कि वह जातिगत जनगणना कराकार आर्थिक सर्वे भी कराएगी, इसके बाद उसे संपत्ति दी जाएगी। उधर ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने यह कहकर कांग्रेस के लिए आत्मघाती मार्ग तैयार किया कि अमेरिका की तर्ज पर भारत में भी व्यक्ति के स्वर्गवास होने के बाद आधी से अधिक संपत्ति सरकारी खजाने में जानी चाहिए, लेकिन विदेश में कांग्रेस का कार्य देख रहे इस नेता को शायद यह नहीं मालूम कि अमेरिका का विकास और भारत का विकास एक जैसा नहीं हो सकता। भारत के संस्कारों की महक को आज अमेरिका भी अनुभूत कर रहा है, जबकि अमेरिकी संस्कृति से वहां के नागरिक दूर होते जा रहे हैं। ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के इस बयान ने लोकसभा चुनाव के दौरान आग में घी डालने जैसा ही कृत्य किया है। इसे कांग्रेस के लिए विनाश काले विपरीत बुद्धि जैसा ही माना जा रहा है। सैम पित्रोदा के इस बयान के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। इस बयान को विवादित कहा जाए या नहीं, यह परीक्षण का विषय हो सकता है, लेकिन आम जनता इसका क्या मतलब निकलेगी, यह चुनाव परिणाम ही बता पाएगा। फिलहाल तो यही माना जा रहा है कि सैम पित्रोदा ने अपने बयान के माध्यम से कांग्रेस के मंसूबों को एक बार फिर से स्पष्ट कर दिया है।

सैम पित्रोदा ने पहले भी ऐसा ही एक विवादित बयान दिया, जिसमें उन्होंने सिख दंगों के बारे में कहा था कि जो हुआ सो हुआङ्ग इसका तात्पर्य यही था कि काँग्रेस को सिखों के मारे जाने का कोई अफसोस नहीं हुआ। अब एक और बयान देकर कांग्रेस की मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। जहां तक जातिगत जनगणना की बात है कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों ने सदैव से ही मुसलमानों को केवल वोट मानकर राजनीति की। जिसके कारण मुसलमानों का समुचित विकास नहीं हो सका, लेकिन आज की केंद्र सरकार ने सबका साथ सबका विकास वाली अवधारणा को अपनाते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ देश के सभी गरीबों को दिया। जबकि कांग्रेस की योजनाएं तुष्टिकरण वाली रहती हैं। कांग्रेस के इस बार के घोषणा पत्र के बारे में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि उस पर मुस्लिम लीग की छाप है।

# चीन सबके लिए गंभीर खतरा

-बलबीर पुंज-

हाल ही में चीन को लेकर एक गंभीर तथ्य का रहस्योद्घाटन हुआ है। प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को चीन प्रभावित करने का प्रयास कर सकता है। उसके अनुसार, चीन 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के माध्यम से भारतीय मतदाताओं का राजनीतिक दलों की ओर झुकाव बदलने या उन्हें भटकाने की कोशिश करेगा। बकौल माइक्रोसॉफ्ट, चीन ऐसा ही कुछ जनवरी में ताइवान के चुनाव में कर चुका था।

यह कोई संयोग नहीं कि जब विस्तारवादी चीन द्वारा भारत में चुनाव को प्रभावित करने का खुलासा हुआ, तब उसी कालांतर में 'वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब' की एक भारत-विरोधी रिपोर्ट सामने आ चुकी थी। इसमें मोदी सरकार को 'अधिनायकवादी' बताते हुए देश में 'असमानता' बढ़ने का आरोप लगाया गया है। यह रिपोर्ट बनाने वालों की प्रामाणिकता क्या है? इसकी जांच किए बिना भारतीय मीडिया के एक वर्ग ने उसे अंतिम सत्य मानकर उनकी रिपोर्ट को हाथों-हाथ उठा लिया। यह स्थिति तब है, जब दुनिया की विश्वसनीय संस्थाएं– विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भारत में गरीबी घटने से संबंधित शोधपत्रों को प्रस्तुत कर चुके है। इसी वर्ष नीति आयोग ने भी बीते नौ वर्षों के दौरान लगभग 25 करोड़ भारतीयों के अत्यंत गरीबी की श्रेणी से बाहर निकलने का दावा किया था।

'वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब' ने अपनी रिपोर्ट को जिन सर्वेक्षणों के आधार पर तैयार किया है, उसमें 'हुरन' नामक संस्था भी शामिल है, जिसका मुख्यालय चीन के आर्थिक केंद्र शंघाई में स्थित है। रूपर्ट हुगेवर्फ इसके संस्थापक है, जिन्हें उनके चीनी नाम हू रन से भी जाना जाता है, वही भारत में 'हुरन' ईकाई का संचालन मुंबई स्थित अनस रहमान जुनैद करते है। अब विंडबना की पराकाष्ठा देखिए कि जो हुरन चीन में स्थापित है, जहां कम्युनिस्ट तानाशाही के अंतर्गत मानवाधिकारों का भीषण शोषण होता है, वह भारत में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई मोदी सरकार को 'अधिनायकवादी' बता रहा है। गत वर्ष ही एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि भारत में 'न्यूजक्लिक' नामक वामपंथी प्रोपेगेंडा न्यूज-पोर्टल चीन सरकार द्वारा प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से वित्तपोषित हो रहा था।

वास्तव में, आज जिस प्रकार इस्लामी आतंकवाद के साथ चीन वैश्विक शांति को चुनौती दे रहा है, उसमें अमेरिका की पूर्ववर्ती नीतियों का भी बड़ा योगदान है। साढ़े तीन दशक पहले विश्व दो ध्रुवों में विभाजित था, जिसमें एक का प्रतिनिधित्व अमेरिका (1776 से अबतक), तो दूसरे का साम्यवादी सोवियत संघ (1922-91) कर रहा था। इसी रस्साकसी में अमेरिका ने नाटो नामक सैन्य गठजोड़ बनाया, तो 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा पर मुजाहिद्दीनों को सोवियत संघ के खिलाफ एकत्र करके कालांतर में तालिबान सहित कई इस्लामी आतंकवादी संगठनों का तानाबाना बुन दिया। सोवियत संघ के विघटन होने के बाद मान लिया गया कि विश्व अब मुक्त-बाजार पूंजीवाद, पश्चिमी लोकतंत्र और उदारवाद से चलेगा। इस बात को प्रसिद्ध अमेरिकी राजनीतिक विज्ञानी, अर्थशास्त्री और लेखक फ्रांसिस योशिहिरो फुकुयामा ने भी अपनी पुस्तक 'द एंड ऑफ लास्ट हिस्ट्री एंड द लास्ट मैन' में स्थापित करने का प्रयास किया। परंतु उनका आकलन गलत सिद्ध हुआ। दुनिया किसी पूर्व निर्धारित मार्ग पर या व्यवस्था से नहीं चल सकती।

तब अमेरिका ने चीन (1949 से अबतक) को मुक्त-बाजार के बल पर अपने आगोश में लेना चाहा, जिसके राजनीतिक अधिष्ठान ने वर्ष 1978 में मार्क्स-लेनिन-स्टालिन-माओ केंद्रित नीतियों का परित्याग करके अपनी अर्थव्यवस्था को खोलना प्रारंभ कर दिया था। इस कदम से दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने चीन को अपना आधार बनाना शुरू कर दिया और देखते ही देखते चीन विश्व की बड़ी आर्थिक-सामरिक शक्ति बन गया। अब चीन, अमेरिका का स्थान लेना चाहता है। यह ठीक है कि कई दोहरे मापदंडों और विरोधाभासी दृष्टिकोणों को आत्मसात करने वाला अमेरिका द्विदलीय प्रणाली के साथ एक जीवंत लोकतंत्र है। वहां मीडिया और न्यायापालिका स्वतंत्र है। इसकी तुलना में वर्तमान चीन में एक अस्वाभाविक मिश्रित प्रणाली है, जहां एक रूग्ण पूंजीवादी अर्थव्यवस्था है, जो एक-दलीय साम्यवाद और साम्राज्यवादी मानसिकता द्वारा संचालित है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

## संक्षिप्त खबरें

### 2030 तक ई-कॉमर्स का तीसरा सबसे बड़ा बाजार होगा भारत, इसका सबसे बड़ा कारण है किफायती इंटरनेट

**नई दिल्ली।** 2030 तक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-कॉमर्स बाजार बन जाएगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 8,000 करोड़ डॉलर हो जाएगा। वहीं, इसी साल तक भारत का ई-कॉमर्स बाजार बढ़कर करीब 3,250 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक भारत में 50 करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन खरीदारी कर रहे होंगे। फिलहाल, भारत का ई-कॉमर्स बाजार करीब 1,130 करोड़ डॉलर का है, जो करीब 21% सालाना की दर से बढ़ रहा है। इसके बढ़ने का सबसे बड़ा कारक 13.5 रुपये प्रति जीबी की दर से किफायती इंटरनेट है। मोबाइल से इंटरनेट तक पहुंच में 2019 की तुलना में 2023-24 में 21 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2025 तक 87% घरों में इंटरनेट कनेक्शन होगा। इंटरनेट उपभोक्ताओं के साथ ऑनलाइन शॉपिंग करने वालों की संख्या में वृद्धि का अनुमान है। 2019 से 2026 के बीच ग्रामीण भारत में 22 फीसदी की वार्षिक दर से सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

यूपीआई सबसे अहम भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था व ई-कॉमर्स बाजार में वृद्धि के कारणों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सबसे अहम है। 2022 में इसके जरिये 1.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का लेन-देन किया गया। 2026 तक जब भारत की 81 फीसदी आबादी के पास स्मार्टफोन होगा, तो यह आबादी भी यूपीआई जैसे माध्यमों का उपयोग कर रही होगी।

### आईफोन केसिंग बनाने के लिए हाई-टेक मशीनरी विकसित कर रहा



**नई दिल्ली।** इकोनॉमिक टाइम्स (ईटी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स आंतरिक रूप से एक अत्यधिक जटिल और उन्नत उच्च परिशुद्धता मशीनरी विकसित कर रहा है, जो विशेष रूप से ऐप्पल आईफोन केसिंग के उत्पादन के लिए तैयार की गई है। सूत्रों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए दो भारतीय निमार्ताओं के साथ साझेदारी की है और अंततः इन परिष्कृत मशीनों का निर्यात करने का इरादा रखती है। ईटी की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पहले, टाटा ऐसे उपकरणों के लिए चीन से आयात पर निर्भर था। उपकरण बहुमुखी है, एप्पल जैसे वैश्विक निगमों की सेवा करने वाले अनुबंध निमार्ताओं की उत्पादन लाइनों में एकीकरण के लिए उपयुक्त है। यह पहल स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने से कहीं आगे जाती है; रिपोर्ट में कहा गया है कि यह 2025 तक 300 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मील का पत्थर हासिल करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप भविष्य के निर्यात का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

मामले से परिचित एक व्यक्ति ने ईटी को बताया कि टाटा समूह दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में अपनी होसुर सुविधा में इन मशीनों का व्यवस्थित परीक्षण कर रहा है। इसका उद्देश्य देश के भीतर एक समग्र विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करने के लिए स्थानीय क्षमताओं को केवल संलग्नक असेंबली से ऊपर उठाना है।

टाटा समूह अपनी होसुर सुविधा में चरणबद्ध तरीके से इन मशीनों का परीक्षण कर रहा है। उद्देश्य का एक हिस्सा अपनी स्थानीय क्षमता को और अधिक बढ़ाना है क्योंकि कंपनी सिर्फ बाड़ों का निर्माण नहीं करना चाहती है, वह देश में पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना चाहती है। ये मशीनें कई इनपुटों में से एक हैं जो एक घटक या एक बाड़े को बनाने में जाती हैं, जिसे कंपनी कुछ हिस्सों पर अपनी विशेष निर्भरता को कम करने के लिए देख रही है, "ईटी रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है। याद दिला दें, फरवरी में मिंट की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि टाटा समूह तमिलनाडु के होसुर शहर में अपनी दूसरी आईफोन विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए ताइवान के पेगाट्रॉन के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए बातचीत के अंतिम चरण में था। इस सहयोग से भारत में एप्पल के विस्तार को सुविधाजनक बनाते हुए टाटा के आईफोन निर्माण प्रयासों में तेजी आने की उम्मीद थी। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ताइवानी कंपनी होसुर सुविधा में तकनीकी और इंजीनियरिंग सहायता प्रदान करने के लिए तैयार थी।

### भारत की यात्रा टालने के बाद एलन मस्क अचानक चीन के लिए हुए रवाना

**बीजिंग।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में भारत की यात्रा को टाल दिया था। लेकिन अब वो अचानक से भारत के दुश्मन देश चीन की यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। चीन को इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी माना जाता है। सूत्रों के हवाले से एक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

मस्क ने एक सप्ताह पहले ही भारत की यात्रा टाल दी थी। कहा जा रहा था कि वह भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना का एलान करने वाले थे।

इस पर करेंगे चर्चा अब बताया जा रहा है कि टेस्ला के सीईओ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की कोशिश करेंगे, जिससे वह फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर पर चर्चा कर सकें। साथ ही वह कोशिश करेंगे की चीन फुल-सेल्फ ड्राइविंग से संबंधित जुटाए डाटा को अमेरिका ट्रांसफर करने के लिए तैयार हो जाए।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक प्रश्न के जवाब में मस्क ने कहा कि टेस्ला चीन में ग्राहकों के लिए बहुत जल्द एफएसडी उपलब्ध करा सकती है।एक समाचार एजेंसी के अनुसार, टेस्ला ने 2021 के बाद से चीनी नियामकों द्वारा शंघाई में अपने चीनी बेड़े द्वारा एकत्र किए गए सभी डाटा को संग्रहीत किया है और किसी को भी अमेरिका में वापस ट्रांसफर नहीं किया है।

### 5-दरवाजे वाली महिंद्रा थार के साथ आ सकती है ADAS फीचर्स

बहुचर्चित महिंद्रा थार पांच-दरवाजा पुनरावृत्ति को एक बार फिर परीक्षण के दौरान देखा गया है। लेकिन, इस बार यह मॉडल एक अहम फीचर लेकर आता दिख रहा है। थार लाइफस्टाइल एसयूवी की पांच दरवाजों वाली पुनरावृत्ति, जो 15 अगस्त, 2024 को अपनी शुरूआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, को आईआरवीएम के पीछे एक कैमरा सेटअप के साथ देखा गया था। इससे संकेत मिला है कि एसयूवी में अऊअर फीचर होने की संभावना है। महिंद्रा थार 5-डोर की नई जासूसी छवियां आईआरवीएम के पीछे एक कैमरा सेटअप के साथ परीक्षण खच्चर दिखाती हैं, जिसका उपयोग संभवतः एडीएएस के लिए किया जाएगा। आगामी पांच दरवाजों वाली थार को पहले सिंगल-पेन इलेक्ट्रिक सनरूफ के साथ देखा गया था।

5-दरवाजे वाले महिंद्रा थार के परीक्षण मॉडल की पहले की जासूसी छवियों के माध्यम से देखी गई अन्य विशेषताएं नई ग्रिल, गोलाकार हेडलैंप, फेंडर-माउंटेड टर्न इंडिकेटर्स, तीन-स्पोक मल्टीफंक्शन स्टीयरिंग व्हील हैं। इसमें संभवतः नए अलॉय व्हील होंगे और इसमें नए एलईडी टेललाइट्स, हाई-माउंटेड स्टॉप लैंप और फॉग लाइट्स की सुविधा होगी। इसमें मौजूदा मॉडल की तरह सर्कुलर एसी वेंट, फ्रीस्टैंडिंग टचस्क्रीन सिस्टम, एडजस्टेबल फ्रंट हेडरेस्ट, ए-पिलर-माउंटेड ग्रैब हैंडल और टेलगेट-माउंटेड स्पेयर व्हील भी हो सकता है। उम्मीद है कि महिंद्रा थार के आगामी इटरेशन में मौजूदा के समान ही पावरट्रेन विकल्प पेश करना जारी रखेगा। मौजूदा महिंद्रा थार को 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल मोटर और 2.2-लीटर डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। दोनों मोटरें छह-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आती हैं। हम 5-दरवाजों वाले महिंद्रा अतहर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करेंगे क्योंकि कंपनी देश में थार लाइफस्टाइल एसयूवी के पांच-दरवाजों का परीक्षण जारी रखे हुए है।

नई थार की लॉन्चिंग 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस पर होने वाली है।

# युवा भारतीयों में बेरोजगारी अस्थायी है- आरबीआई एमपीसी सदस्य

**नई दिल्ली।** आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा है कि कम उम्र के लोगों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, लेकिन यह 'क्षणिक' है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यमिता में हाथ आजमाने में अधिक समय बिताते हैं।गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि सुधार के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है।"अधिक योग्य युवाओं में बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैंउन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, "इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी तलाशने में अधिक समय बिता रहे हैं।"गोयल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे - जिसमें दिखाया गया है कि 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में बेरोजगार युवाओं की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी।




उन्होंने कहा, "कम उम्र के लोगों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है, लेकिन यह क्षणिक है... प्रतीक्षा करते समय, वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां कुछ बहुत अच्छा करते हैं।"गोयल ने बताया कि आईएलओ रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में गिरावट आई है, 2019 में यह 17.5 प्रतिशत और 2023 में 10 प्रतिशत थी।उन्होंने कहा कि 2022 में, बेरोजगारी 20-24 आयु वर्ग के लिए सबसे अधिक 16.9 प्रतिशत थी, लेकिन 30-34 आयु वर्ग के लिए कुल औसत थी।यह देखते हुए कि इस अवधि (2022) में महामारी से संबंधित व्यवधान शामिल हैं, गोयल ने कहा कि मजबूत विकास सुधार के साथ लगातार सुधार हो रहा है।उन्होंने कहा, "नीति बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल अधिग्रहण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाकर सबसे अधिक योगदान दे सकती है, न कि स्थायी सरकारी नौकरियां प्रदान करके जो सुरक्षा के साथ-साथ स्थिरता भी प्रदान करती हैं ताकि कोई काम न हो सके।" .

यह पूछे जाने पर कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश धीमा क्यों हो रहा है, गोयल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में पुनः निवेश के प्रयास, जिसके द्वारा वे आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूंजी को घरेलू देशों में वापस आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, एक कारण है।यह इंगित करते हुए कि चुनाव-प्रेरित-नीतिगत अनिश्चितता भी है, उन्होंने कहा कि भारत उन निवेश संधियों (बीआईटीएस) को सही कर रहा है जो विदेशी पूंजी के पक्ष में पक्षपाती थीं, उन्हें मित्रवत विदेशी न्यायालयों में भारतीय नीतियों के खिलाफ मामले लाने की क्षमता देकर।गोयल ने कहा, "इसके साथ-साथ भारतीय अदालतों में देरी को कम करने की जरूरत है, जिससे भारतीय कानूनी प्रणाली में विदेशी पूंजी का विश्वास बढ़े।" उन्होंने कहा कि भारतीय अदालतें निष्पक्षता और निष्पक्षता के लिए प्रतिष्ठित हैं, लेकिन उनमें बहुत अधिक समय लगता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत चीन-प्लस वन रणनीति का लाभ उठाने में सक्षम है, उन्होंने कहा कि भारत के लिए अमेरिकी ट्रेजरी या अन्य उच्च प्रति व्यक्ति आय वाले देशों की सरकारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल है, जिस तरह के प्रोत्साहन वे देते हैं।"लेकिन, हम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में घरेलू फर्मों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सहयोग और 'फ्रेंड-शोरिंग' का उपयोग कर सकते हैं," उन्होंने जोर दिया।गोयल ने तर्क दिया कि जहां एफडीआई के कई फायदे हैं, वहीं इसकी लागत भी है, इसलिए कुछ मायनों में, यह बेहतर है कि घरेलू फर्मों को बढ़ावा देने के लिए करदाता संसाधनों (पीएलआई) का अधिक उपयोग किया जाए।उन्होंने कहा, "इसलिए, यहां आने के लिए एफडीआई का भुगतान करने या इसे विशेष लाभ देने के बजाय, भारत में उत्पादन करने वाली सभी प्रकार की कंपनियों के लिए इसे और अधिक आकर्षक बनाने पर काम करना बेहतर है।"

गोयल ने कहा कि इस प्रकार के उपायों में व्यापार करने में आसानी, नियामक सरलीकरण, नीति स्थिरता, भारतीय अदालतों में तेजी लाना, लॉजिस्टिक्स और अन्य लागतों को कम करना आदि शामिल हैं।पिछले साल, सकल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-जनवरी 2023-24 में मामूली रूप से धीमा होकर 59.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 61.7 अमेरिकी डॉलर था, जबकि शुद्ध एफडीआई प्रवाह 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तेजी से गिरकर 14.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।गोयल के अनुसार, इसका कारण यह था कि मुआवजा बढ़ गया क्योंकि एफडीआई ने कमाया हुआ बड़ा लाभ अपने देश को वापस भेज दिया।उन्होंने कहा, "एक अनुमान के मुताबिक, 2024 में विदेशी ऋण भुगतान दायित्वों के कारण विकासशील देशों से उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक का शुद्ध बहिर्वाह होगा।"किसी भी मामले में, गोयल ने कहा कि भारत में एफडीआई कभी भी सकल घरेलू उत्पाद के 2 प्रतिशत से अधिक नहीं हुआ है, जबकि घरेलू निवेश 30 प्रतिशत से अधिक है, और यह इस तरह से बेहतर है। गोयल ने जोर देकर कहा, "विविधीकरण अच्छा है, और किसी एक प्रकार के निवेश पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम उठाती है।"

उनके अनुसार, कई बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारतीय बाजारों में आईं और लाभान्वित हुईं।उन्होंने कहा कि एप्पल ने भारत को मोबाइल फोन के आयातक से निर्यातक बनने में योगदान दिया है, जबकि टेस्ला दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। यह देखते हुए कि ये सफलता की कहानियां और अच्छी भारतीय संभावनाएं दूसरों को आकर्षित करेंगी, लेकिन इस प्रक्रिया में समय लगता है, उन्होंने कहा, "हमें एक साल के अनुभव के आधार पर जल्दबाजी में निष्कर्ष पर पहुंचने से बचना चाहिए।"चीन में एफडीआई प्रवाह 12.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी से नाटकीय रूप से गिर गया है 2022 के पहले नौ महीनों में 2023 की समान अवधि में केवल 1.7 प्रतिशत।चीन में एफडीआई प्रवाह में गिरावट के बाद अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील, पोलैंड और जर्मनी जैसे विभिन्न देशों ने वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है।

## जापानी बाजार BoJ द्वारा ब्याज दरों को बनाए रखने पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** बहुचर्चित ब्याज दरों को नकारात्मक क्षेत्र से सकारात्मक क्षेत्र में धकेलने के ऐतिहासिक फैसले के बाद, जापान के केंद्रीय बैंक, बैंक ऑफ जापान ने हाल ही में अपनी ब्याज दरों को बरकरार रखने का फैसला किया है।हालांकि ब्याज दरों को बरकरार रखने के फैसले से जापानी मुद्रा येन में कुछ अस्थिरता आई, लेकिन बाजार आशावादी रूप से हरे रंग में समाप्त हुआ।24 अप्रैल को एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 155.26 येन थी, बैठक के बाद दृश्य बदल गया, क्योंकि मुद्रा का मूल्य गिर गया। 27 अप्रैल तक एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 158.10 येन थी। फिर भी, 26 अप्रैल के आखिरी दिन के कारोबार में दो प्रमुख सूचकांक हरे निशान में समाप्त हुए। इधर, निक्केई का बेंचमार्क इंडेक्स 0.81 फीसदी की



बढ़त के साथ 37,934.76 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, एक अन्य महत्वपूर्ण सूचकांक, ळडढक, 0.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,686.48 पर दिन के अंत में बंद हुआ। 25 अप्रैल की अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक के बाद, जापानी केंद्रीय बैंक की मूल छूट दर वर्तमान में 0.30 प्रतिशत है। यहां संदर्भ के लिए मूल छूट दर, भारत में रेपो दर और अमेरिका में ब्याज दर के बराबर है। यह, मूल छूट दर वह दर है जिस पर वित्तीय संस्थाएं बैंक ऑफ जापान से पैसा उधार ले सकती हैं।इसके अलावा, इस महत्वपूर्ण बैठक में बैंक ने कहा कि वह अपनी बांड खरीद को कम करने के लिए रणनीतियों पर विचार करेगा, जिसमें 5-7 ट्रिलियन येन की मासिक खरीद सीमा की समीक्षा भी शामिल है जो उसने पहले निर्धारित की थी।रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा दर इसके दीर्घकालिक औसत 4.68 फीसदी से कम है। इस बीच, एशिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का अल्पकालिक दर लक्ष्य 0-0.1 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। हालाँकि ये बाजार संख्या बहुत अधिक या नाटकीय नहीं है, लेकिन काफी हद तक पिछली बार देखे गए आंदोलनों के अनुरूप है, जब 17 वर्षों के लंबे समय के बाद ब्याज दर को नकारात्मक क्षेत्र से बाहर कर दिया गया था।

## कनेक्टेड कारें विकसित करने के लिए हुंडई, किआ चीन की Baidu से जुड़ीं

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निमार्ता हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी किआ ने रविवार को कहा कि उन्होंने कनेक्टेड कारों के लिए तकनीक विकसित करने के लिए चीन की तकनीकी दिग्गज कंपनी ईं४ के साथ एक समझौता किया है। पिछले हफ्ते बीजिंग में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत, दो दक्षिण कोरियाई कार निमार्ता और Baidu कनेक्टिविटी और सेल्फ-ड्राइविंग प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में हाथ मिलाएंगे।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हुंडई और किआ बीजिंग के बढ़ते डेटा नियमों को संबोधित करने के लिए Baidu की स्मार्ट क्लाउड कंप्यूटिंग तकनीक का भी उपयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाई कंपनियां चीनी समकक्ष के




साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नए बिजनेस मॉडल भी तलाशेंगी। हुंडई और किआ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "BÔidu के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम चीनी बाजार में कनेक्टेड कारों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

यह समझौता चीन में कनेक्टेड कारों के बढ़ते बाजार के बीच हुआ। हुंडई ने चीनी डेटा का हवाला देते हुए कहा कि चीन में कनेक्टेड कारों की वार्षिक बिक्री इस साल 17 मिलियन यूनिट तक पहुंचने का अनुमान है,

जो 2019 में 7.2 मिलियन यूनिट से तेज वृद्धि है। हुंडई और किआ 2014 से Baidu के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें आवाज पहचान तकनीक का विकास भी शामिल है।

## मूल्य-खरीदारी के कारण सेंसेक्स में 5 दिन गिरावट का सिलसिला टूटा

**मुंबई।** घरेलू इक्विटी बाजार में गुरुवार को पांच दिनों की गिरावट का सिलसिला थम गया, क्योंकि बेंचमार्क सेंसेक्स ने अपनी खोई हुई जमीन वापस पा ली और बैंकिंग, ऊर्जा और वित्तीय शेयरों में अंतिम मूल्य खरीदारी के कारण 78 अंक बढ़कर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में सकारात्मक शुरूआत से निवेशकों की भावनाओं को बल मिला, जबकि क्रेडिट सुइस संकट और अमेरिका में बैंक विफलताओं के बीच वैश्विक बैंकिंग प्रणाली की सेहत पर संकट मंडरा रहे थे।

अपनी पांच दिनों की गिरावट को रोकते हुए, 30-शेयर बीएसई बेंचमार्क 78.94 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 57,634.84 अंक पर बंद हुआ, इसके 17 घटक हरे रंग में समाप्त हुए। सत्र के दौरान इसने 57,887.46



अंक के उच्चतम और 57,158.69 अंक के निचले स्तर को छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 13.45 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 16,985.60 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 32 के कई शेयर हरे निशान में बंद हुए।

उतार-चढ़ाव भरे सत्र के अधिकांश भाग में गिरावट के बाद इक्विटी बेंचमार्क सकारात्मक क्षेत्र में वापस लौटे। सेंसेक्स पैक में नेस्ले इंडिया 2.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे अधिक लाभ में रही, इसके बाद एशियन पेंट्स, एचयूएल, टाइटन, सन फार्मा, एसबीआई, पावरग्रिड और बजाज फिनसर्व का स्थान रहा। दूसरी ओर, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक और रिलायंस 3.31 प्रतिशत तक गिरकर नुकसान में रहे।

एशियाई बाजारों में, शंघाई, टोक्यो, हांगकांग और सियोल महत्वपूर्ण नुकसान के साथ समाप्त हुए। संकटग्रस्त ऋणदाता क्रेडिट सुइस द्वारा तरलता बढ़ाने की अपनी योजना की घोषणा के बाद गुरुवार को शुरूआती कारोबार में यूरोपीय शेयर बाजारों में तेजी रही।

क्रेडिट सुइस ने कहा है कि वह स्विस केंद्रीय बैंक से धन उधार लेगी और अपने चारों ओर बढ़ते संकट को कम करने में मदद करने के लिए अपने ऋण में से लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर वापस खरीदेगी। वॉल स्ट्रीट पर प्रमुख सूचकांक रात भर के कारोबार में मिश्रित रुख पर बंद हुए।

इस बीच, गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 82.78 पर बंद हुआ। एक्सचेंज डेटा के

## निकट भविष्य में बाजार मजबूत होंगे

**मुंबई।** निकट भविष्य में बाजार मजबूत होने की उम्मीद है क्योंकि निवेशक चौथी तिमाही के आय सत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर कहते हैं, "हमें निकट अवधि में एकीकरण की उम्मीद है, जिससे निवेशक बांड और सोने में शरण लेंगे। इसके अतिरिक्त, आगामी यूएस फेड नीति और यूएस नॉनफार्म पेरोल डेटा वैश्विक बाजार को निर्देशित करेंगे, जबकि चल रही द4 आय रिपोर्ट घरेलू बाजार की गतिशीलता को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा।नायर ने कहा कि मध्य पूर्व के तनाव से राहत, तेल की कीमतों में सुधार और विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के ऊंचे समग्र पीएमआई डेटा के कारण भारतीय आर्थिक परिदृश्य में तेजी आई, जिससे बाजार में तेजी आई।

उन्होंने कहा, हालांकि, अमेरिकी जीडीपी में अप्रत्याशित गिरावट और अमेरिकी कोर पीसीई मूल्य सूचकांक में उछाल के कारण आखिरी कारोबारी दिन वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट आई।ह्लघरेलू बाजार अपने एशियाई प्रतिस्पर्धियों से पिछड़ गया क्योंकि चौथी तिमाही की आय काफी हद तक कम रही, आईटी और कुछ सूचकांक दिग्गजों के कमजोर नतीजे भी निराशाजनक रहे। संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद और निजी बैंकों के लिए आरबीआई के नियामक पारिस्थितिकी तंत्र ने पीएसयू बैंकों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया, ह्लनायर ने कहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा कि निचले स्तर से उचित वृद्धि के बाद निफ्टी का अल्पकालिक रुझान उलट गया है। तत्काल समर्थन 22300 पर रखा गया है और इस समर्थन के नीचे की कमजोरी आगे और अधिक गिरावट ला सकती है।

## सस्टेनेबिलिटी-लिंक्ड फाइनेंसिंग को $1.44 बिलियन तक बढ़ाएगा

**नई दिल्ली।** अदानी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के संयुक्त उद्यम अदानीकॉनएक्स ने रविवार को घोषणा की कि वह स्थिरता से जुड़े वित्तपोषण को 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाएगा। अदाणी समूह ने कहा कि वित्तपोषण में 875 मिलियन डॉलर की प्रारंभिक प्रतिबद्धता शामिल होगी, जिसमें फंडिंग को 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का प्रावधान है। समूह ने कहा कि इस फंडिंग के साथ, अॅल्लिउङ्कल्लल्ली अपने निर्माण वित्तपोषण पूल को $1.65 बिलियन तक बढ़ा देगा, साथ ही $213 मिलियन की पहली निर्माण सुविधा को भी जोड़ देगा, जिसकी प्रतिबद्धता जून 2023 में पहले ही तय की गई थी। इकाई ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टिकाऊ डिजिटल बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए इस फंडिंग का उपयोग करने की योजना बनाई है। विकास के हिस्से के रूप में, इकाई पारिस्थितिक पदचिह्न को कम करने और इष्टतम परिचालन दक्षता प्राप्त करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के साथ डेटा सेंटर



सुविधाओं का निर्माण करेगी। समूह ने कहा, "स्थिरता से जुड़ा वित्तपोषण सुरक्षा-प्रथम संस्कृति को चलाने, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर विश्व स्तरीय पावर उपयोग प्रभावशीलता (पीयूई) प्रदान करने और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का लाभ उठाने के प्रति अदानीकॉनएक्स की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।" इकाई ने आठ अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं, अर्थात आईएनजी बैंक एनवी, इंटेसा सैनपोलो, के-एफडब्ल्यू आईपीईएक्स, एमयूएफजी बैंक लिमिटेड, नेटिक्सिस, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सोसाइटी जेनरल और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ निश्चित समझौते निष्पादित किए हैं। विकास के बारे में विस्तार से बताते हुए, अॅल्लिउङ्कल्लल्ली के सीईओ जयकुमार जनकराज ने कहा, ह्लयह सफल अभ्यास टिकाऊ और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने के लिए पार्टियों के सामूहिक संकल्प का एक प्रमाण है, जिससे मानदंडों को आगे बढ़ाया जा सके और नए उद्योग मानक स्थापित किए जा सकें। निर्माण वित्तपोषण पूंजी प्रबंधन योजना का एक मुख्य तत्व है, जो हमें स्थिरता और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से निहित डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

# गैरी कर्स्टन सफेद बॉल के और गिलेस्पी पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार (28 अप्रैल) को गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को अलग अलग फॉर्मेट्स के लिए पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की. कर्स्टन को पाकिस्तान की सीमित ओवरों का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है जबकि गिलेस्पी टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे.

न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज के लिए अंतरिम मुख्य कोच के रूप में काम करने वाले अजहर महमूद सभी फॉर्मेट में सहायक कोच होंगे. पीसीबी प्रमुख मोहसिन खान ने उम्मीद जताई कि दोनों पूर्व क्रिकेटर पाकिस्तान क्रिकेट की बेहतरी के लिए काम करेंगे.

मोहसिन ने कहा, जेसन के कोचिंग करियर को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सफलता मिली है, जिसमें खिलाड़ियों के विकास और टीम के प्रदर्शन में उत्कृष्टता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. गैरी के कोचिंग करियर को जीतने की मानसिकता पैदा करने, युवा प्रतिभा को विकसित करने और उनकी क्षमता से चिह्नित किया गया है. खेल के उच्चतम स्तर पर सफलता हासिल की, जिससे वह क्रिकेट में सबसे सम्मानित कोचों में से एक बन गए.

उन्होने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता हमारे खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा और हमारे उत्साही प्रशंसकों की अपेक्षाओं के अनुरूप नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मार्गदर्शन करेगी. ये उच्च गुणवत्ता वाली नियुक्तियां हमारे खिलाड़ियों को अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक उल्लेखनीय अवसर भी प्रदान करती हैं. इन अनुभवी पेशेवरों से, उनके कौशल को निखारने और उनके क्रिकेट कौशल को मजबूत करने के लिए.

कर्स्टन और गिलेस्पी दोनों ने अपने संबंधित पदों के लिए दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है. ग्रांट ब्रैडबर्न, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर में वनडे विश्व कप तक पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम किया था, ने इस साल जनवरी में अचानक पद छोड़ दिया, उनके बाद मिकी आर्थर (जो टीम निदेशक थे) और बल्लेबाजी कोच एंड्रयू पुटिक ने भी इस्तीफा दिया. इसके बाद पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया, यह कदम ऑस्ट्रेलिया के दौरे तक चला.

गिलेस्पी एक दशक से अधिक समय से कोचिंग क्षेत्र में हैं और उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियां काउंटी सर्किट में यॉर्कशायर और बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ हैं. एक क्रिकेटर के रूप में, पूर्व तेज गेंदबाज 1990 और 2000 के दशक की महान ऑस्ट्रेलियाई टीमों का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे.

कोच के रूप में कर्स्टन ने भारत को 2011 में वनडे विश्व कप खिताब दिलाया था. 2008-11 तक भारतीय टीम के साथ उनके कार्यकाल ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट में नंबर 1 रैंकिंग पर भी कब्जा करते हुए देखा था. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली और बैंगलोर फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने से पहले अपने मूल देश में भी कोचिंग की. वर्तमान में, वह आईपीएल में गुजरात टीम के साथ बल्लेबाजी कोच/मेंटोर के रूप में जुड़े हुए हैं.



## टेस्ट क्रिकेट गिलेस्पी की प्राथमिकता

गिलेस्पी के सामने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र होगा जिसमें बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज, उसके बाद दक्षिण अफ्रीका का दौरा होगा.
उन्होंने कहा, मैं मेरी क्षमताओं पर विश्वास करने और मुझे खेल के पारंपरिक फॉर्मेट में सबसे सम्मानित और प्रतिभाशाली क्रिकेट टीमों में से एक को कोच करने का सम्मान देने के लिए पीसीबी का आभारी हूं. पाकिस्तान क्रिकेट टीम का नेतृत्व करना किसी के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है. गिलेस्पी ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है और उस पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होना मुझे बहुत पसंद है. मुझे यह बात भी पसंद है कि पाकिस्तान में बहुत प्रतिभा है. मुझे यह सोचना अच्छा लगता है कि मैं खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और विकसित करने में किसी तरह से मदद कर सकता हूं. मैं टेस्ट जीतना चाहता हूं झ इसीलिए मैं यह भूमिका निभा रहा हूं. मुझे जीतना पसंद है और मुझे पता है कि हमारे पास ऐसा करने का कौशल है. उन्होंने कहा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेस्ट फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ है. मैं समझता हूं कि यह चक्र बहुत बड़ा काम साबित होने की संभावना है क्योंकि फाइनल में जगह बनाने के लिए हमें कम समय में बहुत सारे मैच जीतने होंगे. लेकिन उस फाइनल में पहुंचने और उसे जीतने की आकांक्षा हमारे लिए एक मध्यम से दीर्घकालिक लक्ष्य होना चाहिए. आखिरकार, यह उस क्रिकेट शैली को खेलने के बारे में है जिसे हम खेलना चाहते हैं, जो हमें मैच जीतने में मदद करती है, जनता को उत्साहित करती है और पाकिस्तान क्रिकेट से जुड़े सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती है.
पूर्व क्रिकेटर ने कहा, पाकिस्तान के अंदर हमारे पास कई उच्च गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज हैं और उनका उपयोग करने में सक्षम होना हमारी किसी भी सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा. लेकिन हमारे पास सभी विभागों में गुणवत्ता है झ गति, स्पिन, बल्लेबाजी और कीपिंग. हमारे पास सभी आधार हैं यह जानना रोमांचक है कि हमारे पास वह प्रतिभा है और मैं ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं. मैं समझता हूं कि अपेक्षाएं होंगी और यह भूमिका के साथ आती है. मैं बस इसे अपने स्तर पर ले सकता हूं और अगर मुझे नहीं लगता कि मैं इससे निपट सकता हूं तो मैं यह काम नहीं करता.

## पाक टीम के कोच बनाकर उत्साहित हैं गुरू गैरी

कर्स्टन ने नए पद के बारे में कहा, सफेद गेंद वाले क्रिकेट में पाकिस्तान की पुरुष राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देने और कुछ समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्षेत्र में फिर से शामिल होने की जिम्मेदारी सौंपी जाना एक बहुत बड़ा सम्मान है. मैं इस अवसर का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूं और पाकिस्तान की पुरुष राष्ट्रीय टीम में सकारात्मक योगदान देने का लक्ष्य रखता हूं.
उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य पाकिस्तान की पुरुषों की सफेद गेंद वाली टीम को एकजुट करना, एक सामान्य उद्देश्य के लिए उनकी प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और एक साथ मैदान पर सफलता हासिल करना है. पाकिस्तान क्रिकेट पर मेरा दृष्टिकोण समय के साथ निरंतर बना हुआ है. टीम से हमेशा उच्च स्तर पर लगातार प्रदर्शन करने की अंतर्निहित अपेक्षा होती है. हालांकि, टीम के खेल में, शीर्ष प्रदर्शन बनाए रखने की हमेशा गारंटी नहीं होती है. एक कोच के रूप में, यह बेहद संतुष्टिदायक है. खिलाड़ियों को उनकी पूरी क्षमता को उजागर करने में सहायता करना, मैं व्यक्तिगत खिलाड़ियों और टीम के साथ सहयोग करने, उनकी वृद्धि और विकास को सुविधाजनक बनाने की उत्सुकता से आशा करता हूं.
गैरी ने कहा, विश्व स्तर पर क्रिकेट प्रेमियों के लिए, पाकिस्तान के खिलाड़ी एक परिचित दृश्य हैं, जो विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं. उन्हें खेल खेलते हुए देखना वास्तव में खुशी की बात है. टीम की वर्तमान स्थिति को समझना और हमारे वांछित लक्ष्यों की दिशा में एक रास्ता तैयार करना सर्वोपरि है. चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ आईसीसी इवेंट जीतना एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है. चाहे वह जून में आगामी टूनार्मेंट हो या भविष्य में होने वाले कार्यक्रम, इन प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि हो.
उन्होंने आगे कहा, मेरा प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि टीम अपने उच्चतम स्तर पर काम करे. मैदान पर सफलता टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर निर्भर है. निरंतरता ऐसा मूल्य हैं जिन्हें मैं अहम मानता हूं. जबकि खिलाड़ी के फॉर्म में उतार-चढ़ाव आते रहते है, एक स्थिर वातावरण बनाए रखना है महत्वपूर्ण. जब भी संभव हो मैं चयन में निरंतरता को प्राथमिकता देते हुए, खिलाड़ियों को उनके उतार-चढ़ाव में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हूं. इस साल जून में टी20 विश्व कप पर तत्काल ध्यान देने के साथ मौजूदा आईपीएल सीजन समाप्त होने के बाद कर्स्टन सफेद गेंद के कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे. पाकिस्तान को अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की भी मेजबानी करनी है, जबकि 2027 में अगले एकदिवसीय विश्व कप का रोडमैप भी पाइपलाइन में है.

# चोटिल इशांत और वॉर्नर एक और हफ्ते के लिए रहेंगे बाहर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा प्लेइंग इलेवन से बाहर रहेंगे, वह चोट से अभी उबर नहीं पाये है और उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे कहा, मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं। उनका एमआरआई कराया गया था जिसमें उनकी चोट के बारे में पता चला है कि उन्हें दो से तीन सप्ताह आराम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम जब दिल्ली वापस आएंगे तो वे सिलेक्शन के लिए तैयार होंगे।

पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी अच्छा महसूस नहीं कर रहे थे। इसके बाद हमने फैसला लिया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ जाएंगे।

# लखनऊ को हरा कर राजस्थान प्ले आफ के करीब

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में राजस्थान रायल्स के खिलाफ सुस्त क्षेत्ररक्षण और कैच टपकाने का खामियाजा हार के साथ चुकाना पड़ा जब संजू सैमसन (71 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (52) के बीच शतकीय भागीदारी की बदौलत राजस्थान ने नवाबों को उनके घर में पीट कर प्लेआफ के लिये अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर राजस्थान रायल्स (आरआर) ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की। मौजूदा सत्र में अब तक खेले गये नौ मुकाबलों में उसकी यह आठवीं जीत थी जबकि लखनऊ को उसने दूसरी बार पटखनी दी है वहीं इस हार के साथ लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदों को हल्का झटका लगा है। कप्तान केएल राहुल (76) और दीपक हुड्डा (50) के बीच 115 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस शतकीय भागीदारी पर सैमसन और जुरेल की शतकीय भागीदारी ने पानी फेरते हुये जीत का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते ही प्राप्त कर लिया।



राजस्थान अच्छी शुरूआत के बाद लगातार दो विकेट गंवा कर कुछ देर के लिये संकट में दिखने लगी थी जब जॉस बटलर (34) और यशस्वी जायसवाल (24) के विकेट छठवें और सातवें ओवर के बीच लगातार दो गेंदो पर लखनऊ ने झटक लिये थे वहीं अनुभवी अमित मिश्रा ने इन फार्म बल्लेबाज रियान पराग (14) का विकेट लेकर लखनऊ को मुकाबले में बराबरी पर खड़ा कर दिया था।

इसके बाद सैमसन ने जुरेल के साथ मिलकर बेखौफ अंदाज से लखनऊ के गेंदबाजों का सामना किया। इस बीच जुरेल को लखनऊ के क्षेत्ररक्षकों ने दो जीवनदान दिये जो उन्हे बहुत महंगे पड़े। इस बीच देखते ही देखते लखनऊ के हाथों से मैच निकलता गया जो अंततः हार में तब्दील हो गया। हार के बावजूद लखनऊ की प्लेआफ की उम्मीदें अभी बरकरार है। उसे अगले दो मुकाबले अपने घरेलू मैदान पर खेलने हैं।

इससे पहले टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरूआत निराशाजनक हुयी जब उनके सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (8) और मार्कस स्टॉयनिस (0) पहले दो ओवर के खेल में ही सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। इस नाजुक मोड़ पर केएल राहुल को दीपक हुड्डा का साथ मिला और दोनो ने अगले दस ओवरों में 11 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बटोर कर टीम को सम्मानजनक स्थिति में खड़ा कर लिया।

खतरनाक रुप अख्तियार कर रही इस साझीदारी को अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा जब उन्होने लांग आन पर खड़े पावल के हाथों हुड्डा की पारी का अंत कराया। एलएसजी के लिये अब तक संकटमोचन की भूमिका निभा रहे निकोलस पूरन (11) का बल्ला आज नहीं चला। वह संदीप शर्मा का दूसरा शिकार बने।

# आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी।** पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी।

ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है।

वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गये आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।

जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आक्रामकता से रन जुटाना उनका कौशल दिखाता है।



मैकगुर्क ने मुंबई इंडियंस के इस तेज गेंदबाज की पहली ही गेंद को छक्के के लिये भेजकर अपनी मानसिक मजबूती की झलक दिखायी जिससे बुमराह ने अपने पहले ही ओवर में 18 रन लुटा दिये। इस सत्र में बुमराह का यह पहला ओवर रहा जिसमें उन्होंने इतने रन गंवाये हों। इससे दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को मुंबई इंडियंस को 10 रन से पराजित किया।

मैकगुर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंद में 84 रन बना डाले और वह ईडन गार्डंस पर बल्लेबाजों के मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे जिस पर पंजाब किंग्स और केकेआर ने मिलकर 523 रन बनाये थे जिसमें रिकॉर्ड 42 छक्के लगे थे। पंजाब किंग्स ने 262 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा किया था।

लेकिन दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ मैकगुर्क तक ही सीमित नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अपनी 'पावर हिटिंग' से सभी को हैरान किया जब उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े।

वहीं कप्तान पंत प्रत्येक मैच के साथ तेजी से प्रगति कर रहे हैं जिससे दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष पांच बल्लेबाज मैकगुर्क, अभिषेक पोरेल, शाई होप, पंत और स्टब्स केकेआर की गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय हो सकते हैं।

केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाये।

स्पिनर सुनील नारायण को छोड़कर केकेआर का कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर सका।

केकेआर को सबसे बड़ी निराशा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क से मिल रही है और टीम उम्मीद करेगी यह आस्ट्रेलियाई जल्द ही अंगूठे की चोट से उबरकर लय में आ जाये।

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी में कुलदीप यादव कोलकाता की टीम को अपनी काबिलियत दिखाना चाहेंगे क्योंकि तब वह केकेआर में थे तो दिनेश कार्तिक की अगुआई में उन्हें मौका नहीं दिया गया था। कुलदीप और बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल मजबूत स्पिन जोड़ी है।

हालांकि घरेलू टीम के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाये हैं।

नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाये हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

इस मैच के बाद केकेआर को मुंबई और लखनऊ की टीम से भिड़ना है तो वह इन मुश्किल मुकाबलों से पहले एक जीत दर्ज कर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में रखना चाहेगी।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, यश ढुल, शाई होप, पृथ्वी साव, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र, स्वास्तिक चिकारा, इशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, रसिख दार सलाम, विक्की ओस्टवाल, एनरिच नोर्किया, मुकेश कुमार, कुलदीप यादव, प्रवीण दुबे, खलील अहमद, सुमित कुमार, अक्षर पटेल, गुलबदीन नैब, ललित यादव, जेक फ्रेसर-मैकगुर्क।

## एक नजर

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

### कोच लांस क्लूसनर ने कहा- इस आईपीएल में गेंदबाजों की तुलना में बल्लेबाजों ने तेजी से प्रगति की

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना ले रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है। क्लूसनर ने शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को राजस्थान रॉयल्स से मिली सात विकेट की हार के बाद कहा, पूरे टूनार्मेंट में गेंदबाजी प्रदर्शन को देखो तो मुझे लगता है कि यह बहुत निराशाजनक रहा है। टूनार्मेंट में अच्छी गेंदबाजी नहीं हुई। उन्होंने कहा, काफी साधारण गेंदबाजी हुई है और इन दिनों बल्लेबाज इतना अच्छा कर रहे हैं, वे मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। शायद इस टूनार्मेंट में गेंदबाजों की तुलना में बल्लेबाज काफी तेजी से सुधार कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि पिच सपाट हो रही हैं। मैंने काफी स्विंग भी नहीं देखी।

### जडेजा ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा काम किया है : माइकल हसी

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने चौथे नंबर के बल्लेबाज के रूप में रविंद्र जड़ेजा की नई भूमिका का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास परिस्थिति के अनुसार खेलने की पूरी क्षमता है। दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के साथ फिनिशर की भूमिका निभाने के लिए मशहूर जडेजा इस सत्र में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे है जहां उन्हें मिली-जुली सफलता मिली है। हसी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ह्वह्यवह एक अलग भूमिका निभा रहे हैं (नंबर चार पर बल्लेबाजी कर रहे हैं)। वह पिछले कुछ वर्षों में बहुत निचले क्रम पर खेल रहे थे। उन्होंने स्थिति के अनुरूप ढलने और उसके अनुसार खेलने में अब तक अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, वह अच्छी मानसिक स्थिति में हैं, नेट में गेंद को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं और कोई चिंता की बात नहीं है। उन्होंने लखनऊ में एक तेज पारी खेली और उनकी ताकत गेंद को गैप में खेल कर रन बटोरने की है। वह सही गेंदबाज को चयन कर बड़े शॉट लगाने में सक्षम है।

### बिश्नोई को लाने में देर कर दी, हमें 20 रन और बनाने चाहिए थे : राहुल

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जॉयंट्स के कप्तान केएल राहुल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार को लेकर कहा कि हमें कम से कम 20 रन और बनाने चाहिए थे तथा हमने रवि बिश्नोई को लाने में देरी कर दी।

मैच के बाद राहुल ने कहा, हमने 20 रन कम बनाए। हमें एक अच्छी शुरूआत नहीं मिली थी लेकिन हूडा और मेरी साझेदारी ने टीम को दोबारा पटरी पर लाने का काम किया था।

राहुल ने कहा, जब हम सेट थे तो वही समय था कि यदि हूडा ने 20 और रन बना दिए होते या फिर मैंने ही 20 और रन बना दिए होते तो शायद हम 220 पर पारी समाप्त करते। हम देख रहे हैं कि जिस तरह के मैच हो रहे हैं उसमें बल्लेबाजों को गेंदबाजों के लिए अतिरिक्त करने की जरूरत है। अंतिम ओवरों में राजस्थान रॉयल्स ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हमें 20-25 रन और बनाने के लिए जोर लगाना चाहिए था। राहुल ने बिश्नोई को इतनी देर में लाने पर कहा, मिश्रा एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और हम पहले मैच से ही उन्हें इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे हैं। आज वो दिन था जब हमें लगा कि बीच के ओवरों में वह प्रभावशाली हो सकते हैं क्योंकि बाउंड्री बड़ी है और वह धीमी गेंद डालते हैं। हम बिश्नोई को अंत में इस्तेमाल करने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि, जब एक बार रन बनने लगे तो उन्होंने विकेट गंवाने के बाद भी हमारे गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। उन्होंने, तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने गति का अच्छा इस्तेमाल किया और मुझे बिश्नोई को लाने का सही समय ही नहीं मिला। मुझे लगता है कि जब मैं उन्हें लाया तो काफी देर हो चुकी थी। प्लान था कि उन्हें अंत के लिए रोकना है और यदि पॉवेल या हेटमायर आएं तो उनके खिलाफ उनका इस्तेमाल किया जाए।

### ग्रीम स्मिथ ने कहा, संजू सैमसन-केएल राहुल ने टी20 विश्व कप के लिए मजबूत किया अपना दावा


**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और केएल राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किये हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

स्मिथ ने 'जियोसिनेमा' से कहा, उन्हें (राहुल और सैमसन) साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे (दीपक) हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गये। यह देखना हालांकि शानदार था कि दोनों उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने विश्व कप चयन के लिए अपना दावा मजबूत किया।

राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 48 गेंदों में 76 रन बनाए, लेकिन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान सैमसन ने 33 गेंदों में नाबाद 71 रन बनाकर उस प्रयास को विफल कर दिया। राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से जीत हासिल की। चर्चा में मौजूद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने चौथे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी के दौरान 34 गेंदों पर नाबाद 52 रन की शानदार पारी खेलकर सैमसन का साथ देने के वाले जुरेल की सराहना की। ली ने कहा, वह एक शानदार बल्लेबाज है। उसके पास उचित क्रिकेट शॉट्स हैं। वह खेल के सभी प्रारूप खेल सकता है और जानता है कि जरूरत के मुताबिक खेल में कब बदलाव करना है। उन्होंने कहा, ह्यह्य वह बेहतरीन शॉट खेलता है और अपने कौशल से वह लगातार प्रभावित कर रहा है।



संक्रामक रोगों को आम तौर पर लोग संजीदगी से नहीं लेते। भारत में ज्यादातर लोग मुंहासों के इलाज के लिए या तो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं या उन्हें पूरी तरह से अनदेखा कर देते हैं। बहुत कम लोग होते हैं जो डॉक्टर के पास जा कर इलाज कराते हैं। ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि मुंहासे पैदा करने वाला बैक्टीरिया एमआरएसए जानलेवा भी हो सकता है।



# जानलेवा बैक्टीरिया एमआरएसए

**मुंहासे** पैदा करने वाला मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए एक ऐसा बैक्टीरिया है. जो आम तौर पर त्वचा पर आक्रमण करता है। अमेरिका में ज्यादातर त्वचा के रोग इसी विषाणु के कारण होते हैं। मुंहासों तक तो इन पर काबू कर लिया जाता है, लेकिन अगर यह किसी चोट द्वारा खून के अंदर पहुंच जाएं, तो यह शरीर को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। खास तौर से ऑपरेशन के दौरान अगर ध्यान न दिया जाए तो यह पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैला सकता है।

## एंटी बायोटिक का असर नहीं

एमआरएसए को सबसे पहली बार 1961 में खोजा गया था। इससे छुटकारा पाने के लिए एंटी बायोटिक का इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन इतने वर्षों में इन विषाणुओं ने खुद को इन दवाइयों के हिसाब से ढाल लिया है। मेथिसिलिन, अमोक्सिससिलिन, मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए पेनिसिलिन, ओक्ससिलिन जैसे ज्यादातर एंटी बायोटिक अब इन पर काम करने में विफल रहते हैं। वैज्ञानिक अब नए एंटी बायोटिक बनाने में लगे हैं।

## यूरोप में लाखों बीमार

यूरोप में हर साल चालीस लाख से अधिक लोग अस्पतालों में इन्हीं एमआरएसए विषाणुओं का शिकार होते हैं। इनमें से 35,000 जर्मनी में हैं। एक अध्ययन के अनुसार यूरोप में हर साल 37,000 लोग इसलिए अपनी जान गंवा बैठते हैं, क्योंकि वे अस्पताल में आकर बीमार पड़ते हैं और समय रहते उनका सही इलाज नहीं हो पाता। यूरोपीय संघ कोशिश कर रहा है कि अस्पतालों में साफ-सफाई के मापदंड अब और भी सख्त कर दिए जाएं।

## मरीज की पहचान जरूरी

जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन चाहता है कि जर्मनी के हर अस्पताल में मरीज को भर्ती करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच कर ली जाए कि कहीं वह अपने साथ इस कीटाणु को तो नहीं लाया है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि मरीज की पहचान कर ली जाए और उसे बाकी मरीजों से अलग रखा जाए। जर्मनी, फ्रांस और पोलैंड में 25 प्रतिशत मरीजों में यह कीटाणु पाया गया। स्पेन और तुर्की जैसे अन्य दक्षिण यूरोपीय देशों में हालात और भी खराब हैं। वहां 50 प्रतिशत मरीज इस विषाणु से संक्रमित हैं।


## एमआरएसए का बढ़ता खतरा

पिछले वर्षों में एमआरएसए के केस इतनी तेजी से बढ़े हैं कि अब इसे कामकाज संबंधी बीमारी के रूप में देखा जा रहा है। जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन के अनुसार जर्मनी में 80 प्रतिशत अस्पतालों में एमआरएसए का खतरा है। इन अस्पतालों से कड़े रूप से यह कहा जा रहा है कि जो लोग साल में एक से ज्यादा बार अस्पताल में भर्ती हो रहे हों, उनकी पूरी जांच की जाए।



## क्या आप जानते हैं?

**क्या है डीप वैन थ्रोमयोसिस यानी 'डी वी टी'? लम्बी दूरी की थकाऊ उड़ान की कीमत अकसर पैरों और हमारी जंघाओं को चुकानी पड़ती है।**



### लक्षण

लम्बी दूरी उड़ान के दौरान काल्फ जैसी डीप वैन्स (निचली शिराओं में ) खून का थक्का बनने लगता है। साथ में बेहद का दर्द और इन्फ्लेमेशन होने लगता है। बस यही है 'डीप वैन थ्रोम -योसिस' के लक्षण।

### समाधान

डी वी टी का समाधान भी सीधा सरल है। हर एक घंटे के बाद प्लेन में एक सिरे से दूसरे तक टहलिए । पैर लटकाकर बैठे मत रहिए। खूब पानी पीजिए (हाई -डरै -टिड रखिये शरीर को ) हो सके तो किसी भी प्रकार पैरों को एलीवेटिड रखिए । वैसे आप को बता दें कि आजकल फ्लाइट के दौरान पहने जाने वाले विशेष मौजे (सॉक्स)भी उपलब्ध हैं ।

यह फ्लाईट सॉक्स खास तौर पर डिजाइन किए गए कम्प्रेशन होजरी से तैयार किये जाते हैं। ये रक्त प्रवाह को पैरों की और मोड़ कर दिल तक ले जाते हैं। यह पैरों पर इस तरह से दबाव (प्रेशर) डालते हैं, जिससे दर्द घुटनों से पैरों के टखनों (एंकल) की ओर मुड़ जाता है।



हाउस वाइफ रीता आजकल बहुत चिंतित रहने लगी है। दरअसल महीने मे यह तीसरी बार है की वह अपने 6 वर्षीय बेटे रिंकू को स्थानीय अस्पताल मे दिखाने लाई है। रिंकू को बार बार दस्त हो रहे है। मात्र 4 दिन पहले ही रिंकू को इसी अस्पताल से छुट्टी मिली थी, तब उसे उल्टी दस्त की वजह से 2 दिन के लिए अस्पताल मे भर्ती किया गया था।

# घर के बर्तन भी फैलाते हैं रोग

बाल रोग विशेषज्ञ ने रीता को बताया की रिंकू की बीमारी खाने से उत्पन्न बैक्टीरिया की वजह से हुई है। इसलिए उसे रिंकू की खानपान की आदतों के प्रति खास तौर पर चौकन्ना रहना होगा। डॉक्टर ने रीता को यह भी बताया कि अपने बच्चे को खाना देते वक्त उसे क्या करना है और क्या नहीं।

डॉक्टर द्वारा दी गई सूची को पूरा पढ़ने के बाद लगा जैसे रीता रो पड़ेगी, क्योंकि इस सूची में ऐसा कोई काम नहीं था जो उसने न किया हो। एक शिक्षित व समझदार मां के तौर पर रीता ने बहुत अच्छी तरह अपने बच्चे की सेहत व भलाई के हरसंभव कदम उठाया था।

रीता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि रिंकू वहीं पानी पीए जो छना व उबला हुआ हो। उसने अपने बच्चे को हमेशा ताजा बना हुआ भोजना दिया। वास्तव में रीता के पति व उसकी सहेलियां उसका यह कह कर मजाक भी उड़ाते थे कि अपने बेटे के मामले में वह कुछ ज्यादा ही हाइजीनिक है। रीता ने बहुत सोचा, लेकिन फिर भी वह उस कारण को नहीं ढूंढ़ पाई, जिस वजह से उसके बेटे को बार बार संक्रमण हो रहा था।

## उदाहरण मात्र है

रीता तो मात्र एक ही उदाहरण है। हमारे देश मे ऐसी हजारों माताएं हैं जो उस कारण को खोज रही हैं, जिसकी वजह से उनके बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य बार बार बीमार पड़ते हैं। किंतु लगातार प्रयासों के बावजूद भी वे इन संक्रामक बीमारियों को अपने घर से दूर नहीं रख पा रही हैं।

## वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार

जब हम भोजन की साफ-सफाई के बारे में बात करते हैं तो बर्तनों का जिक्र शायद ही कभी आता हो। वास्तव में बर्तन भोजन संबंधी स्वच्छता का सबसे अहम हिस्सा हैं, क्योंकि बर्तनों में ही खाना पकाया, परोसा और ले जाया जाता है। जिन बर्तनों को ठीक से धोया नहीं जाता, उनमें ऐसे जीवाणु पनप जाते हैं, जो रोगकारक होते हैं और ऐसे बर्तनों से बीमारी फैल सकती है।''

## तो क्या है इसका हल?

सर्वश्रेष्ठ तरीका तो यही है कि बर्तनों को रोगाणुओं से मुक्त किया जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सलाह दी जाती है कि बर्तनों को धोने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री में जीवाणुनाशक एजेंट होना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि बर्तन धोने के लिए जो रासायनिक एजेंट इस्तेमाल किए जाएं वे सुरक्षित हों और उनसे किसी किस्म का नुकसान न हो। साइक्लोजैन ऐसा रोगाणुरोधी एजेंट हैं, जो इस उद्देश्य को पूरा करते हैं।

## उद्देश्य को पूरा करते हैं साइक्लोजैन

साइक्लोजैन मानव इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हैं और ये बर्तनों से 85 प्रतिशत बैक्टीरिया को साफ करने में सक्षम हैं। ये रसायन बैक्टीरिया को धो डालते हैं और लगभग 8 घंटों तक उन्हें फिर से पनपने से भी रोकते हैं। इस वक्त भारतीय बाजारों में कई ब्रांड नामों से 'डिश वॉश' फॉर्मूला उपलब्ध हैं, जिसमें साइक्लोजैन मौजूद हैं।

## अनदेखा कर देते हैं अहम पहलू

- साफ-सफाई के सभी मानकों का पालन करने पर भी हम में से अधिकतर लोग भोजन दूषित होने के सबसे अहम् पहलू को अनदेखा कर देते हैं- वे बर्तन जिनमें हम खाना पकाते, रखते और खाते हैं।
- आम तौर पर प्लेटें और टिफिन को सिर्फ पानी से धो लिया जाता है। हम सभी जानते हैं कि नल से आने वाला पानी रोग फैलाने वाले जीवाणुओं को लिए होता है।
- भले ही आप दो-तीन बार पानी को छानें या उबालें या फिर गर्मागर्म खाना बना कर परोसें; लेकिन आपकी इन कोशिशों पर पानी फिर जाएगा, अगर यह खाना-पानी ऐसे बर्तनों में परोसा जाए, जिन्हें रोगाणुओं से मुक्त नही किया गया है।
- गिलास, कटोरी, थाली, टिफिन आदि में मौजूद बैक्टीरिया भोजन व पानी में बड़ी तेजी से मिल जाते हैं। एक बार भोजन या पानी दूषित हो गए तो फिर वे हमेशा के लिए दूषित ही रहेंगे।





## दुश्मनों का खात्मा करने महायोद्धा बनकर लौट रहे अभिनेता तेजा सज्जा

दक्षिण भारतीय अभिनेता तेजा सज्जा हनु-मान की सफलता के बाद एक बार फिर से महानायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता की आगामी फिल्म की पहली झलक निर्माताओं ने साझा की है। इसमें अभिनेता एक महानायक की भूमिका में दिख रहे हैं। इसकी पहली झलक देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म इतिहास से जुड़ी हुई है। दर्शकों को फिल्म में भरपूर एक्शन भी देखने को मिलेगा। बता दें कि इसी के साथ फिल्म के रिलीज तारीख की भी घोषणा कर दी गई है।

### तेजा सज्जा बनेंगे महायोद्धा

फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'प्राचीन कथाओं के गुप्त रहस्यों से एक महायोद्धा की रोमांचकारी और साहसिक गाथा' इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि फिल्म में भूतकाल से जुड़ी कहानी को प्रदर्शित किया गया है।

### फिल्म का शीर्षक आया सामने

इसी के साथ फिल्म का शीर्षक भी सामने आ चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का शीर्षक 'मिराय' रखा है। तेजा सज्जा फिल्म की पहली झलक में एक लाठी के साथ नजर आते हैं। वह एक ज्वालामुखी पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता काफी भयंकर दिख रहे हैं। उनके पीछे हम एक ग्रहण को देख सकते हैं। फिल्म की पहली झलक देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि यह फिल्म काफी रोमांचकारी और एक्शन से भरपूर होगी।

### सम्राट अशोक से है संबंध!

फिल्म की पहली झलक में एक साधु के द्वारा बार-बार सम्राट अशोक और कलिंग का नाम लिया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म सम्राट अशोक और उनके रहस्यों से जुड़ी हुई हो सकती है। बता दें कि फिल्म हिंदी समेत आठ भाषाओं में रिलीज की जाएगी। जिसमें तमिल, तेलुगु, कन्नण, मलयालम, बंगाली, मराठी और चाइनीज भाषा शामिल है। फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है

अपने करियर में हर तरह के महिला किरदारों में रंग भर चुकी विद्या बालन को अभिनय का पावर हाउस कहा जाता है। मगर इस बार वे चर्चा में हैं अपनी रोमांटिक-कॉमिडी फिल्म दो और दो प्यार से, जो शादी, प्यार और विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। इस खास मुलाकात में विद्या अपनी फिल्म, रोमांस, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, शादी, पति सिद्धार्थ रॉय कपूर, नायिका प्रधान फिल्मों, महिला मुद्दों और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर बातें करती हैं।

**आपकी फिल्म दो और दो प्यार विवाहेतर संबंधों पर आधारित है। आप शादी में चीटिंग या इन्फिडेलिटी को कैसे देखती हैं?**

मुझे आप निजी तौर पर पूछें, तो ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पर यदि ये स्थिति किसी और के साथ है, तो मैं समझ सकती हूं, जजमेंटल नहीं होती। कई बार शादी में आपको लगता है कि आपके पार्टनर आप पर ध्यान नहीं दे रहे या कई बार ऐसा भी होता है कि आप उनको दिखाई नहीं देते, रोजमर्रा की जिंदगी में इतने उलझ जाते हैं कि एक-दूसरे को भूल जाते हैं, तो ऐसे में शादी से बहार रिश्तों में पड़ने की संभावना बन जाती है।

**आपको नायिका प्रधान फिल्मों की झंडाबरदार कहा जाता है। हाल ही में यामी गौतम की आर्टिकल 370 और करीना, तब्बू, कृति की क्रू जैसी हीरोइन ओरिएंटेड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस किया।**

जब मुझे इस तरह का श्रेय दिया जाता है, तो बहुत खुशी होती है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मैं सही समय पर सही जगह पर थी, क्योंकि बदलाव सिर्फ मैं अकेली नहीं ला सकती थी। ये दौर शुरू हो रहा था और मैं उस समय सही जगह पर थी। हां, चुनौतियां थीं, बजट की, हीरो मिलने की। अभी भी कहानी जैसी फिल्म लेकर हम किसी हीरो के पास जाते, तो वो नहीं करते। मगर खुशी है कि पहले तो क्रू जैसी फिल्म बनी और इतनी चली है। इस हलकी-फुलकी कॉमिक मूवी को लोगों ने पसंद किया, क्योंकि इंटेंस फिल्मों से लोग थक गए हैं। फिल्मों के मामले में हीरोइनों के लिए दायरा बढ़ रहा है।

**आप अपनी नई फिल्म दो और दो प्यार में कॉमिडी और रोमांस के अलग रंग में नजर आ रही हैं?**

ये रोल करके मेरे अंदर की लड़की बहुत खुश हुई है। सच कहूं, तो ये रोमांस, कॉमिडी और लड़कीपन मेरे अंदर है और मुझे इस रोल को करने में बहुत मजा आया, क्योंकि इसमें कम से कम मुझे तैयार होने का मौका तो मिला। ये सच है कि ये एक अर्बन कहानी है और रोल भी लाइट है, तो लुक कैजुअल ही है। मुझे इतना भी तैयार होने मिला, तो मैं बहुत खुश हूं। इसलिए भी कि मैं बहुत रोमांटिक हूं असल जिंदगी में, तो मुझे रोमांस, गाने फूल, पत्ते, बारिश सब बहुत अच्छा लगता है। मैं निजी जिंदगी में जैसी हूं, उसे मुझे दोहराने का मौका मिला। ये स्क्रिप्ट बहुत खूबसूरती से लिखी गई है। ये काफी रियल है, हालांकि रोमांटिक कॉमिडी है और इसमें हलके-फुलके ढंग से एक बहुत बड़ी बात कही गई है।


**यों तो आप सर्वगुण संपन्न अदाकारा हैं, मगर इन दिनों आपका काफी वेट लॉस देखने मिला है, कोई खास कारण?**

नहीं,नहीं। कोई खास कारण नहीं। असल में मेरा एक हेल्थ इश्यू सॉर्ट आउट हो रहा है, जो काफी सालों से था। वो हेल्थ इश्यू सुलझने की वजह से मेरा वजन खुद-ब-खुद कम हो रहा है। मैंने इसके लिए कोई खास प्रयास नहीं किया है।



## खतरों से खेलेंगे समर्थ जुरेल!

### गश्मीर महाजनी भी होंगे हिस्सा?



'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के दो और प्रतिभागियों का नाम सामने आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि समर्थ जुरेल और गश्मीर महाजनी इस शो का हिस्सा बनेंगे। समर्थ जुरेल ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हैं। ईशा मालवीय से अपने ब्रेकअप की अफवाहों के बीच समर्थ जुरेल खतरों से खेलने के लिए तैयार हैं। 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 14' के प्रसारित होने का समय जहां धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है, वहीं, इसके प्रतिभागियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब रोहित शेट्टी के इस शो को लेकर दो और नाम सामने आए हैं। जिसमें एक नाम समर्थ जुरेल का है और दूसरे प्रतिभागी हैं गश्मीर महाजनी। गश्मीर 'तेरे इश्क में घायल' के बाद अब इस टीवी शो में नजर आएंगे। बता दें कि दावा किया जा रहा है शो के सभी प्रतिभागी मई तक बुल्गारिया में शूट के लिए निकल देंगे।

### एक्स गर्लफ्रेंड के एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा सामना

समर्थ जुरेल की ईशा मालवीय से ब्रेकअप की अफवाहें अपने चरम पर हैं। कहा जा रहा है कि 'खतरों के खिलाड़ी' शो में उनका सामना उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड ईशा मालवीय के कथित एक्स ब्वॉयफ्रेंड से होगा। हालांकि, अभी तक दोनों अभिनेताओं की ओर से इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### ये लोग भी आएंगे नजर

'खतरों के खिलाड़ी' का पिछला सीजन साउथ अफ्रीका में शूट हुआ था। अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बार इसकी शूटिंग बुल्गारिया में होगी। बता दें की खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन में मुनव्वर फारूकी, सनाया ईरानी, मन्नारा चोपड़ा, गश्मीर महाजनी, अंकिता लोखंडे, शोएब इब्राहिम और हेली शाह नजर आ सकते हैं।

## मानुषी ने जाहिर की वांगा के साथ काम करने की इच्छा



एक्टर मानुषी छिल्लर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रही हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी सफर पर बात की। मानुषी ने बताया कि डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म 'कबीर सिंह' में कियारा आडवाणी वाला रोल ऑफर किया था। मानुषी ने यह भी कहा कि वो वांगा के साथ काम करना चाहती हैं। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा कि वो संदीप रेड्डी वांगा के काम को पसंद करती हैं। खास तौर पर संदीप जिस तरह अपनी फिल्मों में वुमन कैरेक्टर्स को पोट्रे करते हैं वो मानुषी को बहुत पसंद है। मानुषी ने फिल्म 'एनिमल' में निभाए रश्मिका मंदाना के किरदार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'एक पूरी फिल्म जहां कई सारे आदमी एक दूसरे से लड़ रहे हैं। उसमें रश्मिका के कैरेक्टर ने अपनी स्पेस बनाकर रखी। उनके कैरेक्टर में कुछ अलग था और रश्मिका ने इसे बखूबी निभाया। वह एक ऐसा रोल है जिसे मैं करना पसंद करूंगी।'



## दीपिका पादुकोण के बाद अब प्रियंका चोपड़ा भी फैशन इवेंट में नहीं करेंगी शिरकत

दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला 2024 में इस साल प्रियंका चोपड़ा नजर नहीं आएंगी। उन्होंने खुद कंफर्म किया है कि वो इस बार इवेंट का हिस्सा नहीं होंगी। उन्होंने वजह का भी खुलासा कर दिया है और हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया के बारे में भी बोला है। मालूम हो कि इससे पहले दीपिका को लेकर खबर आई थी कि वो इस साल मेट गाला के रेड कारपेट पर अपना जलवा नहीं बिखेरेंगी। यानी इस बार मेट गाला में बॉलीवुड की दो हसीनाओं को फैंस मिस करने वाले हैं। डॉक्युमेंट्री मूवी टाइगर के प्रमोशन के वक्त प्रियंका चोपड़ा ने एक्सेस हॉलीवुड को बयान दिया कि वर्क कमिटमेंट्स के कारण वो इस साल मेट गाला का हिस्सा नहीं बन पाएंगी।




## अक्षय कुमार के साथ इस किरदार में दिखेंगे साउथ सुपरस्टार प्रभास

### कृति सेनन को भी मिला दमदार रोल

साउथ अभिनेता और फिल्म निर्माता मांचू विष्णु अपनी महत्वकांक्षी परियोजना कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। आज मांचू विष्णु ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार का फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए स्वागत किया। अक्षय कुमार इस फिल्म के जरिए अपना साउथ डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में अक्षय के शामिल होने की खबर खुद मांचू विष्णु ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं अब फिल्म में साउथ सुपरस्टार प्रभास के किरदार के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### शिव की भूमिका नहीं निभाएंगे प्रभास!

दरअसल, साउथ सुपरस्टार प्रभास मांचू विष्णु की कन्नप्पा में एक अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग चल रही है। फिल्म में कई मशहूर कलाकार प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ऐसी अटकलें हैं कि प्रभास फिल्म में भगवान शिव के रूप में नजर आएंगे, लेकिन टीम ने चुप्पी साध रखी है और उनकी भूमिका के बारे में कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं अब खबर आई है कि प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उम्मीद है कि वे जल्द ही सेट पर शामिल होंगे और एक ही शेड्यूल में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर लेंगे। चर्चा है कि प्रभास की टीम ने उनकी आगामी विज्ञान-फाई फिल्म कल्कि एडी 2898 में भगवान महा विष्णु के समान चरित्र के चित्रण को देखते हुए



कन्नप्पा टीम से अभिनेता के लिए एक अलग भूमिका निर्धारित करने का अनुरोध किया। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भगवान शिव की भूमिका अक्षय कुमार निभाएंगे। वहीं प्रभास फिल्म में अब नंदी का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही खबर है कि फिल्म में कृति सेनन को भी खास भूमिका मिली है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

## इटली के मिलान में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं सुहाना खान

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इटली में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सुहाना ने स्ट्रीमिंग फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर इटली में अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में, उन्हें इटली की गलियों में घूमते, स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते, मिलान की सुंदरता को देखते और नए फैशन आउटफिट आज़माते हुए देखा जा सकता है। उसने तस्वीरों को बस कैप्शन दिया, चाओ! सुहाना की दोस्त अनन्या पांडे ने पोस्ट पर जवाब दिया, तुमको शॉपिंग करते देख सकती हूं। इस बीच, काम के मोर्चे पर, सुहाना अगली बार द किंग के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं।



एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009